दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 52 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पता नहीं कुछ लोगों को उड़ता तीर लेने में क्या मजा आता है? सायकल वाले भैया ने संसद में बैठे ठाले आ बैल मुझे मार वाली कहावत को चरितार्थ कर डाली। अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसा कि खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बोलने वाली भाजपा अभी तक अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाई है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने चुटकी ली कि भाजपा कोई परिवारवादी पार्टी नहीं है जिसमें परिवार के सदस्य अपनी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लेते हैं और कुर्सी से चिपके रहते हैं। लाल टोपी वाले बेशर्मी से दांत निपोर कर रह गये।

वक्फ संशोधन विधेयक पर
अब राज्यसभा में अग्नि परीक्षा

लोकसभा में बिल पास, 288 सांसदों में पक्ष में पड़े 232 मत, वक्फ संशोधन विधेयक को पास कराने 119 सांसदों की जरूरत

■ राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष में गरमा-गरम बहस जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास करा लिया। सरकार को एनडीए के सभी घटक दलों का जबरदस्त समर्थन मिला और विधेयक के पक्ष में 288 सांसदों ने वोट किया। वहीं, इसके विपक्ष में 232 वोट पड़े। इसके साथ ही विधेयक के राज्यसभा में जाने का रास्ता साफ हो गया।

केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा में भी पेश कर दिया। हालांकि, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 की असल परीक्षा इसी सदन में मानी जा रही है। दरअसल, राज्यसभा में एनडीए का बहुमत जरूरी संख्या पर ही स्थिर है। ऐसे में गठबंधन के किसी भी दल के किसी भी सांसद का इधर-उधर होना विधेयक को पास कराने की राह में रोड़ा बन सकता है।

राज्यसभा में किस-किसका रुख साफ नहीं

एनडीए और विपक्ष में समर्थन के बीच कुछ दल ऐसे भी हैं, जिन्होंने अब तक विधेयक पर अपना रुख साफ नहीं किया है। इनमें तेलंगाना की पार्टी भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस)- 4 सीटें, बहुजन समाज पार्टी (बसपा)- 1 सीट और मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ)- 1 सीट शामिल हैं। दूसरी तरफ राज्यसभा में छह नामित सांसदों भी हैं, जो कि वोटिंग में हिस्सा लेंगे।

राज्यसभा में क्या है वक्फ विधेयक के समर्थन का गणित?: वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में एनडीए के बहुमत की वजह से पास हो गया। हालांकि, इसे चुनौती राज्यसभा में मिलने की संभावना है। राज्यसभा में कुल सांसद 245 हो सकते हैं। हालांकि, मौजूदा समय में सदन में 236 सांसद हैं। वहीं, 9 सीटें खाली हैं। राज्यसभा में कुल 12 सांसद नामित हो सकते हैं, लेकिन इनकी संख्या फिलहाल 6 है। इस लिहाज से राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक को पास कराने के लिए 119 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी।

राज्यसभा में भी आंकड़ों के लिहाज से एनडीए के पास पूर्ण बहुमत है। दरअसल, राज्यसभा में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और उसके पास कुल 98 सांसद हैं। इसके अलावा लोकसभा की तरह ही जदयू, तेदेपा, राकांपा व अन्य दलों की तरफ से एनडीए को समर्थन मिला हुआ है। राज्यसभा में जो अन्य दल एनडीए के साथ हैं, उनमें उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) का एक सांसद, पत्तली मक्कल काची, तमिल मनिला कांग्रेस (टीएमसी-एम), नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीपी) के एक-एक सांसद, रामदास आठवले की रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई-ए) का एक सांसद और दो निर्दलीय सांसद हैं।

जेपी नड्डा ने गिनाई वक्फ बिल की खूबियां

राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल 2025 पर चर्चा के दौरान सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा- हमारा प्रयास है कि वक्फ के काम पारदर्शिता आए। अपने संबोधन की शुरुआत में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- मुझे उम्मीद है कि सदन इस बिल का समर्थन करेगा। इस बिल का मूल उद्देश्य वक्फ की संपत्ति का रखरखाव करना है। इस बिल पर काफी चर्चा हुई है। मैं इस बिल को लेकर कहना चाहता हूं, इसके खिलाफ जो भ्रम फैलाया जा रहा है उसका विरोध करता हूं। इस बिल को लेकर 2013 बने जेपीसी में सिर्फ 13 सदस्य थे, अब इस बिल को लेकर बने जेपीसी में 31 सदस्य थे।

किए गए कई परिवर्तन

सहयोगी दलों की मांग को स्वीकार करने के साथ ही भाजपा ने सियासी संदेश देने के लिए अपनी ओर से भी विधेयक में कई परिवर्तन किए हैं। मसलन भाजपा युवा मोर्चा के प्रमुख तेजस्वी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मध्यान्ह भोजन में मिली मरी छिपकली 70 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

बलरामपुर/नवप्रदेश । सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में बड़ी लापरवाही सामने आई है। छिपकली गिरा मध्यान्ह भोजन खाकर प्राथमिक शाला के 70 बच्चों बीमार पड़ गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा है। मामला बलरामपुर जिले के विकासखंड कुसमी के गजाधरपुर-तुरीपानी स्थित प्राथमिक शाला स्कूल की है, जहां मध्यान्ह भोजन में छिपकली गिर गई, जिसे खाने से करीबन 70 बच्चे बीमार पड़ गए। आनन-फानन में बच्चों को कुसमी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद बच्चों की स्थिति सामान्य बताई गई है।

खंडवा में कुंए की सफाई करने उतरे आठ लोगों की मौत

खंडवा/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में गणगौर उत्सव के दौरान बड़ा हादसा सामने आया है। यहां गणगौर मैया के विसर्जन के लिए गांव के कुंए की सफाई करने उतरे आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी कुंए के आसपास जमा है। जानकारी के अनुसार हादसा जिले के छैगांव माखन तहसील में आने वाले कोंडावत गांव में हुआ है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन से पहले गांव के कुंए को साफ करने करीब पांच लोग उतरे थे, पर काफी देर तक जब वे वापस नहीं आए तो तीन लोग और उन्हें तलाशने कुंए में उतरे, पर वो भी नहीं लौट सके। बाद में लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर फिलहाल छैगांव माखन थाने की पुलिस टीम पहुंची। उन्होंने एंबुलेंस एवं क्रेन बुलवाई और लोगों की तलाश शुरू की गई। सात लोगों के शव निकाल लिए गए हैं, आठवें की तलाश के लिए काफी मशक्कत करना पड़ी। सवा आठ बजे आठवें शव को भी निकाल लिया गया।

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन एशियाई क्रिकेट परिषद की संभालेंगे कमान

इस्लामाबाद(ए.)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नकवी ने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा- मैं एशियाई क्रिकेट परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इसकी जानकारी देते हुए एसीसी ने कहा- उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब एशियाई क्रिकेट निरंतर विकसित हो रहा है और पूरे क्षेत्र में अधिक अवसर, नवाचार और सहयोग ला रहा है।

भारत थाईलैंड ने कायम की रणनीतिक साझीदारी

■ मानव तस्करी के खिलाफ मिल कर काम करेंगे

बैंकॉक (वार्ता)। भारत और थाईलैंड ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझीदारी का रूप देने के साथ सुरक्षा एजेंसियों के बीच रणनीतिक संवाद शुरू करने, मानव तस्करी और अवैध उत्प्रवासन के खिलाफ मिल कर काम करने की घोषणा की है तथा डिजीटल एवं उच्च प्रौद्योगिकियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, हथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जतायी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और थाईलैंड की प्रधानमंत्री पिंगलक शिन्नावात के बीच गुरुवार को यहां हुई द्विपक्षीय बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने आपसी सहयोग के छह समझौतों पर हस्ताक्षर एवं आदान करने के साथ ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डाक टिकट जारी करने के लिए थाई सरकार का आभारी हूं: पीएम मोदी

पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाई सरकार ने 18वीं सदी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित डाक टिकट जारी किए, जिसके लिए पीएम मोदी ने थाई सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरी यात्रा के दौरान डाक टिकट जारी करने के लिए मैं थाई सरकार का आभारी हूं।

रेरा ने धन के दुरुपयोग रोकने लिए अहम फैसले

बिल्डरों पर शिकंजा कसने 17 बैंकों के साथ की साझेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन को बढ़ाने के लिए नए नियम लागू किए हैं। रेरा चेयरमैन संजय शुक्ला ने कहा है कि रेरा द्वारा 17 बैंकों के साथ साझेदारी की गई है। उन्होंने बताया कि कई प्रमोटर एक ही प्रोजेक्ट के लिए अलग-अलग बैंक अकाउंट खोल रहे थे, जिससे अव्यवस्था फैल रही थी। रियल एस्टेट क्षेत्र में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए बैंकों के साथ मिलकर कुछ अहम फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि अब से जिस उद्देश्य के लिए पैसा जमा होगा, उसे उसी प्रोजेक्ट में इस्तेमाल किया जाएगा। रेरा इस पर नजर रखेगा कि प्रमोटर फंड डायवर्ट न कर सकें। इसके अलावा परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी रेरा के माध्यम से होगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रफ्तार का कहर, सिर धड़ से अलग, दो गंभीर

■ राजधानी में तेज रफ्तार ने फिर ली जान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में गुरुवार को एक तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर के टकरा गई जिसमें एक लड़की का सिर धड़ से अलग हो गया। वहीं इस हादसे में 2 नाबालिग लड़कियां गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। जहां तेज रफ्तार स्कूटी सवार लड़कियां डिवाइडर से जाकर टकरा गईं। तीनों लड़कियां अपने घर बोरियाखुर्द से कमल विहार घूमने निकली थीं। मृतक लड़की का नाम आलिया खान (18) पिता रमजान खान चौरसिया कॉलोनी की रहने वाली थीं। हादसा करीब 4 बजे के आसपास का है, जो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

आलिया चला रही थी स्कूटी : तीनों लड़कियां चौरसिया कॉलोनी टिकरापारा की रहने वाली हैं। इनमें से 18 साल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्री जगन्नाथ स्टील प्लांट में 50 फीट ऊंचाई से गिरा मजदूर, मौत

बालोद/नवप्रदेश। दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में स्थित श्री जगन्नाथ स्टील एंड पावर प्लांट में एक दर्दनाक हादसा हो गया।बीती रात काम करने के दौरान 50 फीट ऊंचाई से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। ऊंचाई से गिरने के बाद घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

हड़ताली मजदूरों पर मारपीट का आरोप : जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 42 वर्षीय श्रवण चौहान के रूप में हुई है, जो बिहार का रहने वाला था. घटना के बाद प्लांट में तनावपूर्ण माहौल बन गया. काम से निकाले गए हड़ताल पर बैठे मजदूरों पर आरोप है कि उन्होंने प्लांट में घुसकर दूसरे राज्यों से आए मजदूरों से मारपीट की. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सीआईएफ की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई।

थाना प्रभारी तुलसिह पट्टावी ने बताया कि मृतक मजदूर के शव को कब्जे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सर्वश्रेष्ठ मानव संपदा

योग आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने ली शपथ

स्वस्थ तन-मन के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करें : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। योग आत्मा, मन और शरीर को संतुलित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्वपटल पर स्थापित किया और आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन विधा को अपनाकर आरोग्य की प्राप्ति कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बात कही।

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामयी समारोह में अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने गुरुवार को शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने संतों का अभिवादन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम साय ने योग आयोग के नव-नियुक्त अध्यक्ष सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिन्हा को छत्तीसगढ़ को जोड़ने और स्वस्थ रखने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जनसेवा को समर्पित उनका सामाजिक जीवन और सांगठनिक दायित्वों के लंबे अनुभव का लाभ योग आयोग के साथ ही प्रदेशवासियों को भी मिलेगा। 2017 में स्थापित योग आयोग की अब तक की यात्रा शानदार रही है और सिन्हा के नेतृत्व में यह नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। सीएम साय ने कहा कि भारत में योग ऋषि-मुनियों की देन है और वे इस सुंदर परंपरा के संवाहक भी हैं। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है और इसका अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना, जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही योग रूपी इस चेतना का विश्वभर में विस्तार हुआ और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने को मान्यता दी। योग विश्वभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी से अपील करते हुए कहा कि हमें स्वस्थ तन-मन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा सदस्यों के हमले का आक्रमक जवाब जरुरी: सोनिया गांधी

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ़ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। गांधी ने कहा कि भारतीय जनता

पार्टी (भाजपा) के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों की मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए। गांधी ने गुरुवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में पार्टी के संसदीय दल की आम बैठक को संबोधित करते हुए कहां की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'मैं टूट जाऊंगा लेकिन कभी झुकूंगा नहीं', अनुराग ठाकुर के आरोपों पर भड़के खड़गे

नई दिल्ली/ए.। राज्यसभा में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, कांग्रेस ने लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की ओर से राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर लगाए गए गंभीर आरोपों को निराधार बताया और सदन के नेता से स्पष्टीकरण की मांग की। उन्होंने भाजपा सांसद से माफी मांगने को भी कहा। इस दौरान खरगे ने कहा, 'अगर भाजपा के लोग मुझे डराकर झुकाना चाहते हैं, मैं कभी नहीं झुकूंगा। मैं टूट जाऊंगा, लेकिन झुकूंगा नहीं। याद रखो, मैं डराने से डरने वाला नहीं।'

इस दौरान खरगे ने कहा कि अनुराग ठाकुर की ओर से मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों से मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। खरगे ने अनुराग ठाकुर से उनके खिलाफ लगाए गए 'बेबुनियाद' आरोपों को साबित करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने दावों को साबित नहीं कर सकते तो आपको संसद में आने का कोई अधिकार नहीं है। आप इस्तीफा दे दीजिए। इसके साथ ही अगर भाजपा सांसद आरोप साबित कर देते हैं तो वह इस्तीफा दे देंगे।

खरगे ने कहा, 'कल अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में मुझ पर पूरी तरह से झूठे और निराधार आरोप लगाए। जब मेरे सहयोगियों ने उन्हें चेतावनी दी, तो उन्हें अपनी अपमानजनक टिप्पणी वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन तब तक नुकसान तो हो चुका था।'

उन्होंने यह भी कहा कि मैं आज खड़े होकर अनुराग ठाकुर के बेबुनियाद आरोपों की निंदा करने के लिए बाध्य हूं। मैं सदन के नेता से माफी की उम्मीद करता हूं। यह काम तो कम से कम सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से किया जा सकता है। उसे इतना तो करना ही चाहिए।

मैं कभी नहीं झुकूंगा

अपने बयान में खड़गे ने कहा, 'अगर भारतीय जनता पार्टी के लोग मुझे डराकर झुकाना चाहते हैं, तो मैं कहता हूं कि ऐसा कभी नहीं होगा. मैं टूट सकता हूं, लेकिन झुकूंगा नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरा जीवन एक खुली किताब की तरह रहा है, जिसमें संघर्ष और संघर्ष के बावजूद मैंने हमेशा अपनी राजनीतिक जीवन में सर्वोच्च मूल्य बनाए रखे हैं।'

अनुराग ठाकुर ने क्या कहा था?

इससे पहले भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ विधेयक के विरोध को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि विधेयक कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।

उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए बनी वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने दलों पर अपना राजनीतिक साम्राज्य बनाने के लिए इनके दोहन का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इन जमीनों का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करने के बजाय कांग्रेस ने अपने चुनावी फायदे के लिए इन्हें वोट बैंक एटीएम में बदल दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की बेंच ने कहा कि सड़कों पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होते हैं। हर किसी के पास अपने घर या कार्यस्थल पर वायु शुद्धिकरण यंत्र लगाने की सुविधा नहीं होती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पिछले छह महीनों में इस अदालत ने कई आदेश दिए हैं, जो दिखाते हैं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब रही है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का हक है, जिसमें स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी शामिल है।'

1 करोड़ रुपये दान करने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी विशेष सुविधा

तिरुमला(वार्ता)। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने गुरुवार को कहा कि तिरुमला मंदिर को एक करोड़ रुपये दान करने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। टीटीडी के सूत्रों के मुताबिक विशेष त्योहारों को छोड़कर अन्य दिनों में दान करने वाले श्रद्धालु उन्हें दी जाने वाली विशेष सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

म्यांमार में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,085 हुई

बीजिंग(वार्ता)। म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,085 हो गयी है। चीन के राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम के मुताबिक कुल 4,715 लोग घायल हुए हैं और 341 लोग लापता हैं।

मेलोनी ने ईयू पर टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले की आलोचना की

रोम(वार्ता)। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने बुधवार रात को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ पर टैरिफलगाने के फैसले की आलोचना की और कहा कि यह एक गलती है जिससे किसी को कोई लाभ नहीं होगा।मेलोनी ने कहा कि इटली अमेरिका के साथ एक समझौता करने के लिए काम करेगा ताकि एक व्यापार युद्ध से बचा जा सके, जो पश्चिमी देशों को कमजोर और अन्य वैश्विक खिलाड़ियों को मजबूत कर सकता है। उन्होंने कहा, "हम जो भी कर सकते हैं, करेंगे ताकि अमेरिका के साथ एक समझौता किया जा सके और व्यापार युद्ध से बचा जा सके, जो स्वाभाविक रूप से पश्चिम को कमजोर और अन्य वैश्विक शक्तियों को मजबूत करेगा।"

दिल्ली में दो दिवसीय समारोह 'भीलवाड़ा सुर संगम का 12वां संस्करण' शुरू

नई दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी में कमानी ऑडिटोरियम में बुधवार को प्रसिद्ध कलाकारों ने दो दिवसीय समारोह 'भीलवाड़ा सुर संगम के 12वें संस्करण' की रंगारंगम प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम एलएनजे भीलवाड़ा समूह की ओर से आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय समारोह ने संगीत और कलाओं के अनूठे संगम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर पहले दिन 600 से ज्यादा दर्शक उपस्थित थे।

मुंबई पुलिस ने अंधेरी से 5 शार्प शूटर्स को किया गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सभी पांच आरोपी किसी बड़ी शख्सियत की हत्या के लिए आए थे। अंधेरी के एक होटल से पुलिस ने सभी पांचो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने पांचो की गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि सभी पांच आरोपी शार्प शूटर्स हैं और यह सब अलग-अलग राज्य से मुंबई में आए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या सभी आरोपी किसी बड़ी योजना को अंजाम देने के लिए मुंबई आए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास दिनेश ठाकुर, देवेंद्र सक्सेना, श्रेयस यादव, सुमित कुमार और विवेक कुमार के रूप में हुई है।

अमेरिकी व्यापार नीति में नए बदलाव के कारण पैदा हुए अवसरों का भी अध्ययन कर रहा

अमेरिका ने भारत पर 26 नहीं 27 प्रतिशत का टैरिफ लगाया

■ **ट्रंप की घोषणा और आधिकारिक आदेश में दर अलग-अलग**

वाशिंगटन/ए.। अमेरिका ने भारत पर 26 नहीं बल्कि 27% का टैरिफलगाया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक आदेश इसकी पुष्टि करता है। इससे पहले टैरिफके एलान के वक्त ट्रंप जिस तख्ती के साथ मीडिया के सामने आए थे। उस पर भारत के लिए 26% टैरिफका जिक्र था। लेकिन ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक आदेश में भारत के लिए 27% टैरिफ की बात कही गई है।

हालांकि, जब ट्रंप की ओर से जारी टैरिफ चार्ट में भारत की टैरिफ दर 26 प्रतिशत बताए जाने से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि व्हाइट हाउस के आधिकारिक आदेश में 27 प्रतिशत टैरिफ की बात कही गई थी। भारत के अलावा दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, म्यांमार और अन्य देशों के लिए भी टैरिफ की दरों में घोषणा और आधिकारिक आदेश में बदलाव दिखा।

अमेरिकी टैरिफपर वाणिज्य मंत्रालय की प्रतिक्रिया?

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने भी अमेरिका की जवाबी टैरिफ पर प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारस्परिक शुल्क पर एक कार्यकारी आदेश जारी किया है, जिसके तहत सभी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर 10% से 50% तक अतिरिक्त समानमूल्य शुल्क लगाया जाएगा। 10% का आधारभूत शुल्क 05 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा और शेष शुल्क 09 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा। अमेरिकी प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अनुलग्नक ढ्ढ के अनुसार भारत पर 27% टैरिफलगाया गया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है, "हम अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से की गई घोषणाओं के निहितार्थों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहे हैं। विकसित भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, विभाग भारतीय उद्योग और निर्यातकों सहित सभी हितधारकों के साथ संपर्क में है और टैरिफ के बारे में उनके आकलन पर प्रतिक्रिया ले रहा है। हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं। विभाग अमेरिकी व्यापार नीति में इस नए बदलाव के कारण पैदा हुए अवसरों का भी अध्ययन कर रहा है।"

यह फैसला लेना बहुत कठिन रहा

भारत पर बोलते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई दिल्ली की ओर से जाने वाले टैरिफ को "बहुत, बहुत कठोर" बताया। उन्होंने कहा, "उनके प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) अभी-अभी (हाल ही में अमेरिका से) गए हैं... वे मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, लेकिन मैंने उनसे कहा कि 'आप मेरे दोस्त हैं, लेकिन आप हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।' भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे इसका आधा शुल्क लेंगे- 26 प्रतिशत। यह फैसला लेना बहुत कठिन रहा।"

बर्बाद कर देगा ये टैरिफ

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 27 फीसदी टैरिफ को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। लोकसभा में गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने टैरिफका मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि टैरिफ हमें तबाह कर देगा। सरकार इस मुद्दे पर क्या कर रही है? उन्होंने एलएसी की स्थिति का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विदेश नीति का मतलब बाहरी देशों को प्रबंधित करना है। हमारे सहयोगी अमेरिका ने अचानक हम पर टैरिफलगाने का फैसला कर लिया है। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ भारतीय अर्थव्यवस्था को पूरी तरह तबाह कर देंगे। विशेष रूप से ऑटो उद्योग, फार्मास्यूटिकल्स और कृषि जैसे क्षेत्रों को। उन्होंने कहा कि किसी ने एक बार इंदिरा गांधी जी से पूछा था कि विदेश नीति के मामले में आप बाएं या दाएं झुकती है और इंदिरा गांधी जी ने जवाब दिया था मैं बाएं या दाएं नहीं झुकती, मैं सीधी खड़ी होती हूं। मैं भारतीय हूं और मैं सीधी खड़ी होती हूं। भाजपा और आरएसएस का दर्शन अलग है। जब उनसे पूछा जाता है कि वे वामपंथी हैं या दक्षिणपंथी, तो वे कहते हैं, 'नहीं, नहीं, नहीं, हम अपने सामने आने वाले हर विदेशी के सामने अपना सिर झुकाते हैं। यह उनकी संस्कृति और इतिहास में है, हम यह जानते हैं।

इमरान का पीएम मोदी पर हमला

ट्रंप के टैरिफ से ध्यान भटकाने के लिए देर रात तक चली संसद

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा भारत पर पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने के बाद राजनीति गर्मा गई है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने इस मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ट्रंप के टैरिफ से ध्यान भटकाने के लिए देर रात तक संसद चलाई गई।

कांग्रेस सांसद प्रतापगढ़ी ने आरोप लगाया कि अमेरिकी प्रशासन द्वारा टैरिफ लगाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार को मुसलमानों के नाम पर 'शरण' लेनी पड़ी। प्रतापगढ़ी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'उनके (पीएम मोदी) के प्रिय मित्र डोनाल्ड ट्रंप कल रात भारत पर 26त्न टैरिफ लगा रहे थे, इसलिए हमारे प्रधानमंत्री को संसद को रात 2 बजे तक चलाना पड़ा।

महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार को एक बार फिर मुसलमानों के नाम पर शरण लेनी पड़ी।'

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को नए आयात शुल्क की घोषणा की। इसमें भारत पर 26 फीसदी टैरिफलगाया गया।

इस दौरान ट्रंप ने पीएम मोदी को अपना 'अच्छा मित्र' बताया और कहा कि भारत अमेरिका से 52 फीसदी शुल्क वसूलता है, जबकि हम उनसे कुछ भी शुल्क नहीं वसूलते हैं।

ट्रंप ने कहा कि आप (पीएम मोदी) हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

मोटरसाइकिलों पर 70 फीसदी शुल्क वसूल रहा भारत

ट्रंप ने आगे कहा कि अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4 फीसदी शुल्क लेता है। जबकि थाईलैंड 60 फीसदी, भारत 70 फीसदी, वियतनाम 75 फीसदी और अन्य देश इससे भी अधिक शुल्क वसूल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी विदेशी निर्मित ऑटोमोबाइल पर 25 फीसदी शुल्क लगाया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इस तरह का असंतुलन हमारे औद्योगिक आधार को तबाह कर रहा है।

इससे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में आ गई है। उन्होंने कहा कि मैं इस आपदा के लिए इन देशों को दोषी नहीं मानता हूं। इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति और पिछले नेता दोषी हैं, जिन्होंने अपना काम ठीक से नहीं किया।

सिद्धारमैया सरकार के खिलाफभाजपा ने खोला मोर्चा

बंगलूरू। बंगलूरू में गुरुवार को सीएम सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोला। भाजपा नेताओं ने राज्य की कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक और भाजपा नेता सीटी रवि समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कर्नाटक सरकार ने डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। इसे लेकर भाजपा विरोध कर रही है। बुधवार को भाजपा ने फ्रीडम पार्क में धरना प्रदर्शन किया। इसमें पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने कहा, जरूरी वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण आम लोग संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर आंतरिक खींचतान मची हुई है। ये दिखाता है कि सरकार को लोगों की कोई परवाह नहीं है, वे किसी तरह बस सत्ता में बने रहना चाहते हैं। भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च शुरू किया।

इंडोनेशिया में शक्तिशाली भूकंप के झटके

जकार्ता(वार्ता)। इंडोनेशिया के पूर्वी उत्तरी मालुकु प्रांत में गुरुवार सुबह शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये। मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 04:03 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गयी।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सार्वजनिक करेंगे अपनी संपत्ति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई है। शीर्ष अदालत में हुई न्यायाधीशों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित 30 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्तियों को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की। 1 अप्रैल को हुई बैठक में जजों ने संकल्प लिया कि न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी। अब तक 1997 के एक प्रस्ताव के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति की घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी होती थी। 2009 के एक निर्णय में न्यायालय की वेबसाइट पर संपत्ति घोषणा के स्वैच्छिक प्रकाशन की अनुमति दी गई थी, लेकिन सभी न्यायाधीशों ने ऐसा करने का विकल्प नहीं चुना। अब सुप्रीम कोर्ट के जजों ने सामूहिक रूप से संपत्ति के खुलासे को सार्वजनिक करने पर सहमति जताई। जिन न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की घोषणा कर दी है, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। घोषणाओं का पूरा सेट सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। सुको ने यह कदम जस्टिस यशवंत वर्मा मामले के बाद उठाया है। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर नकदी की जली हुई गड्डियां मिली थीं। विवाद के बाद उनका तबादला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कर दिया गया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उनका तबादला नकदी मिलने के विवाद से संबंधित नहीं था।

जनसांख्यिकीय बदलाव की शुरुआत दशकों पहले मणिपुर से की गई थी : एन बीरेन

इंफाल। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि राज्य के जनसांख्यिकीय परिवर्तन को दशकों पहले व्यवस्थित तरीके से किया गया। 1960 के दशक से हजारों शरणार्थी राज्य में अधिकारियों की जानकारी में बसे और उन्हें पुनर्वास के लिए सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि बीरेन सिंह ने फरवरी में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। सिंह ने यह भी सवाल उठाया कि उन परिवारों का क्या हुआ और क्या उन लोगों को चुनावी सूची में शामिल किया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह तब हुआ, जब मणिपुर के भाजपा विधायक ने 2001 की जनगणना की समीक्षा और राज्य में सीमा निर्धारण प्रक्रिया शुरू करने से पहले एनआरसी के कार्यान्वयन की मांग की थी। सिंह ने कहा, आधिकारिक रिकॉर्ड दिखाते हैं कि हम एक पूर्ण राज्य बनने से पहले ही हजारों शरणार्थियों को अधिकारियों की जानकारी में यहां बसाया गया था। 1960 के दशक के अंत और 70 के दशक की शुरुआत में, दस्तावेजों से पता चलता है कि 1,500 से अधिक परिवार यहां बस गए थे और उन्हें पुनर्वास के लिए सहायता प्रदान की गई थी। उल्लेखनीय है कि मणिपुर 1 नवंबर, 1956 को एक केंद्र शासित प्रदेश बना था और 21 जनवरी, 1972 को इसे पूर्ण राज्य का दर्जा मिला। सिंह ने पूछा, उन परिवारों का क्या हुआ। उन्हें किस तरह से एकीकृत किया गया। तब से कितनी पीढ़ियां बढ़ी हैं। क्या उन्हें अंततः पूर्ण अधिकार दिए गए। क्या उन्हें चुनावी सूची में शामिल किया गया। इन सवालों का कभी पूरी तरह से सार्वजनिक रूप से उत्तर नहीं दिया गया और यह मुद्दा ज्यादातर अनकहा ही रहा, जबकि राज्य की जनसंख्यात्मक संरचना समय के साथ बदलती रही। सिंह ने कहा कि उस समय मणिपुर से सांसद पाओकाई हौकिंप ने एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने गृह मंत्री राज्य मंत्री केसी पंत को सूचित किया था कि 1967 तक 1,500 से अधिक शरणार्थी परिवार मणिपुर में बस गए थे। सिंह ने इस पत्र की एक प्रति साझा की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, यह पत्राचार इस मुद्दे की जड़ें और लंबी अवधि को प्रमाणित करने वाले कई पत्रों में से एक है। सिंह ने यह भी सवाल किया कि क्या मणिपुर शरणार्थियों के लिए एक डंपिंग ग्राउंड था शुरू से ही थी, और यह सवाल उठाया कि क्या इन व्यक्तियों को शरणार्थी स्थिति में बनाए रखने के लिए कानूनी व्यवस्था मौजूद थी।

दूषित चयन प्रक्रिया ... न्यायालय ने राज्य सरकार से तीन महीने की अवधि के भीतर चयन की नई प्रक्रिया शुरू करने को कहा

ममता सरकार को झटका, 25,000 शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने के फैसले पर सुको की मुहर

नई दिल्ली(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 25,000 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर गुरुवार को मुहर लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था।

पीठ ने अपने फैसले में पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को 'दूषित' और 'सुधार से परे दागदार' घोषित किया।

अदालत ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया हेरफेर और धोखाधड़ी से दूषित थी और इसे सुधारा नहीं जा सकता।

न्यायालय ने कहा कि इस प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता को नष्ट कर दिया गया है। ऐसे में दागी उम्मीदवारों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई वैध आधार नहीं है।

पीठ ने कहा, "चूंकि नियुक्तियां धोखाधड़ी और जालसाजी से हुई हैं, इसलिए हमें हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं दिखता।"

शीर्ष न्यायालय ने हालांकि कुछ निर्देशों में संशोधन किया।

शीर्ष न्यायालय ने अपने फैसले में यह भी कहा कि जो उम्मीदवार पहले कहीं और कार्यरत थे, उन्हें अपने पिछले पदों पर वापस आने की अनुमति दी जाएगी। न्यायालय ने राज्य सरकार से तीन महीने की अवधि के भीतर चयन की नई प्रक्रिया शुरू करने को कहा।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोली ममता

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को अमान्य करार देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि, न्यायपालिका के प्रति सर्वोच्च सम्मान है, लेकिन फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। ममता ने कहा कि नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगे, उनसे उम्मीद न खोने को कहेंगे। बनर्जी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, मैं न्यायपालिका और न्यायाधीशों का बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन मैं मानवीय दृष्टिकोण से इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार सभी कानूनी विकल्पों पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगी।

उच्च न्यायालय के निर्देश पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई जांच में पश्चिम बंगाल के तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य को गिरफ्तार किया गया था तथा भारी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई थी। शीर्ष अदालत ने 07 मई-2024 को 22 अप्रैल-2024 के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,000 से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था।

समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के बीच मुलाकात करने पहुंचे राज्यपाल

राज्यपाल ने ग्राम सिकोसा में पीएम आवास योजना का किया अवलोकन

■ सहजता एवं सहृदयता से अभिभूत हुए हितग्राही एवं ग्रामीण

रायपुर/नवप्रदेश राज्यपाल रमेन डेका बालोद जिले में अपने दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सिकोसा पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत नवनिर्मित आवासों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम सिकोसा के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभान्वित हितग्राही कमलेश साहू एवं बोधीराम तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल भी पुछा। श्री डेका ने इन दोनों हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा शासन के अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उपहार भेंटकर उन्हें नए आवास के सौगात मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

ग्राम सिकोसा में राज्यपाल रमेन डेका के आगमन को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी बड़ी उत्सुकता देखने को मिला। राज्यपाल के अपने गांव में आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि राज्य के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर विराजमान व्यक्ति का अपने गांव में उपस्थित होना हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है। ग्रामीणों ने कहा कि लाभान्वित हितग्राहियों से सीधे मुलाकात कर उनकी वास्तविक स्थिति की पड़ताल करने वाले पहले राज्यपाल हैंराज्यपाल डेका अपने प्रवास के दौरान समाज के जरूरतमंद एवं अंतिम पंक्ति के लोगों से मुलाकात कर धरातल पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की जानकारी ले रहे है। यह अभिनव प्रयास है। इस अवसर पर राज्यपाल डेका के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात एवं उनके सहजता एवं सहृदयता के ग्रामीण एवं लाभान्वित हितग्राही बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

स्थापना दिवस पर भाजपा पखवाड़े में आयोजित करेगी विभिन्न कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर पखवाड़े भर कार्यक्रम आयोजित करेगी. इस अवसर पर 6 अप्रैल को स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस दौरान एक तरफ जहां भाजपा गांव-गांव तक पहुंचेगी, वहीं दूसरी ओर ध्वज फहराकर और सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में कार्यकर्ता अपलोड करेंगे।

इस बात की जानकार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि BJP_FOR_VIKSIT_BHARAT टैग का सोशल मीडिया में उपयोग किया जाएगा। 7 और 8 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे। वहीं 9 और 10 अप्रैल मंडल में संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसके अलावा कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि 10, 11 और 12 अप्रैल को बीजेपी गांव चलो अभियान चलाएगी. स्वच्छता मिशन के तहत गांव में अभियान चलाया जाएगा. 13 और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के दौरान मूर्तियों की साफ-सफाई की जाएगी। 15 अप्रैल को संगोष्ठी में अंबेडकर की जीवनी बताई जाएगी, इसमें कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का जो अपमान किया था, उसका भी जिक्र होगा।

संक्षिप्त खबरें

सीएम साय ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि (03 अप्रैल) पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज एक नाम नहीं, बल्कि भारतमाता की आत्मा में रचा-बसा वह स्वाभिमान हैं, जिन्होंने स्वराज्य का स्वप्न देखा और उसे यथार्थ में परिणत किया। वे साहस, संकल्प और राष्ट्रभक्ति की सजीव प्रतिमूर्ति थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिवाजी महाराज भारतीय संस्कृति, नीति और नेतृत्व के अमिट प्रतीक हैं। उन्होंने न केवल धार्मिक सहिष्णुता, जनकल्याण और न्यायप्रिय शासन की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि एक सच्चा शासक केवल तलवार से नहीं, नीति, मूल्य और जनसेवा से पहचाना जाता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज जब देश नए भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ रहा है, तब शिवाजी महाराज की सोच, उनका साहस और स्वराज्य का दर्शन हमारे लिए प्रेरणापुंज बन सकता है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज के जीवन से हमे यह प्रेरणा मिलती है कि जब संकल्प अडिग हो और ध्येय राष्ट्रहित, तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। मुख्यमंत्री साय ने युवाओं को प्रेरित किया कि शिवाजी महाराज के राष्ट्रप्रेम के आदर्श का अनुसरण करते हुए राष्ट्र की उन्नति में अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और समय को समर्पित कर सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

राज्यपाल डेका से उप मुख्यमंत्री शर्मा ने सौजन्य भेंट की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने भेंट की। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्यपाल को गृह विभाग से जुड़े विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए पी.ए.टी. एवं पीवीपीटी. की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2025 सायं 5 बजे तक है। प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 15 मई 2025 दिन गुरूवार को राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी।

राज्यपाल ने सर्किट हाउस बालोद में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश । राज्यपाल रमेन डेका ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल रमेन डेका के बालोद जिले के आगमन पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन भी किया।

राज्यपाल डेका ने मां गंगा मैय्या की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, समृद्धि की कामना की

रायपुर/नवप्रदेश । राज्यपाल रमेन डेका ने गुरुवार को बालोद जिले प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम झलमला स्थित मां गंगा मैय्या मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ राज्य की सुख, समृद्धि की कामना की।

117 साल बाद रजिस्ट्री को लेकर बड़ा फेरबदल फर्जीवाड़ा हुआ तो नहीं जाना पड़ेगा कोर्ट

■ आईजी ही कर देंगे पंजीयन रद्द

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने 117 साल पुराने 1908 के रजिस्ट्रीकरण एक्ट में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। खास बात ये है कि अगर किसी व्यक्ति ने रजिस्ट्री के समय किसी दूसरे व्यक्ति को पेश करवाकर रजिस्ट्री करवा ली है, तो ऐसी रजिस्ट्री रद्द करने का अधिकार पंजीयन महानिरीक्षक (आईजी रजिस्ट्री) ही उसे रद्द कर सकेंगे। अब से पहले इस तरह की रजिस्ट्री सीधे निरस्त नहीं की जा सकती थी। इस तरह के फर्जीवाड़े के मामले कोर्ट में जाते थे, वहां सुनवाई होने से लेकर फैसला आने में बरसों बरस लग जाते थे। तब तक यही फर्जी रजिस्ट्री वैध बनी रहती थी। अब ऐसा नहीं होगा।

राज्य सरकार ने यह बदलाव करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में लागू रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 में संशोधन कलेक्टर भी कर सकते हैं सिफारिश यदि जिला कलेक्टर द्वारा स्वप्रेरणा से या उनके द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई जांच में यह पाया जाता है कि किसी सरकारी भूमि या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के स्वामित्व वाली भूमि को निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना पंजीकृत कराए गए किसी दस्तावेज के आधार पर हस्तांतरित किया गया है, तो जिला कलेक्टर ऐसे दस्तावेज के पंजीकरण को रद्द करने के लिए महानिरीक्षक पंजीयन या राज्य सरकार की अधिसूचना के माध्यम से सशक्त किए गए प्राधिकारी को सिफारिश कर सकता है। जिला कलेक्टर से ऐसी सिफारिश मिलने पर महानिरीक्षक पंजीयन या राज्य सरकार ऐसे दस्तावेज का पंजीयन रद्द कर सकेगी।

इस तरह होंगे निरस्त : रजिस्ट्रीकरण एक्ट में अब ये संशोधन किया गया है कि यदि पंजीयन विभाग में उप महानिरीक्षक पंजीयन की श्रेणी से अन्यून अधिकारी द्वारा जांच करने पर ये पाया जाता है कि किसी विलेख के पंजीयन में, किसी व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति को गलत तरीके से पेश किया, उस छद्म व्यक्ति के द्वारा निष्पादन को स्वीकार किया गया है और पंजीकरण अधिकारी द्वारा किसी दस्तावेज को पंजीकृत किया गया है, और ऐसे दस्तावेज का अस्तित्व किसी अन्य के व्यक्ति के हित के लिए हानिकारक है। या किन्ही अधिनियमों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी की अपेक्षित अनुमति के बिना किसी दस्तावेज का पंजीयन हुआ है। या किसी खसरे से संबंधित दस्तावेज को जिसे राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से प्रतिबंधित किया गया हो, पंजीकरण अधिकारी के द्वारा पंजीकृत किया गया हो। ऐसी स्थिति में रजिस्ट्री रद्द कर दी जाएगी।

इस तरह रद्द होगी फर्जी रजिस्ट्री

इस तरह के मामलों में यदि पंजीकृत विलेखों को, विहित प्रारुप में समुचित व्यक्ति द्वारा आवेदन किए जाने पर या लोक प्राधिकारी से सूचना प्राप्त होने पर या स्वप्रेरणा पर महानिरीक्षक पंजीयन या राज्य शासन द्वारा अधिसूचना के माध्यम से सशक्त किए गए प्राधिकारी द्वार रद्द किया जा सकेगा।

आईजी के आदेश के खिलाफ हो सकती है अपील

ऐसे मामले में जहां आईजी पंजीयन किसी दस्तावेज को निरस्त करते हैं या अधिसूचना के माध्यम से निरस्त किया जाता है, तो इस प्रकार के आदेश से व्यथित व्यक्ति आदेश मिलने के 30 दिनों के भीतर पंजीयन विभाग के सचिव के समक्ष अपील कर सकता है। वह जैसा उचित समझे ऐसे आदेश की पुष्टि संशोधन, या उसे रद्द करने का आदेश पारित कर सकता है।

पीएम जनमन से धनसुली की कमार बस्ती को नई पहचान

■ चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 15 परिवारों ने किया गृह प्रवेश

■ खुशियों से झूम उठी बस्ती

रायपुर/नवप्रदेश महासमुंद जनपद पंचायत का एक गाँव धनसुली है जहां कमार जनजाति की बहुलता है। प्रधानमंत्री जनमन योजना इस जनजाति के जीवन में एक नई रोशनी लेकर आई है। धीरे-धीरे बदलाव की यह लहर उनके जीवन के हर पहलू को छू रही है, जिससे न केवल उनका जीवन स्तर ऊँचा उठ रहा है, बल्कि वे आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा रहे हैं।

ग्राम धनसुली के कमार बस्ती में निवासरत कमार जनजाति के परिवारों को पीएम जनमन योजना का एकमुश्त लाभ मिला है। इस बस्ती में निवासरत 15 से अधिक परिवारों के पक्के घर पीएम आवास योजना से बने हैं। एक तरह से यह बस्ती पीएम जनमन योजना की सफलता की प्रतीक बन चुकी है। लगभग सभी घर पूर्णतः बनकर तैयार हो चुके हैं, बस कुछ एक घर बच गए हैं जिनमें रंग रोगन का कार्य शेष है।

कमार जनजाति के लोग मुख्यतः बांस की टोकरी, सूपा एवं अन्य सामान बनाकर अपनी आजीविका चलाते हैं लेकिन यह जनजाति अब शासन की योजनाओं का लाभ लेने में पीछे नहीं है। कमार जनजाति के लोग घुमंतू और खानाबदोश होते हैं लेकिन यहां के कमार जन जो प्रायः घास फूस, खादर और मिट्टी से बने अस्थायी घरों में रहते थे, उन्हें अब पक्का मकान मिलने से उनके जीवन में स्थायित्व आ गया है।

योजना की लाभार्थी 52 वर्षीय लीला बाई कमार ने बताया कि पहले उनका घर घास-फूस का था। जीविका चलाने के लिए वे मुख्यतः बांस के सामान बनाकर थो?ी-बहुत आमदनी करती थीं। इसके अलावा घर के पुरुष ईंट भट्ठी में काम करने जाते थे, लेकिन यह आय बेहद सीमित थी, जो परिवार की जरूरतों को पूरा करने में नाकाफी थी। सीमित आय होने की वजह से एक पक्का और सुरक्षित घर बनाना उनके लिए एक सपना था। लेकिन पीएम-जनमन योजना के उन्हें एक पक्का और सुरक्षित आवास मिला है।

निगम-मंडल की नियुक्तियों पर स्वास्थ्य मंत्री की सफाई, अंतिम निर्णय पार्टी लेती है

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निगम-मंडल की नियुक्तियों को लेकर नेताओं की नाराजगी पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात हमारे ध्यान में नहीं आई है। अगर कोई विषय आएगा तो पार्टी इसे बैठकर सुलझाएगी. हमारी पार्टी बहुत बड़ी है और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने का काम कर रही है।

गौरीशंकर श्रीवास की प्रतिक्रिया: गौरीशंकर श्रीवास के फेसबुक पोस्ट पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत अभिमत है, लेकिन पार्टी इस पर अंतिम निर्णय लेती है।

कांग्रेस के बयान पर मंत्री का पलटवार: बेरोजगारी भत्ता को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का बयान हास्यास्पद है. उन्होंने अपने पांच साल के कार्यकाल में युवाओं को कुछ नहीं दिया, बल्कि आखिरी समय में ऊंट के मुंह में जीरा देने जैसा दिखावा किया। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार 2 प्रतिशत बेरोजगारों को भी भत्ता नहीं दे पाई। उन्होंने सिर्फ कुछ लोगों को लॉलीपॉप की तरह छलावा दिया. कांग्रेस को इस मुद्दे पर बोलने का कोई हक नहीं है।

'महतारी वंदन योजना' आर्थिक संबल: मंत्री जायसवाल ने 'महतारी वंदन योजना' को लेकर कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में महिलाओं को 500 रुपए तक भी नहीं दिए, जबकि भाजपा सरकार वास्तविक रूप से महिलाओं के हित में काम कर रही है।

सीडी कांड : 7 साल पुराने मामले में एनएसयूआई सचिव को जेल

रायपुर। आठ साल पुराने मामले में न्यायालय के आदेश पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा एवं यूथ कांग्रेस के महासचिव भावेश शुक्ला को बुधवार को जेल भेज दिया गया। हालांकि उन्हें 2 घंटे बाद ही जमानत मिल गई। शाम 7 बजे दोनों की रिहाई कर दी गई। 2018 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सीडी कांड में जेल भेजा गया था।जेल भेजे जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा सरोना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई थी। 2018 के इस मामले में सुनवाई करते हुए दोनों कांग्रेस नेताओं को न्यायालय से जेल भेजा गया। गिरफ्तारी के 2 घंटे बाद सेशन कोर्ट ने इन्हें जमानत दे दी।कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत रिहाई के बाद देर शाम कार्यकर्ताओं द्वारा सेंट्रल जेल के बाहर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा, तत्कालीन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को जब झूठे प्रकरण पर जेल भेजा गया था। इसके विरोध में हमने रेल रोकी थी। आने वाले समय में भी हम कांग्रेस के कार्यकर्ता केंद्र की सरकार एवं राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफअपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। दोनों ही कार्यकर्ताओं पर रेल अधिनियम के अंतर्गत धारा 174 ए और 147 लगाई गई थी। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव से पहले सीडी कांड में पूर्व सीएम की गिरफ्तारी के बाद प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन हुए थे। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई भी इस विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा थी।

नई व्यवस्था — शराब दुकान के अहाता के लिए मंगाए गए आवेदन

पुराना अनुबंध खत्म : नया अब दो साल का होगा ठेका

रायपुर/नवप्रदेश। आबकारी विभाग की नई पॉलिसी के तहत शासकीय शराब दुकानों के पास खोले गए अहाता का ठेका 31 मार्च को खत्म हो गया है, जिसके बाद सभी अहाते भी बंद हो गए हैं। विभाग ने इस पॉलिसी में अब आंशिक संशोधन किया है। इसके तहत अब ठेका एक वर्ष के लिए नहीं, बल्कि दो वर्ष के लिए दिया जाएगा। यानी एक अप्रैल 2025 से लेकर 31 मार्च 2027 तक के लिए अहाता ठेके पर दिया जाएगा।

अहाता के लिए विभाग ने ऑनलाइन टेंडर भी जारी कर दिया है। इसके तहत 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। इस बार भी ठेका उसी को मिलेगा, जो आवेदन में अहाता के लिए सबसे ज्यादा बोली लगाएगा। हालांकि रायपुर जिले में पहली बार अहाता पाने के लिए लोगों ने बढ़-चढ़कर बोली लगाई थी, जिसके कारण प्रत्येक अहाता विभाग द्वारा निर्धारित की गई बोली से दोगुना से चारगुना अधिक कीमत पर गया था। इस कारण 51 ठेकेदारों को अहाता सरेंडर करने के कारण ब्लैक लिस्टेड भी किया गया है।

रायपुर जिले में 61 में 29 अहातों को चला नहीं पाए ठेकेदार:

रायपुर जिले में 61 अहाते ठेके पर दिए गए थे, जिनमें से 29 अहातों को ठेकेदार चला नहीं पाए। इनमें से कई ठेकेदार तो विभाग को सूचित किए बगैर अहाता बंद कर फरार हो थे, वहीं कई ठेकेदारों ने सूचना दी, पर सरेंडर करने के बाद अनुबंध के अनुसार लाइसेंस फीस जमा नहीं की। इस तरह नियमों का पालन नहीं करने वाले 51 ठेकेदारों को विभाग ने ब्लैक लिस्टेड किया है।

3 बार टेंडर, 94 लाख रुपए तक गया था ठेका : जिले में अहातों के लिए 3 बार टेंडर निकाले गए थे। ये अहाते एक मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए दिए गए हैं। पहला टेंडर 56 अहाताओं के लिए निकाला गया था। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे, जिनमें एक अहाता को छोड़कर सभी अहातों का टेंडर खुला था। इन अहातों का ठेका बोली पद्धति से हुआ था। सबसे अधिक बोली वाले आवेदक को अहाता का ठेका दिया गया था। पहले टेंडर में लोगों ने भी बढ़-चढ़कर बोली लगाई थी, जिसके कारण अहाते भी 25 लाख रुपए से लेकर 94 लाख रुपए तक गए थे।

जोन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के 9 जोन के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जारी सूची के अनुसार, गज्जू साहू जोन 1 के अध्यक्ष और सभापति सूर्यकांत राठौर जोन 2 के अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बनाए गए हैं। वहीं जोन 3 के लिए अभी तक प्रत्याशी तय नहीं किया गया है। जोन 4 से मुरली शर्मा, जोन 5 के अंबर अग्रवाल, जोन 6 के बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 7 से श्वेता विश्वकर्मा, जोन 8 के प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 9 के गोपेश साहू, जोन 10 से सचिन मेघानी को अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। जोन क्रमांक 3 अटका : भाजपा ने 9 जोनों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा ने कर दी है। लेकिन जोन क्रमांक 3 से प्रत्याशी कौन होगा इस पर फैसला आना अभी बाकि है।

सुविचार

अपने जीवन की उत्तर पुस्तिका को खुद ही जांचिए, अगर दूसरे जांचेंगे तो शर्तिया आपको फेल कर देंगे। - अज्ञात

नई दिल्ली में आप की नई नौटंकी

नई दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार में कार्यकाल के दौरान किये गये। भ्रष्टाचार पर कैग की रिपोर्ट पर भी एक के बाद एक सदन में चर्चा हो रही है। आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार उजागर हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तो नई दिल्ली छोड़कर पंजाब में सक्रिय हो गए हैं। नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में लोगों का ध्यान भटकाने के लिए नित नई नौटंकी कर रही है। विधानसभा में तो मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आतिशी सामना नहीं कर पा रही हैं। इसलिए वे सदन से बाहर सड़क की लड़ाई लड़कर सुर्खियां बटोर रही हैं। आतिशी ने पहले तो भाजपा के चुनावी वादे को लेकर रेखा गुप्ता सरकार के खिलाफ हल्ला बोला था अपने 22 विधायकों और मुट्ठीभर समर्थकों को साथ लेकर महिला सम्मान निधि के ढाई हजार रुपए कब मिलेंगे के पोस्टर बैनर लेकर आंदोलन किया था। नई दिल्ली के बजट में महिला सम्मन निधि का प्रावधान हो जाने के बाद जब आतिशी के पास और कोई मुद्दा नहीं रह गया तो अब उन्होंने नई दिल्ली में तथाकथित बिजली कटौती को लेकर जगह जगह प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। पत्रकार वार्ता लेकर भाजपा पर आरोप लगाने की आदि हो चुकी आतिशी ने फिर से प्रेस कांफ्रेन्स कर यह आरोप लगाया है कि जब से नई दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, तब से नई दिल्ली के कई क्षेत्रों में चार घंटे से लेकर आठ घंटे तक बिजली की कटौती की जार रही है। इसलिए लोग अब भाजपा को वोट देकर पछता रहे हैं और अरविंद केजरीवाल की सरकार को याद कर रहे हैं जो चौबीसों घंटे बिजली दिया करती थी। अपने इस आरोप के पक्ष में उन्होंने मीडिया को कुछ पोस्ट दिखाये हैं। जिसमें लोगों ने बिजली कटौती की शिकायत की थी। मीडियाकर्मियों ने जब उन पोस्टों की पड़ताल की तो यह पता चला कि बिजली कटौती की शिकायत करने वाले सभी पोस्ट आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ही सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं। जबकि हकीकत यह है कि दिल्ली के कुछ स्थानों पर बिजली बंद होने की वजह यह है कि वहां पर संधारण कार्य चल रहा है। नई दिल्ली में घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बिजली के तारों का जो मकड़ जाल वर्षों से फैलाया गया है, उसे दुरूस्त किया जा रहा है। इस वजह से विद्युत विभाग पूर्व सूचना देकर कुछ घंटों के लिए विद्युत प्रवाह बंद कर रहा है। जिसे आतिशी बिजली कटौती का नाम देकर भाजपा सरकार पर निशाना साध रही हैं। इसी तरह उन्होंने नई दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार के मंत्री कपील मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर भी प्रदर्शन किया था। गौरतलब है कि दिल्ली दंगों के लिए कपील मिश्रा को आरोपी बनाने का एक कोर्ट ने ओदश दिया है। इसी मामले को लेकर आतिशी कपील मिश्रा से इस्तीफे की मांग कर रही हैं। वे यह भूल गई हैं कि उनकी सरकार के दौरान खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शराब घोटाले के आरोप में न सिर्फ मामला दर्ज हुआ था बल्कि उन्हें महीनों जेल की हवा भी खानी पड़ी थी। इसके बाद भी उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया था। ऐसे में आतिशी भला किस मुंह से कपिल मिश्रा का इस्तीफा मांग रही हैं। लगता है आप अब पूरे पांच साल तक इसी तरह की नौटंकी करती रहेंगी।

प्रो.संजय द्विवेदी

'कर्मवीर' की संपादकीय नीतिः
माखनलाल जी आम लोगों के बीच से उपजे पत्रकार थे। उनका कहना था कि पत्र संपादक की दृष्टि परिणाम पर सतत लगी रहनी चाहिए। क्योंकि वह समस्त देश के समक्ष उत्तरदायी है। वे समाचार पत्रों में उत्तरदायित्व की भावना भरना चाहते थे। वहीं उनके मन में समाचार पत्र की पूर्णता को लेकर भी विचार थे। उनकी सोच थी कि हमें अपने पत्रों को ऐसा बनाना चाहिए कि हम पर ज्ञान की कमी का लांछन न लगे। वे पत्रकारिता जगत में फैल सकने वाले प्रदूषण के प्रति भी आशंकित थे। इसी के चलते उन्होंने अपने लिए आचार संहिता भी बनाई। आज जब पत्रकारिता और पत्रकारों के चरित्र पर सवालिया निशान लग रहे हैं तो यह सहज ही पता लग जाता है कि दादा वस्तुतः कितनी अग्रगामी सोच के वाहक थे। हिंदी पत्र साहित्य को उनकी एक बड़ी देन यह है कि उन्होंने कई तरह से हिंदी को मोड़ा और लचीला बनाया। भाषा को समृद्ध एवं जनप्रिय बनाने में उनका योगदान सदा स्मरणीय रहेगा। 4 अप्रैल,1925 को खंडवा से कर्मवीर का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 'कर्मवीर' के संपादक के रूप में पं. माखनलाल चतुर्वेदी ने अपने संपादन-सिद्धांत बनाए और उन्हें घोषित किया।

जयंती विशेष

भारतीय पत्रकारिता के 'कर्मवीर' पं. माखनलाल चतुर्वेदी

पं.माखनलाल चतुर्वेदी के संपादन में निकला 'कर्मवीर' एक ऐसा पत्र है, जिसकी धमक हम आज भी महसूस करते हैं। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में 'कर्मवीर' एक ऐसा नाम है, जिसे छोड़कर भारतीय पत्रकारिता का समग्र मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। इसी तरह उसके संपादक पं. माखनलाल चतुर्वेदी और उनकी संपूर्ण जीवनयात्रा, आत्मसमर्पण के खिलाफ लड़ने वाले संपादक की यात्रा है। रचना और संघर्ष की भावभूमि पर खड़ी हुई उनकी लेखनी में अन्याय के खिलाफ प्रतिरोध का जज्बा न चुका, न कम हुआ। वस्तुतः वे एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रहे थे और कोई मोर्चा ऐसा न था, जहां उन्होंने अपनी छाप न छोड़ी हो। सही मायने में 'कर्मवीर' के संपादक ने अपने पत्र के नाम को सार्थक किया और माखनलाल जी स्वयं कर्मवीर बन गए। 4 अप्रैल, 1889 को होशंगाबाद(मप्र) के बाबई जिले में जन्में माखनलालजी ने जब पत्रकारिता शुरू की तो सारे देश में राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभाव देखा जा रहा था। राष्ट्रीयता एवं समाज सुधार की चर्चाएं और फिरंगियों को देश बदर करने की भावनाएं बलवती थीं। इसी के साथ महात्मा गांधी जैसी तेजस्वी विभूति के आगमन ने सारे आंदोलन को एक नई ऊर्जा से भर दिया। दादा माखनलाल जी भी उन्हीं गांधी भक्तों की टोली में शामिल हो गए। गांधी के जीवन दर्शन से अनुप्राणित दादा ने रचना और कर्म के स्तर पर जिस तेजी के साथ राष्ट्रीय आंदोलन को ऊर्जा एवं गति दी वह महत्व का विषय है।

पत्रकारिता का गांधी समय

इस दौर की पत्रकारिता भी कमोवेश गांधी के विचारों से खासी प्रभावित थी। सच कहें तो हिंदी पत्रकारिता का वह जमाना ही अजीब था। आम कहावत थी। जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो। और सच में अखबार की ताकत का अहसास आजादी के दीवानों को हो गया था। इसी के चलते सारे देश में आंदोलन से जुड़े नेताओं ने अपने पत्र निकाले। जिनके माध्यम से ऐसी जनचेतना पैदा की कि भारत आजादी की सांस ले सका। वस्तुतः इस दौर में अखबारों का इस्तेमाल एक अस्त्र के रूप में हो रहा था और माखनलाल जी का 'कर्मवीर' इसमें एक जरूरी नाम बन गया था। हालांकि इस दौर में राजनीतिक एवं सामाजिक पत्रकारिता के समानांतर साहित्यिक पत्रकारिता का एक दौर भी चल रहा था। सरस्वती और उसके संपादक महावीर प्रसाद द्विवेदी उसके प्रतिनिधि के रूप में उभरे। माखनलाल जी ने भी 1913 में प्रभा नाम की एक उच्चकोटि की साहित्यिक पत्रिका के माध्यम से इस क्षेत्र में सार्थक हस्तक्षेप किया। लोगों को झकझोरने एवं जगानेवाली रचनाओं के प्रकाशन के माध्यम से प्रभा शीघ्र ही हिंदी जगत का एक जरूरी नाम बन गयी। दादा की 56 सालों की ओजपूर्ण पत्रकारिता की यात्रा में प्रताप, प्रभा व कर्मवीर उनके विभिन्न पड़ाव रहे। साथ ही उनकी राजनीतिक वरीयता भी बहुत उंची थी। वे बड़े कवि थे, पत्रकार थे पर उनके इन रूपों पर राजनीति कभी हावी न हो पायी। इतना ही नहीं जब प्राथमिकताओं की बात आयी तो मप्र कांग्रेस का वरिष्ठतम नेता होने के बावजूद उन्होंने सत्ता में पद लेने के बजाए मां सरस्वती की साधना को ही प्राथमिकता दी। आजादी के बाद 30 अप्रैल, 1968 तक वे जीवित रहे पर सत्ता का लोभ उन्हें स्पर्श भी नहीं कर पाया। इतना ही नहीं 1967 में भारतीय संसद द्वारा राजभाषा विधेयक पारित होने के बाद उन्होंने राष्ट्रपति को



वह पद्मभूषण का अलंकरण भी लौटा दिया, जो उन्हें 1963 में दिया गया था। उनके मन में संघर्ष की ज्वाला हमेशा जलती रही। वे निरंतर समझौतों के खिलाफ लोगों में चेतना जगाते रहे। उन्होंने स्वयं लिखा है-

अमर राष्ट्र, उदंड राष्ट्र, उन्मुक्त राष्ट्र, यह मेरी बोली
यह सुधार-समझौतों वाली मुझको भाती नहीं ठिठोली।

माखनलाल जी सदैव असंतोष एवं मानवीय पीड़ाबोध को अपनी पत्रकारिता के माध्यम से स्वर देते रहे। पत्रकारिता के क्षेत्र में कोई भी जंजीर उन्हें बांध नहीं पायी। उनकी लेखनी भद्रता एवं मर्यादा की तो कायल थी किंतु वे भय, संत्रास एवं बंधनों के खिलाफ थे।

'कर्मवीर' और उसके संपादक के तेवर

'कर्मवीर' के संपादक कैसे संपादक थे, इसे बताने के लिए उन्होंने कहा कि - "हम फक्कड़ सपनों के स्वर्गों को लुटाने निकले हैं। किसी की फरमाइश पर जूते बनानेवाले चर्मकार नहीं हैं हम।" यह निर्भीकता ही उनकी पत्रकारिता की भावभूमि का निर्माण करती थी। स्वाधीनता आंदोलन की आंच को तेज करने में उनका कर्मवीर अग्रणी बना। कर्मवीर की परिधि व्यापक थी। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विषयों पर समान अधिकार से चलने वाली संपादक की लेखनी हिंदी को सोच की भाषा देने वाली तथा युगचिंतन को भविष्य के परिप्रेक्ष्य में व्यक्त करने वाली थी। कर्मवीर जिस भाषा में अंग्रेजी राजसत्ता से संवाद कर रहा था, उसे देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि भारतीय जनमानस में आजादी पाने की ललक कितनी तेज थी।

स्वाधीनता आंदोलन में अपने प्रखर हस्तक्षेप के अलावा कर्मवीर ने जीवन के विविध पक्षों को भी पर्याप्त महत्व दिया। आए दिन होने वाली घटनाओं को मापने-जोखने एवं उनसे रास्ता निकालने की दिव्यदृष्टि भी कर्मवीर के संपादक के पास थी। अपनी पत्रकारिता के माध्यम से राजनीति के अलावा साहित्य कला और संस्कृति को भी उन्होंने महत्व दिया। साहित्यिक पत्रों के संदर्भ में उनकी समझदारी विलक्षण थी वो कहते हैं- "हिंदी भाषा का मासिक साहित्य बेढंगें और बीते जमाने की चाल चल रहा है। यहां बरसाती कीड़ों की तरह पत्र पैदा होते हैं। फिर भी यह आश्चर्य नहीं कि वे मर क्यों जाते हैं। यूरोप में हर पत्र अपनी एक निश्चित नीति रखता है। हिंदी वालों को इस मार्ग में रीति की गंध नहीं लगी।" यह टिप्पणी आज के संदर्भ में भी प्रासंगिक है। अपने लंबे पत्रकारीय जीवन के माध्यम से दादा ने नई पीढ़ी को रचना और संघर्ष का जो पाठ पढ़ाया वह आज भी हतप्रभ कर देने वाला है। कम ही लोग जानते होंगें कि दादा को इसकी कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। उनके संपादकीय कार्यालय यानी घर पर तिरसठ बार छापे पड़े, तलाशियां हुयीं। 12 बार वे जेल गए। कर्मवीर को अर्थाभाव में कई बार बंद होना पड़ा। लेखक से लेकर प्रूफरीडर तक सबका कार्य वे स्वयं कर लेते थे। इन अर्थों में दादा विलक्षण स्वावलंबी थे।

पत्रकारिता के मूल्य और राष्ट्र प्रथम की नीतिः

कर्मवीर एक ऐसा पत्र था जिसके संपादक आजादी के आंदोलन के अग्रणी नेता थे। इसलिए राष्ट्र प्रथम उसकी वैचारिक नीति भी रही। आजादी के समय देश के बंटवारे का दंश पूरे देशवासियों के मनों को मथ रहा था। इस भावना को व्यक्त करते हुए 'कर्मवीर' के 15 अगस्त,1947 को माखनलाल जी लिखते हैं-" यह 15 अगस्त है, भारत दो टुकड़े हैं, किंतु आजाद है, क्या पूर्ण आजाद है...? यह जवाहर और जयप्रकाश जानें कि भारत पूर्ण स्वतंत्र होगा या उपनिवेश बनकर रह जाएगा। नोआखली को जानेवाले यात्री गांधी से गांधी से देश 'स्वागत' नहीं कह सकता, क्योंकि देश खंडित है। बिदा भी नहीं कह सकते क्योंकि अखंड भारत और पूर्ण स्वातंत्र्य का स्वप्न अभी अपनी मुठ्ठी में लिए वह चला जा रहा है। यह 15 अगस्त है।" इसी तरह पत्रकारिता उनके लिए राष्ट्रसेवा और समाज के जागरण का ही एक माध्यम थी। कर्मवीर के माध्यम से वे यही कर रहे थे। भरतपुर के संपादक सम्मेलन में वे पत्रकारिता जगत का आह्वान करते हुए कहते हैं- "यदि समाचार पत्र संसार की एक बड़ी ताकत है तो उसके सिर जोखिम भी कम नहीं है।

पर्वत की जो शिखरें हिम से चमकती हैं और राष्ट्रीय रक्षा की महान दीवार बनती हैं, उन्हें ऊंची होना पड़ता है। जगत में समाचार पत्र यदि बड़प्पन पाए हुए हैं, तो उनकी जिम्मेदारी भी भारी है।बिना जिम्मेदारी के बड़प्पन का मूल्य ही क्या है? "

कर्मवीर अपने समय का एक ऐसा पत्र बना जिसने समकालीन रचनाशीलता को बहुत प्रोत्साहित किया। तमाम उदीयमान लेखक इसके माध्यम से लेखन की दुनिया में आए। इसके साथ ही अनेक बड़े लेखक जैसे बालकृष्ण शर्मा नवीन, सुभद्रा कुमारी चौहान, रमाशंकर शुक्ल, भवानी प्रसाद तिवारी, भवानी प्रसाद मिश्र, प्रभाकर माचवे, गजानन माधव मुक्तिबोध, वीरेंद्र जैन, शिवमंगल सिंह सुमन, धर्मवीर भारती ही नहीं दिनकर, रामबृक्ष बेनीपुरी, सोहनलाल द्विवेदी तक इसमें छपते रहे।

मां की आराधना का पावन पर्व

उमा मेहता त्रिवेदी

चैत्र नवरात्रि, हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, जो मां दुर्गा की नौ रूपों की आराधना के लिए समर्पित है। यह पर्व, जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है, न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व है। ये नो दिन मां दुर्गा के नौ रूप और उनकी आराधना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नवरात्रि के नौ दिनों में, मां दुर्गा के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा,स्कंदमाता, कात्यायनी,कालरात्रि,महागौरी और सिद्धिदात्री - की पूजा की जाती है। प्रत्येक रूप माँ दुर्गा के विभिन्न पहलुओं का प्रतीक है और उनकी आराधना से भक्तों को शक्ति, समृद्धि, और शांति की प्राप्ति होती है। चैत्र नवरात्रि का महत्व न केवल माँ दुर्गा की आराधना तक सीमित है, बल्कि यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है। यह समय प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक है, और इसलिए इसे नई शुरुआत और सकारात्मकता का समय माना जाता है इस नवरात्रि में,भक्त नौ दिनों तक उपवास रखते हैं और माँ दुर्गा की पूजा करते हैं। कुछ लोग अखंड ज्योति जलाते हैं, जबकि अन्य दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं। माँ दुर्गा को फूल, फल, और मिठाई अर्पित की जाती है, और आरती और भजन गाए जाते हैं। चैत्र नवरात्रि का सांस्कृतिक महत्व भी बहुत अधिक है। इस दौरान, कई स्थानों पर रामलीला का आयोजन किया जाता है, जो भगवान राम की कथा का मंचन होता है। यह पर्व समाज को एक साथ लाता है और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देता है। इस तरह चैत्र की नवरात्रि माँ दुर्गा की आराधना का एक पावन पर्व है, जो हमें शक्ति, समृद्धि, और शांति का संदेश देता है। यह पर्व हमें यह भी याद दिलाता है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है।

प्रेरक प्रसंग

मैं तो बापू का चपरासी हूँ

बिहार के चंपारन जिले में महात्मा गाँधी का शिविर लगा था। किसानों पर होने वाले सरकारी अत्याचारों की जाँच चल रही थी। हजारों की तादाद में किसान आ-आकर बापू से अपने दुःख निवेदन कर रहे थे। उस समय उस जाँच आंदोलन में कृपलानी जी का बड़ा प्रमुख सहयोग था। वे गाँधी जी के कैंप सेक्रेटरी के रूप में काम कर रहे थे। इसलिए जिला अधिकारियों की आँख की किरकिरी बने हुए थे। इस जाँच-पड़ताल के दौरान महात्मा जी को अनेक चिट्ठियाँ दिन में बहुत बार कलेक्टर के पास भेजनी पड़ती थीं। यह सब डाक ले जाने का काम कृपलानी जी ही करते थे। कृपलानी जी को डाक लाते-ले जाते देखकर एक बार कलेक्टर ने पूछा आप ही तो वह प्रो. कृपलानी हैं, जो इस सब हलचल के मुखिया हैं। फिर आप यह डाक का काम क्यों करते हैं? कृपलानी जी ने उत्तर दिया, "मैं तो एक साधारण कार्यकर्त्ता और बापू का चपरासी हूँ।" कृपलानी जी का उत्तर सुनकर कलेक्टर ने महात्मा गाँधी की महानता को समझा और आंदोलन की गरिमा का अंदाज लगा लिया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:20, सूर्यास्त : 06:39, चन्द्रोदयः : 09:28, चन्द्रास्तः :24:31, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : शोभन, प्रथम करण : कौलव (10:40 तक), द्वितीय करण : तैतिल (21:41 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मिथुन (18:21 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम , वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:55 से 12:45, अमृत काल : 21:29 से 23:0, रवियोग : 07:02 से 29:51, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:16, गोधूलि मुहूर्त : 18:35 से 18:58, सायाह्न सन्ध्या : 18:37 से 19:45, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:43, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:04 से 07:38, दुर्मुहूर्त : 10:15 से 11:05, होमाहुति : बुध (29:51 से शुक्र), दिशाशूल : दक्षिण, नक्षत्र शूल : पश्चिम (07:02 तक), अग्निवास : पृथ्वी (21:41 तक), चन्द्र वास : दक्षिण (पश्चिम 18:22 से)।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1716 में आज ही के दिन उत्तरी जर्मनी के विस्मार पर रूस और प्रशिया की सेनाओं ने कब्जा किया था। 1818 में 4 अप्रैल के दिन ही अमेरिकी कांग्रेस ने राष्ट्रध्वज में '13 लाल और सफेद स्ट्रिप्स और 20 सितारे' शामिल करने को मंजूरी दी थी। 1916 में आज ही के दिन अमेरिकन सीनेट ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लेने को मंजूरी दी थी। 1941 में 4 अप्रैल के दिन ही लीबिया के बेनगाजी शहर पर जर्मनी की सेना ने कब्जा किया था। 1949 में आज ही के दिन उत्तरी अटलांटिक सैन्य संगठन की स्थापना हुई थी। 1960 में 4 अप्रैल के दिन ही अफ्रीकी देश सेनेगल ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की थी।

1968 में आज ही के दिन अमेरिका के मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्टिन लूथर किंग की हत्या कर दी गई थी। 1975 में आज ही के दिन बिल गेट्स और पॉल एलन के बीच हुए समझौते के फलस्वरूप माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना हुई थी। 1979 में 4 अप्रैल के दिन ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिक्कार अली भुट्टो को फांसी की सजा दे दी गई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अक्सर तेरा

अक्सर तेरा ज़िक्र जब सुना , मन ने नया एक ख़ूवाब बुना। आवाज़ सुनी बहुत सुरीली , आंखे भी जैसे मस्त नशीली। तुझे देखने के लाख बहाने, गुनगुनाते मस्त बने तराने। जिस रोज़ तेरा दीदार हुआ, दिल बेचारा बीमार हुआ। यूं लगा महकता शबाब हो, चिलमन में जैसे महताब हो, कहीं खो गए दिलों जान मन में आए नए अरमान। क्या ग़ज़ब होगा ,यक़ीनन, जब अपनी मुलाकात होगी । हर ख़ूबसूरत शै मुरीद होगी , उस दिन अपनी भी ईद होगी।

- सुधीर वत्स

जिंदा है अब

जिंदा है अब भी मन के भाव का संज्ञान भूला नहीं दोस्त परिंदा गांव खलिहान । तितलियों की प्रीत भौरे गुनगुनाए गीत भाता है कितना पीपल की छांव मचान।

- सुरेश वैष्णव

ख़ास पाती

पहले सागर कर दिया था सहरा

पहले सागर कर दिया था सहरा जैसी प्यास को क़त्ल फिर उसने किया था रूह के अहसास को उस समुंदर से तो अच्छा ज़िन्दगी में सहरा है पास होकर भी अगर तरसा किए हैं पास को अपना दिल भी और का लगने लगा हो जब कभी इश्क़ कहते हैं, मुहब्बत भी इसी आभास को मर गया रिश्ता मगर ज़िन्दा हैं, यादें अब तलक याद करता है अभी भी दिल मेरा उस खास को तुक मिलाकर शायरी कर रहे हैं कुछ लोग बस 'मित्र' कहना मत कभी भी शायरी बकवास को - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

कह कर जब अपना पुकार लिया

कह कर जब अपना पुकार लिया तुमने कि इसी तमन्ना के सहारे जी लिया मैंने कर लिया बातों मे आकर तेरा एतबार क्या नया कोई गुनाह ये कर लिया मैंने मुझसे मेरी बात करे ये दिल करता है तेरे सिवा तुझसे क्या चाह लिया मैंने बेखौफतेरे हमकदम बनकर चलूं अब अब डर कैसा अपना मान लिया मैंने दिन और रात का हमें फर्क नही मालुम दिन गिन इंतजार में एक कर लिया मैंने - **सपना चन्द्रा**

इब्तिदा-ए -इश्क में अपना यह

इब्तिदा-ए -इश्क में अपना यह हाल है आफत में जान है और जीना मुहाल है, वो मस्तियां, वो शोखियां जाने किधर गयीं दिल टुकड़े टुकड़े है, रूह तक निढाल है उनकी ही जुस्तजू है बस, उनकी ही आरज़ू पहलू में उनको पा के भी, उनका ख्याल है सागर भी कितना खुश्क है ,इक कतरे के तले तिश्नालबी तो देखिये , यह बेमिसाल है दुआ भी बेअसर है आज़ारे -इश्क़ में दिल को क़रार आ जाये , क्या मज़ाल है **-अनु मित्तल**

तेरी यादों में रहते रहते खुद से ही अनजान

तेरी यादों में रहते रहते खुद से ही अनजान हुए तुम हमसे जो दूर हुए मन भावों से बेजान हुए।। जीवन तुम बिन सूना सूना सब कुछ हमसे दूर हुआ। जनम जनम के बंधन टूटे मेरे अपनें मुझसे दूर हुए।। मेरी सांसे तुम्हे पुकारें ये तन मन तेरे नाम हुए। तुमको खोया तो ये जाना मुश्किल सारे काम हुए।। तुम से मेरी दुनियां जगमग तुम बिन रात अमावस सी। विरह में तेरे मीरा से हम इस जग से अनजान हुए।। मेरे गीतों में जीवित हो तुम शब्द शब्द में बसते हो। कैसे जिएं जरा बतलाओ तुम बिन बस नाकाम हुए।। तेरी बातें याद करूं तो मुस्कराहट आ जाती मुख पर। बावली कहकर लोग पुकारे हम जग में बदनाम हुए।। पीड़ा अपनी किसे बतलाऊं खुद को बस बेबस पाऊं। तुमको खोया तो ये जाना हम तो बस श्मशान हुए।। - **रश्मि ठाकुर**

तुम्हें परिभाषित किन विशेषणों से

तुम्हें परिभाषित किन विशेषणों से करूँ मैं,,नियमबद्ध, ऊर्जा स्त्रोत,देव,शक्ति पुंज,ऋतु पिता,ग्रह गृह,चंद्र आवास, प्रौढ़ सितारा,भोर प्रहरी,आकाश की लालिमा,यामेरे इष्ट,, तुम्हारे स्वागत में जगना मेरी और बहुतों की आदत जो है तो तुम्हें अलार्म घड़ी भी कह दूँ न? सूर्य तुम मुझे संत से भी लगते हो जो अपनी अग्नि में नहीं जला कभी,, मुझे बनना है तुम सा, - **शुचि भवि**

थक गई हैं यात्राएं और थक गए है

थक गई है यात्राएं और थक गए है रास्ते कुछ कदम शेष छोड़ कर यात्राओं ने अपने अब तक की यात्रा में हर बार रेगिस्तान को ही पार किया और ..और रास्तों ने पतझड़ से ही मेल किया ये उस मेल का ही परिणाम था जो तृष्णा का जन्म हुआ और अतृप्त मन के बोझ तले कुछ कदम शेष छोड़ कर थक गई यात्राएं शायद!! - **नमन कुमार मिश्रा**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) चूलिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?

2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?

3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

4) मनी म्यूल क्या है?

5) भारत में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

उत्तरमाला- (1) चम्बल नदी (2) पश्चिम बंगाल (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) कोई व्यक्ति जो अवैध रूप से अर्जित धन को किसी और के लिए स्थानांतरित करता है (5) लिंडी कैमरून

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप पूर्वनियोजित कार्यो को आगे बढ़ाएंगे इसमें सहकर्मी एवं परिजनों का भी महत्वपूर्व सहयोग मिलेगा।

वृषः आज का दिन शुभफलदायी रहेगा सेहत छोटी मोटी व्याधि को छोड़ सामान्य रहेगी लेकिन फिर भी कार्यो में आलस्य करने से विलम्ब होगा।

मिथुनः आज भी परिस्थितिया प्रतिकूल रहने से कोई राहत की उम्मीद नहीं दिखेगी। लोग आपके हर निर्णय को गलत साबित करेंगे।

कर्कः आज दिन का पूर्वार्ध आपकी आशाओं से थोड़ा कम लाभ देगा फिर भी कार्यो को बेहतर रूप से करने की कोशिश करेंगे।

सिंहः आज के दिन आप अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति कर सकेंगे कार्य व्यवसाय में सरकारी सहयोग मिलने की संभावना अधिक रहेगी लोन सम्बंधित कार्य आज करना लाभदायक रहेगा।

कन्याः आज दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु बीच-बीच में पारिवारिक उलझने परेशान करेंगी। व्यवसाय में परिश्रम का फल विलम्ब से मिलेगा।

तुलाः आज आप अपनी आवश्यक कार्यो की पूर्ति हेतु कुछ भी करने के लिए तैयार रहेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए प्रत्येक कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा परन्तु विरोधी भी प्रबल रहने से सफलता आसान नहीं रहेगी।

धनुः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे लेकिन असमय क्रोध आने से रक्तचाप अनियंत्रित हो सकता है।

मकरः आज आप अपनी मनमानी नीति के चलते सार्वजानिक क्षेत्र पर आलोचना के शिकार होंगे।

कुंभः आज के दिन आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। अपने जिद्दी स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण अशान्त बनाएंगे।

मीनः आज का दिन आपको अवश्य धन लाभ कराएगा। सेहत भी साथ देने से कार्यो में उत्साह बना रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -007

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 006 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सी
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

न्यूज गैलरी

आंध्र महिला मंडली ने मनाया उगादी पर्व

भिलाई। आंध्र महिला मंडली ने आंध्रा भवन, सेक्टर-5 में धूमधाम से उगादी पर्व मनाया। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। डांस से लेकर एक्टिंग के मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीनियर वर्ग में स्टेटवाइस डांस, बच्चों के लिये सेमी क्लासिकल डांस और सीनियर सिटिजन के लिये मोनो एक्टिंग के प्रोग्राम हुए। बच्चों के डांस में प्रथम स्थान पर पूर्णिमा वसुधा रही जबकि द्वितीय स्थान पर जयशिका, निकिता, खुशी, जिज्ञासा, अक्षया, राशी, गायत्री, अंकिता रही। मोनो एक्टिंग में प्रथम शुभालक्ष्मी, द्वितीय-अहिल्या रहीं। सीनियर वर्ग के डांस में प्रथम पंजाबी डांस में सेक्टर-5 की मंडली, द्वितीय-छत्तीसगढ़ी डांस में सिंधिया नगर की मंडली और तृतीय-ओडिशा नृत्य में सेक्टर-1 के मंडली ने पुरस्कार जीते। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नृत्य शिक्षिका जया रेड्डी मौजूद रही। जज के रूप में डांसर, समाजसेविका, राजनीतिज्ञ, इंस्ट्रक्टर ममता उपस्थित रहीं। वी राम्याची (भरतनाट्यम डांसर), एम श्रेया (भरतनाट्यम डांसर) और बी. मेधा (भरतनाम डांसर) आदि ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

माउंटेन बाइक साइक्लिंग में छग को मिला बेस्ट फेयर प्ले अवार्ड

भिलाई। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा 21 वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइक्लिंग प्रतियोगिता पंचकूला हरियाणा में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में प्रतियोगिता में भाग लिया। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार और दुर्ग जिला साइकिलिंग संघ के सचिव देव प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने बेस्ट फेयर प्ले अवार्ड जीता। इसके लिए छत्तीसगढ़ को नगद राशि के साथ चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई।

9 लीटर महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चकरभाठा पुलिस ने बोड़सरा में मेला स्थल के पास अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 36 पांव पॉलीथिन में रखे 9 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 1800 रुपए एवं बिक्री रकम 550 जब्त किया है। 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक ग्राम बोड़सरा में मेला का आयोजन हो रहा है, मेले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा व्यापक दिशा निर्देश दिए गए हैं। 2 अप्रैल को ग्राम बोड़सरा में मेला स्थल के पास एक व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री करने की सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराते हुए उनके निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक रश्मित कौर चावला के मार्गदर्शन में तत्काल मेला स्थल में ड्यूटी कर रहे थाना प्रभारी उत्तम साहू एवं स्टाफ द्वारा व्यक्ति के घर ग्राम बोड़सरा में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया।

भक्ति पथ में होगी अयोध्या-काशी की तर्ज पर लाइटिंग : ईईएसएल कंपनी का ठेका रद्द करने शासन से करेंगे मांग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर में भक्तिपथ का निर्माण करते हुए यहां अयोध्या काशी की तर्ज पर लाइटिंग की जाएगी। नगर निगम के विद्युत, यांत्रिकी, अग्निशमन प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पोलसाय चौक से चंडी मंदिर, कंकालिन मंदिर से संतोषी मंदिर, चंडी मंदिर से शिव मंदिर रोड पर अयोध्या काशी की तर्ज पर डेकोरेटिव लाइट लगाई जाएगी। भक्तिपथ पर आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटिंग व्यवस्था से शानदार साज-सज्जा की जाएगी। ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने बताया कि पदभार ग्रहण करने के बाद से विद्युत यांत्रिकी विभाग के कामकाज में कसावट लाने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं। पूरे शहर की प्रकाश व्यवस्था बेहतर की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ज्ञानेश्वर ने बताया कि महमरा घाट रोड पर, कसारीडीह साईं मंदिर के पास और लुचकी तालाब के पास कांशीराम चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाई जाएगी। मुख्य मार्गों में ट्यूबलर पोल लगाए जाएंगे। शीतला स्टेडियम में स्थायी रूप से फ्लड लाइट लगाकर रौशनी की व्यवस्था की जाएगी।

ज्ञानेश्वर ने कहा कि एक साल के दौरान बंद पड़ी ट्यूबलर पोल और रोप लाइट को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए हैं। धमधा नाका से चिखली मार्ग, जिला अस्पताल से मर्चुरी मार्ग सहित अन्य मार्गों की लाइटें बंद हैं। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का ठेका ईईएसएल कंपनी को सात साल के लिये दिया गया है। कंपनी के कर्मी 4 माह से हड़ताल पर हैं।

ज्ञानेश्वर ने बताया कि शहर की प्रकाश व्यवस्था को तत्काल सुधारना जरूरी है। कंपनी को हर साल मेंटेनेंस के लिये सवा करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है। इसके बावजूद मेंटेनेंस न किया जाना गंभीर मामला है। कंपनी का ठेका रद्द करने शासन को पत्र लिखा जाएगा। मेंटेनेंस की व्यवस्था नगर निगम को देने के लिये नगरीय प्रशासन मंत्री से चर्चा की जाएगी।

चार माह से मेंटेनेंस कंपनी का काम बंद : महापौर ने स्ट्रीट लॉइट व्यवस्था सुधारने दिए कड़े निर्देश

नगर निगम के डाटा सेंटर में महापौर अलका बाघमार और विद्युत यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने आज अधिकारियों की बैठक में विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये। शहर की लाइटिंग व्यवस्था का मेंटेनेंस करने वाली ईईएसएल कंपनी के कर्मचारियों की चार माह से चल रही हड़ताल को लेकर महापौर ने नाराजगी जताई। महापौर ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शहर की विद्युत व्यवस्था फौरन दुरुस्त होनी चाहिये। इसके लिये नियमानुसार कलेक्टर दर पर या ठेके पर कर्मचारियों के माध्यम से शीघ्र स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस का कार्य पूरा कराया जाए। महापौर अलका बाघमार व प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने कहा कि वर्षा ऋतु के पहले कर्मशाला अधीक्षक बेहतर ढंग से नालों की साफ सफाई कराएं। इन कार्यों के लिये सभी वाहनों को चालू हालत में रखने की व्यवस्था करने निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मैनपॉवर के साथ ही वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए। ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने कहा कि पुरानी गाडियों की नीलामी के लिये नियमानुसार प्रक्रिया शुरू की जाए। बैठक में कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक अभियंता सुरेश केवलानी, सब इंजीनियर विनोद मांझी, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, बिजली विभाग के अभ्युदय मिश्रा, सूरज सारथी मौजूद रहे।

भिलाई इस्पात संयंत्र : बार और रॉड मिल की अभूतपूर्व उपलब्धि

एक मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य पार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। उन्नत स्वचालन और अत्याधुनिक नियंत्रण प्रणालियों से सुसज्जित भिलाई इस्पात संयंत्र की 0.9 मिलियन टन मापित क्षमता वाली मोडेक्स यूनिट, बार एवं रॉड मिल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 1.0 मिलियन टन को पार कर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। 29 मार्च को तृतीय पाली में बीआरएम की टीम ने इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को सामूहिक प्रयास से पहली बार प्राप्त किया। इसके साथ ही 1 मिलियन टन के डिस्पैच के माध्यम से भी एक ऐतिहासिक सफलता दर्ज की गई। कीर्तिमानों की इस श्रृंखला में पाली प्रबंधक परिमल और नारायण के नेतृत्व में 1 अप्रैल को रात्रि पाली में 20 एमएम टीएमटी बार का 1528 टन (742 बिलेट) उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ पाली उत्पादन का कीर्तिमान भी स्थापित किया गया।

बार एवं रॉड मिल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में भी सुदृढ़ प्रदर्शन करते हुए बीआरएम ने अनेक चुनौतीपूर्ण प्रोफाइल रोल कर अपनी उत्पाद श्रृंखला को निरंतर समृद्ध किया है। 1.0 मिलियन टन उत्पादन का यह मील का पत्थर संयंत्र की तकनीकी क्षमता को दर्शाता है।

कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बीके गिरी, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक आरके श्रीवास्तव, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एमके गोयल और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने 2 अप्रैल को बीआरएम पहुँचकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि हेतु संपूर्ण टीम को बधाई दी।

कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार और विभाग प्रमुख योगेश शास्त्री, मुख्य महाप्रबंधक ने केक काटकर टीम के साथ इस उपलब्धि का उत्सव मनाया। राकेश कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टीम द्वारा प्रदर्शित समर्पण और प्रतिबद्धता सराहनीय है। विभाग प्रमुख योगेश शास्त्री ने बीआरएम टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे समर्पण, कड़ी मेहनत और नवाचार को दर्शाता है।

टीम बीआरएम ने दक्षता बढ़ाने, गुणवत्ता मानकों को उन्नत करने और उत्पादन क्षमता के विस्तार हेतु निरंतर प्रयास किया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत महंती, समीर पाण्डेय, शिखर तिवारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्मिकों को बधाई दी।

एसएमएस-3 बिरादरी ने सातवीं वर्षगांठ का मनाया जश्न

संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) बिरादरी ने स्थापना दिवस की सातवीं वर्षगांठ का उत्सव मनाया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-3) प्रमोद कुमार सहित अन्य अनुभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मॉडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 को 31 मार्च 2018 से उत्पादन प्रक्रिया में शामिल किया गया था। रात्रि पाली के दौरान 1:40 बजे कनवर्टर-1 को हॉट मेटल से चार्ज किया गया और सुबह 4:40 बजे स्टील की सफलतापूर्वक टैपिंग की गई। इस उपलब्धि के बाद सितंबर 2018 और फरवरी 2020 में क्रमशः दो अतिरिक्त कन्वर्टर को एसएमएस-3 में शामिल किया गया।

कोर्ट के आदेश पर सस्ता मार्केट से हटाए गए अवैध कब्जे

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सस्ता मार्केट क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के आदेश पर बेदखली अभियान सुबह 11 बजे से शुरू किया गया। करीब 30 वर्ष से अधिक पुराने अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज दुकान खाली कराए गए। कार्रवाई शुरू होने पर कई कब्जेधारियों ने इसका विरोध किया, लेकिन कोर्ट के आदेश के साथ मजिस्ट्रेट और पुलिस बल देखकर वे शांत हो गए। पूर्व में साडा द्वारा दुकानों का आवंटन किया गया था। आवंटित दुकान पर व्यवसाय करने के साथ ही दूसरे के नाम से आवंटित स्थल पर भी कब्जा कर व्यवसाय किया जा रहा था। अवैध कब्जा कर दुकान के भीतर कबाड़ आदि का सामान भर कर रखा गया था और सामने सड़क पर दुकानें चलाई जा रही थी। ये दुकानें 1994 में आवंटित की गई थी। गुलाबचंद के नाम पर दुकान नंबर 3, अकराज के नाम पर 5 नंबर, सुरेंद्र के नाम पर 4 नंबर की दुकान आवंटित की गई थी। आज दुर्ग मजिस्ट्रेट वास्तु मित्र दीवान, जोन 2 आयुक्त सतीश यादव, छावनी थाना प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर के साथ पुलिस दल ने कब्जे हटाने की कार्रवाई की।

मोतीपुर के अवैध कॉम्प्लेक्स पर चला प्रशासन का बुलडोजर

नवप्रदेश संवाददाता

पाटन। मोतीपुर में किये गए अवैध निर्माण को आज प्रशासन ने तोड़ दिया। ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में इस मामले की शिकायत की थी। ग्रामीणों ने बताया कि अमलेश्वर से पाटन जाने वाले मुख्य मार्ग के बीच मोतीपुर में अवैध कब्जे किये गए थे। आज प्रशासन ने अतिक्रमण पर बुलडोजर चला दिया। मोतीपुर के सरपंच मोहन लोधी ने बताया कलेक्टर जनदर्शन में अवैध कब्जे की शिकायत की गई थी। तोडफोड़ की कार्रवाई नियमों के तहत हो रही है। सभी अवैध निर्माण कार्यों पर प्रशासन का बुलडोजर चलेगा।

तोडफोड़ के दौरान ग्रामीणों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और अम्लेश्वर थाने का पुलिस बल मौजूद रहा। तहसीलदार मीना साहू ने बताया कि मोतीपुर में रोड के आसपास अवैध कब्जे की शिकायतें मिली थी। प्रशासन ने आज अवैध कब्जों पर जेसीबी चला दिया है। जिस परिसर का निर्माण हो चुका है, वहां भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

लायंस क्लब की अध्यक्ष बनीं आकांक्षा

दुर्ग/नवप्रदेश। लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी की आकांक्षा मिश्रा अध्यक्ष निर्वाचित हुई है, वहीं मोहम्मद अली हिरानी प्रथम उपाध्यक्ष चुने गए है। यह निर्वाचन क्लब के वार्षिक चुनाव बैठक में किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पूर्व अध्यक्ष सुमन पांडे ने स्वागत किया और बधाई दी। बैठक में हरमीत सिंह भाटिया, अमर सिंह गुप्ता, लक्ष्मी चंद्राकर सुरेंद्र पाल दुलई, सतीश सुराना, अनीता तिवारी व अन्य मौजूद थे।

जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने कार्यभार संभाला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर अल्का बाघमार द्वारा गठित मेयर इन काउंसिल की टीम में जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने आज नवरात्रि के पंचम दिवस जलघर स्थित अपने चेंबर में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित महापौर परिषद के सदस्य व पार्षद उपस्थित रहे। मंत्रोच्चार और भगवान शिव की आरती के बाद लीना देवांगन ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर,नरेंद्र बंजारे, कांशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शशि द्वारिका साहू, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, अजय तिवारी, दिनेश देवांगन उपस्थित रहे।

नपा अध्यक्ष ने किया जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

जामुल/ नवप्रदेश। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के वार्ड 12 और 13 में स्थित भगवान बजरंग बली और भगवान भोलेनाथ के चबूतरे का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर की निधि से किया जाएगा। लेबर कैम्प के रहवासियों और श्रद्धालुओं के आग्रह पर चैत नवरात्र के अवसर पर नपा अध्यक्ष ने सौंदर्यीकरण कार्य के लिये भूमिपूजन किया। नपा अध्यक्ष ने बताया कि लेबर कैम्प सहित अन्य वार्डों के निवासियों ने भगवान हनुमान व शिव के चबूतरा का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग की थी। इस कार्य के लिये नपा अध्यक्ष निधि से 4.50 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। भूमिपूजन के अवसर पर दुर्योधन साहू, दिलीप सिंह, यशवंत राजपूत, हलधर साहू, विनय साहू, सुखमन दास, रतन पटेल, महाराणा प्रताप पाल, लोकेश जैन उपस्थित थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202503101000071/अ-6/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न.00046(1557/16(0.0200) हे. पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती मीता रानी साहू,/अनावेदक पक्षकार- एन सुनील

ईश्तहार

आवेदक श्रीमती मीता रानी साहू पिता/ पति/ विभाग-खेमु राम साहू पता-कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1557/16 रकबा 0.020 है 2600 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 22/11/2024 को विक्रेता एन सुनील पिता/पति/विभाग- श्रीनिवास राव पता - 65 लोहिया रोड के पास कैलाश नगर प्रगति नगर कुरूद भिलाई जिला दुर्ग से क्रय किया है कि नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 17.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, भिलाईनगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202503101000070/अ-6/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न.00046(1557/16(0.0200) हे. पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती मीता रानी साहू,/अनावेदक पक्षकार- एन सुनील

ईश्तहार

आवेदक श्रीमती मीता रानी साहू पिता/ पति/ विभाग-खेमु राम साहू पता-कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1557/16 रकबा 0.020 है 2600 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 22/11/2024 को विक्रेता एन सुनील पिता/पति/विभाग- श्रीनिवास राव पता - 65 लोहिया रोड के पास कैलाश नगर प्रगति नगर कुरूद भिलाई जिला दुर्ग से क्रय किया है कि नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 17.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, भिलाईनगर

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202501101200014 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका. रामचंद पिता स्व. पल्टू राम निवासी चिंगरी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम चिंगरी प.ह. न. 31 रा.नि.म. अण्डा तह.व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 638, 706, 930/1 कुल रकबा 0.7000 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि आवेदक एवं अन्य सह खातेदार का नाम पूर्व में सभी खातेदारों का नाम ऑफलाईन एवं ऋणपुस्तिका में रामचन्द, शिवकुमार, हेमलाल, राति बाई, हेमिन बाई, हेमलता सभी आ. स्व. पल्टू राम, सुकवारा ध.प. स्व. पल्टू राम दर्ज है। परन्तु उपरोक्त वर्णित भूमि को वर्तमान में ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश खातेदार राति बाई, हेमलता दोनो पिता स्व. पल्टूराम का नाम बी-1 खसरा में दर्ज नहीं किया गया। जो कि गंभीर त्रुटि है जिससे उपरोक्तानुसार हुई त्रुटि को सुधार कर वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में खातेदार रातिबाई, हेमलता पिता स्व. पल्टूराम का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प. इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 21.04.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202503103800008 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदिका श्रीमती सुनीता सुराना ध.प. श्री अलोक सुराना, निवासी वार्ड क. 36 सुराना बिल्डिंग, गंजपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 31ए, प्लाट नंबर 86/1 रकबा 319.35 वर्गमीटर श्री इंदरचंद सुराना आ. स्व. सुगनचंद जी सुराना के नाम में दर्ज है। धारक श्री इंदरचंद सुराना द्वारा आवेदिका के पक्ष में दिनांक 10/01/2025 को पंजीकृत बयनामा निष्पादित किया गया है। उक्त आधार पर आवेदिका द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से धारक का नाम विलोपित कर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.04.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 02.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.11/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक सौरभ दत्ता आ. अशोक कुमार दत्ता निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि ख.नं 1/2, 2/2 भूखंड क. एम.आई.जी. 2/453 क्षेत्रफल 160 वर्गमीटर भूमि धारक एस.एन. बोस आ. स्व. नगेन्द्र नाथ बोस निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 12.12.2024 को आवेदक सौरभ दत्ता के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त विक्रय पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखंड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.04.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800106

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी पिल्लीशांता कुमारी पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई, पिल्ली मौजेस पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई, पिल्ली सोलोमन राजू पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई, नल्ली मेरी पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई, गाल्लाविजय कुमारी पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 328/37 (0.0200), 328/8(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पिल्ली मौजेस पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई, नल्लीमेरी पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई, गाल्लाविजय कुमारी पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई, पिल्ली सोलोमनराजू पिता/पति स्व. पिल्ली जेम्स पता प्लाट नं. 205 स.5/ई काटन क्लब के पीछे प्रगति नगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800113

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी पदुम कुमार ओगरे पिता/पति सीटालूराम ओगरे पता क्वा.नं. 175 डी रुआबांधा भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 495/207(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शकुंतला ओगरे पिता/पति पदुम कुमार ओगरे पता मैत्रीनगर रिसाली भिलाई, ममता श्रृंगी पिता/पति पदुम कुमार ओगरे पता मैत्रीनगर रिसाली भिलाई, विमला धीधी पिता/पति पदुमकुमार ओगरे पता मैत्रीनगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800104

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी बच्चा उपाध्याय पिता/पति स्व. शिवपूजन उपाध्याय पता 76 ए/ एचसीएल रुआबांधा भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 95/24(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनामिका सुमन उपाध्याय पिता/पति राजन उपाध्याय पता, श्रेया उपाध्याय पिता/पति राजन उपाध्याय पालक वली माता श्रीमती अनामिका सुमन उपाध्याय पता मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई, चन्द्रवती देवी पिता/पति बच्चा उपाध्याय पता मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई, अमृतराज उपाध्याय पिता/पति स्व. बच्चा उपाध्याय पता, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800103

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी एस. जेरोम पिता/पति मकारियन पता जेरोम इलेक्ट्रीकल शाप नं. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 695/113 (0.0030) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जे. सोमसन पिता/पति एम. जेरोम पता जोनल मार्केट सेक्टर-10 भिलाई जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107400051

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी उर्मिलाबाई पिता/पति लल्लूदास वैष्णव पता सिकोला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 252/10(0.0280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विमला वैष्णव पिता/पति स्व. लल्लूदास वैष्णव पता कादम्बरी नगर दुर्ग, राजेन्द्र कुमार वैष्णव पिता/पति स्व. लल्लूदास वैष्णव पता कादम्बरी नगर दुर्ग, राजकुमार वैष्णव पिता/पति स्व. लल्लूदास वैष्णव पता कादम्बरी नगर दुर्ग, मिथला वैष्णव पिता/पति स्व. लल्लूदास वैष्णव पता कादम्बरी नगर दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511117262

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी भूपेन्द्र कुमार साहू पिता/पति स्व. जगदीशराम साहू पता नयापारा दुर्ग, महेन्द्र कुमार साहू पिता/पति स्व. जगदीशराम साहू पता नयापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 41/58(0.0009), 41/57 (0.0017), 41/58(0.0078), 41/57 (0.0117) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री एम. विजय कुमार आ. श्री एम. चिन्नैय्या, निवासी क्वा.नं.-4/ए, स्ट्रीट नं.-17, सेक्टर-07, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक एम.आई.जी.-1641, विश्व बैंक कॉलोनी कुरूद भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 15.04.2014 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 07.06.2022 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 06.12.2024 को श्रीमती बेबी तिवारी पति श्री रजनीकांत तिवारी के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती बेबी तिवारी के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती बेबी तिवारी के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 01.04.2025 जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री इन्द्रजीत देवांगन आ. स्व. नकुल राम देवांगन, निवासी-678, वार्ड नं.-68, गणेश नगर, रायपुरा, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी.-125, अमलेश्वर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 23.01.2017 एवं पूर्व में फ्री-होल्ड दिनांक 24.12.2016 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 27.02.2025 को श्री राम खिलावन वर्मा आ. श्री बसंत कुमार वर्मा के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री राम खिलावन वर्मा के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्री राम खिलावन वर्मा के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 03.04.2025 जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सपरिवार मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की

प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज सपरिवार माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष की धर्मपत्नी वीणा सिंह, पुत्र एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पुत्रवधु एश्वर्या सिंह सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमन डोंगरे, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व विधायक रामजी भारती, भरत वर्मा, भावेश बैद, सुमित उपाध्याय, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनील गट्टानी, ट्रस्टी महेंद्र परिहार, लक्ष्मीनारायण, योगेश, विपुल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

अभिलाषा को मिली नई आशा, बदलते परिवेश में नई तकनीक से करेंगे पढ़ाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव ऐसे तो संस्कारधानी शहर के नाम से जाना जाता है इसी शहर में एक शिक्षण संस्थान है जिसको शहर के सभी लोग अभिलाषा के नाम से जानते हैं पहचानते है आज इसी अभिलाष को नई आशा के रूप में विधि डायग्नोसिस सेंटर के फाउंडर डॉक्टर विधि तिवारी मोदी के प्रयास से एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के सहयोग से अभिलाषा स्कूल की कुछ कक्षाओं को उच्च स्तरीय बनाने की पहल की एवं इस ओर आज एक कदम आगे बढ़ाया इस शुभ अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी मौजूद रहे हां सर्वप्रथम बच्चों को उपहार दिए गए एवं कक्षा में लगे प्रोजेक्टर से नए अध्ययन की शुरुआत की इसी क्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि आज बहुत अच्छी सोच के साथ अभिलाषा के जो हमारे बच्चे है यह संस्था जो कई वर्षों से सेवा को ही मूल मंत्र मानकर बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है आज इसी क्रम में विधि डायग्नोसिस सेंटर के फाउंडर डॉक्टर विधि तिवारी मोदी एवं उनकी पूरी टीम ने कुछ कक्षाओं को ऑडियो विजुअल करने की दृष्टिकोण से ताकि बच्चों को अच्छे से पढ़ाया और समझाया जाने वाला कंटेंट को और सहज और रोचक बना दे की शुरुआत की वैसे भी आज के समय में पूरी दुनिया में सभी स्कूलों में नई-नई तकनीक का उपयोग हो रहा है तो इसी क्रम में हम अपने अभिलाषा के बच्चों को भी बदलते हुए समय के साथ जोड़ें और उससे उनकी पढ़ाई का स्तर उच्च स्तर का हो जाएगा बच्चों की भी रुचि और बढ़ेगी और शिक्षकों को भी हर विषयों को अच्छे से बच्चों को पढ़ने में भरपूर मदद मिलेगी इसी क्रम में विधि डायग्नोसिस सेंटर की फाउंडर डॉक्टर विधि तिवारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव मदद करने की बात कही इस कार्यक्रम की शुभ अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, गोलू सूर्यवंशी सुमित भाटिया प्रखर श्रीवास्तव सज्जन सिंह ठाकुर गोलू गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ विधि डायग्नोसिस सेंटर के सुबोध अग्रहरि जी विकास एवं समस्त स्टॉप इस अवसर पर मौजूद था

अभीषेक सिंह ने उठाया अभिलाषा संस्था के उत्थान का बीड़ा, आगाज डॉ. श्रीमती विधि तिवारी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर से : नगर की उत्कृष्ट पैथोलॉजी संस्थान की संचालक डॉ. श्रीमती विधि तिवारी द्वारा विगत 29/3/2025 को संस्कारधानी की अभिलाषा संस्था के बच्चों के लिए स्वास्थ जाँच हेतु बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्याण श्याम वझलवार के साथ शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे सभी बच्चों का चेकअप बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्याण श्याम वझलवार और उनकी टीम ने किया द्वारा किया गया तथा उनके द्वार सुझाय गई जाँच विधि डायग्नोस्टिक द्वारा की गई। आज अभिलाषा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राजनांदगाव के पूर्व संसद सदस्य अभिषेक सिंह के द्वारा अभिलाषा संस्था के बच्चों के लिए डॉ. विधि तिवारी द्वारा प्रदत्त प्रोजेक्टर का लोकार्पण किया गया।

न्यूज गैलरी

महापौर से मिले सामाजिक पदाधिकारीगण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण राजनांदगांव नगर निगम के महापौर माननीय श्री मधुसूदन यादव से उनके नगर निगम के कार्यालय में जाकर मुलाकात किया एवं मुलाकात के बाद भगवान श्री कृष्ण जी का पट्टा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया साथ ही स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि नगर कोसरिया यादव समाज का एक भी भवन नही है। साथ ही साथ समाज के भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपये के लिए आवेदन दिया गया। महापौर द्वारा भवन निर्माण से संबंधित समस्या का निराकरण जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया गया। इस पर समाज द्वारा महापौर मधुसूदन यादव जी को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर जिला कोसरिया यादव महासभा के संरक्षकगण श्रीमान विश्वनाथ यादव, श्रीमान महेश यादव (सरपंच बोईरडीह), मंजू यादव, केसर यादव, शारदा यादव (पार्षद डोंगरगढ़), जिलाध्यक्ष श्रीमती शिला यादव जिला प्रचार प्रसार प्रभारी देवेश यादव, राजनांदगांव नगर संरक्षकगण पुनाराम यादव, शेखर यादव (पार्षद), मन्नू यादव, दिलीप यादव, वासुदेव यादव, ज्ञानिक यादव, भूपेन्द्र यादव, रेखू यादव नगर उपाध्यक्षगण मनोज यादव, दुष्यंत यादव, मोहित यादव, आदित्य यादव, प्रफुल्ल यादव, रोहित यादव, सचिव धरम यादव, महामंत्री नितेश यादव, दीनू यादव, नगर महिला संरक्षकगण मीना यादव, हिरोंदीन यादव, शैल यादव (पूर्व पार्षद), नगर महिला अध्यक्ष मधु यादव, उपाध्यक्षगण निशा यादव, राजकुमारी यादव, लक्ष्मी यादव, संतोषी यादव, राधिका यादव, अंजली यादव, लक्ष्मी यादव, सहित समाज के प्रमुखगण उपस्थित थे।

वर्षा जल संचयन और प्रदूषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की जरुरत : राज्यपाल डेका

राज्यपाल रमेन डेका ने ली प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार को जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल संचयन के कार्य, पौध रोपण, पर्यावरण संवर्धन तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु किए जा रहे कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सहित पुलिस, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल श्री डेका ने वर्षा जल संचय और जल एवं वायु प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए वर्षा जल संचय के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं प्रदुषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की बात कही।उन्होंने जल शक्ति अभियान, स्वच्छता, नशामुक्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना भी की।

राज्यपाल डेका ने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल और स्वच्छ पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है। जल के अत्यधिक दोहन से जल संकट की स्थिति निर्मित होते जा रही है उसी प्रकार पर्यावरण भी प्रदूषित होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार - भाटापारा जिला औद्योगिक जिला है यहां बड़े कारखाने के साथ पत्थर खदाने भी है जिससे यहां वर्षा जल को सहेजना और भी ज्यादा जरुरी है। उन्होंने जंगलो की कटाई व नदी - नालों की सफाई पर जोर देते हुए कहा कि प्रति वर्ष वृक्षारोपण बड़े पैमाने पर होता है इन पौधों को लगाने से ज्यादा जरुरी इनकी देखभाल करना हैं। उन्होंने कहा कि यदि जंगल से पेड की कटाई न हो तो जंगल बचाए जा सकते हैं उसी प्रकार नदी - नालों को साफ रखेंगे तों पानी का बहाव नियमित रूप से होता रहेगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर मॉनिटरिंग के साथ ही जन जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाया जाना चाहिए। जल स्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न संरचनाओ का अधिक से अधिक निर्माण हो।

राज्यपाल डेका ने स्व सहायता समूहों के कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को सक्षम बनाने कहा। उन्होंने यहाँ के उद्योगों मे स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने आवश्यक पहल करने कहा। विशेष पिछडी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सभी मूलभूत सुविधाएं सहित स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान सतत रूप से चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजो मे अधिक से अधिक छात्रों को एनसीसी के लिए प्रोत्साहित करने कहा ताकि छात्रों में अनुशासन, देशभक्ति की भावना, बौद्धिक विकास, समयबद्धता सहित शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके। स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या मे कमी लाने, छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था पर भी जोर दिया।

डेका ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं शराब तथा अन्य मादक पदार्थों के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की।राज्यपाल ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए इसके रोकथाम हेतु पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। युवाओ को नशा से दूर रहने तथा नशापान से ग्रसित लोगों को नशा से छुटकारा दिलाने हेतु किए जा रहे सुधारात्मक उपाय तथा जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के संबंध में भी जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में टी.बी. उन्मूलन अभियान के कार्यों के संबंध जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने वर्तमान में जिले में टी.बी. के कुल मरीजों की संख्या एवं उनके समुचित इलाज की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

वैष्णव समाज ने राजगामी संपदा के अध्यक्ष महेंद्र वैष्णव को बनाने की मांग किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव के जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों द्वारा आज दिनांक 03/04/2025 को विधानसभा अध्यक्ष निवास पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह से प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन पत्र सौंपकर मांग किया गया कि राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष पद पर महेंद्र वैष्णव को बनाने की माँग की हैं। पूर्व में भी लगातार समाज द्वारा राजगामी सम्पदा का अध्यक्ष बनाने की मांग करते आ रहे है। महेंद्र वैष्णव जी विगत 30 वर्षो से लगातार सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं अपनी सामाजिक सेवा देते आ रहे हैं।

समाज द्वारा वैष्णव समाज की भवन निर्माण के अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए 30 लाख की राशि विधायक निधि से डॉ रमन सिंह जी मांग की गई हैं। उक्त दोनों मांगो को गंभीरता से लेते डॉ साहब के द्वारा वैष्णव समाज को आश्वस्त किया गया हैं।

गढ़ूला में हुआ बड़ा एक्सीडेंट ट्रक की मार से कटा पेट

बजरंग दल एवं पशु चिकित्सालय के प्रयासों से हुआ सफल उपचार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव के समीपस्थ गांव ग्राम गठुला में एक गाय का पेट ट्रक की चपेट में आकर फट गया,हादसा इतना भयानक था कि अंदर का खाना बाहर आ रहा था, जिसका इलाज न होने पर मृत्यु होना निश्चित थी।

बजरंगदल जिला संयोजक सुनील सेन जी ने बताया कि संगठन के प्रति तत्परता एवं विस्तार के कारण ही आज इतने बड़े हादसे से गौमाता को बचाया गया और संगठन की देख रेख ने रखा जाना प्रशंसनीय है,वे खंड गठुला के बजरंगीयो की इस साहसिक कार्यो हेतु सराहना करते है।बजरंग दल के गौरक्षा जिला प्रमुख अंशुल कसार ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही तत्काल बजरंगदल गठुला के पृथ्वी साहू,नवीन साहू,भीष्म एवं नरेंद्र साहू आदि गौ सेवको एवं ग्रामवासियों के द्वारा गौ को राजनांदगांव लाने की व्यवस्था की गई और जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव लाया गया एवं सफल उपचार किया गया है।

यहां के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर तरुण रामटेके एवं इंटर्नशिप के स्टूडेंट के द्वारा समय रहते गाय के पेट को सूचर कर एंटीबायोटिक और पेन किलर दिया गया, जिससे अब गाय खतरे से बाहर है और नियमित देखरेख एवं 4-5 दिन एंटीबायोटिक पेन किलर देने से गाय पूरी तरह से ठीक हो जाएगा इलाज सफल रहा ।

जिले में खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई, राजस्व प्राप्ति में बड़ा इजाफा

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला खनिज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। जिले को इस वित्तीय वर्ष में शासन से 250 लाख रुपये के राजस्व का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जबकि प्रशासन ने 605 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो लक्ष्य का 242 प्रतिशत है। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की गई। खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत अवैध परिवहन के 62 मामलों में कुल 15,36,350 रुपये, अवैध उत्खनन के 9 मामलों में 5,26,250 रुपये और अवैध भंडारण के 1 मामले में 2,25,000 रुपये का अर्थदंड वसूला गया।

गातापार से खपरीकला मार्ग डामरी करण के राशि 2,51,22 हजार स्वीकृति होने पर हर्ष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विष्णु देव साय मुख्यमंत्री जी , माननीय डॉक्टर रमन सिंह जी विधानसभा अध्यक्ष माननीय संतोष पांडे सांसद लोकसभा राजनंदगांव , माननीय अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनंदगांव माननीया गीता घासी साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत और माननीय अशोक देवांगन पूर्व सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव के अथक प्रयास से अपने क्षेत्र में

बरसों पुरानी मांग ग्राम पंचायत बाग तराई के आश्रित ग्राम गातापार से खपरीकला पहुंच मार्ग 2.25 राशि 2,51,22 (दो करोड़ इनकावन लाख बाईस हजार रूपये)डामरीकरण के स्वीकृति दिलाने पर माननीय पूर्व जिला पंचायत

सभापति अशोक देवांगन के प्रयास से क्षेत्र की बहुत पुरानी मांग पूरा होने पर बागतराई, गातापार और खपरीकला के अन्नदाता किसान छात्र-छात्राएं महिलाएं और नवयुवको ने जिला पंचायत पूर्व सभापति देवगन को एवं समस्त सम्माननीय अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किए हैं क्योंकि खपरीकला के आम लोगों को स्कूल बाजार पुलिस चौकी थाना एवं बैंक के लिए हमेशा सुकूल दैहांन आना-जाना हमेशा पढ़ता था जिससे डामरीकरण रोड नहीं होने से कई कठिन का सामना करना पड़ता था स्वीकृति के लिए 5 साल से अशोक देवांगन द्वारा रोड को स्वीकृत करने के लिए अथक प्रयास और मेहनत किया जिसका फल स्वरुप आज क्षेत्र का लंबित मांग स्वीकृत होने से ग्रामवासी में बहुत ही खुशी है मांग पूरा होने पर जोगीराम साहू ग्राम पटेल गातापार , अजय वर्मा पूर्व सरपंच बागतराई और पूर्व सरपंच भुवन वर्मा ने सभी को बधाइयां शुभकामनाएं दिया।

कुरूद में विकास की नई लहर : शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण उत्थान को मिलेगी नई गति

कुरुद/नवप्रदेश। कुरूद में विकास की नई गूंज सुनाई दे रही है। कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने आज शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से जुड़े अहम स्थलों का सघन निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए। उनके दौरे में मिनी लाइब्रेरी, लॉ कॉलेज हेतु चयनित भवन, नर्सिंग कॉलेज हेतु चयनित भूमि, पॉलीटेक्निक कॉलेज हेतु केंद्रीय विद्यालय भवन, सिविल अस्पताल और भाठागांव स्थित देवभोग दुग्ध शीत केंद्र शामिल रहे। निरीक्षण के बाद उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विकास कार्यो को गति देने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम नभ सिंह कोसले, तहसीलदार दुर्गा साहू, विद्युत विभाग से सुरेश कोसरे, सीएमओ महिंद्र

राज गुप्ता, नायब तहसीलदार दुर्गेश सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग से कुशवाहा मैडम, पीएचई से श्री गजेंद्र, पीडब्ल्यूडी से गंजीर जी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा को नई ऊंचाई देने की पहल : कलेक्टर मिश्रा ने अपने दौरे की शुरुआत स्वर्गीय डॉ. खेतराम चन्द्राकर स्मृति पुस्तकालय से की। विद्यार्थियों से संवाद कर उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी ली और उच्च गुणवत्ता की किताबें और स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, लाइब्रेरी में स्वच्छ पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद उन्होंने लॉ कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के लिए चयनित स्थलों का निरीक्षण किया और भवनों की साफ-सफाई व मरम्मत कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रथम पेज का शेष

अब राज्यसभा में अग्नि...

सूर्या के इस सुझाव को स्वीकार कर लिया है कि पांच वर्षो तक इस्लाम धर्म का पालन करने वाला ही वक्फ को अपनी संपत्ति दान कर सकेगा। दान की जाने वाली संपत्ति से जुड़ा कोई विवाद होने पर उसकी जांच के बाद ही अंतिम फैसला होगा। पुराने कानून की धारा 11 में संशोधन का स्वीकार कर लिया गया है, जिसमें कहा गया है कि वक्फ बोर्ड के पदेन सदस्य चाहे वह मुस्लिम हो या गैर मुस्लिम, उसे गैर मुस्लिम सदस्यों की गिनती में शामिल नहीं किया जाएगा। इसका अर्थ यह कि वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों की संख्या बढ़ सकती है।

भारत थाईलैंड ने कायम ...

हिन्द प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र, खुले, समावेशी एवं नियम आधारित नौवहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। भारत ने आसियान की एकता और आसियान की केन्द्रीयता का पूर्ण समर्थन दोहराया।

दोनों देशों ने जिन समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं, उनमें भारत-थाईलैंड रणनीतिक साझीदारी की स्थापना पर संयुक्त घोषणा, डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग पर थाईलैंड साम्राज्य के डिजिटल अर्थव्यवस्था और समाज मंत्रालय तथा भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन, भारत के बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सागरमाला प्रभाग और थाईलैंड साम्राज्य के संस्कृति मंत्रालय के ललित कला विभाग के बीच गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) के विकास के लिए समझौता ज्ञापन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत के राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) और थाईलैंड साम्राज्य के लघु और मध्यम उद्यम संवर्धन कार्यालय (ओएसएमईपी) के बीच समझौता ज्ञापन, भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) और थाईलैंड साम्राज्य के विदेश मामलों के मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन तथा भारत के उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनईएचएचडीसी) और थाईलैंड सरकार की क्रिएटिव इकोनॉमी एजेंसी (सीईए) के बीच समझौता ज्ञापन शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में थाईलैंड में उनके एवं भारतीय प्रतिनिधिमंडल के आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री शिन्नावात का आभार व्यक्त किया। उन्होंने 28 मार्च को आए भूकंप में हुई जनहानि के लिए भारत के लोगों की ओर से गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

रफ्तार का कहर, सिर ...

की आलिया खान स्कूटी चला रही थी। वहीं 14 साल की आलिया खान और बुशरा खान (17) गाड़ी में पीछे बैठी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि स्कूटी तेज रफ्तार में थी, तभी गाड़ी अचानक बेकाबू हो गई। स्कूटी जाकर डिवाइडर में टकराई, जिससे स्कूटी चला रही आलिया का सिर डिवाइडर में लगे एंगल से जा टकराया। उसका सिर धड़ से अलग हो गया। आलिया के शरीर से तेजी से खून निकलने लगा।

दो लड़कियों को पैर और सिर में लगी चोट

वहीं साथ में पीछे बैठी लड़कियों के पैर और सिर पर चोट आई है, जिससे वे भी घायल हो गईं। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद टिकरापारा पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। टिकरापारा थाना प्रभारी विनय सिंह का कहना है कि मृत युवती का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही घायलों की हालत सामान्य है। इस मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

श्री जगन्नाथ स्टील प्लांट ...

में लेकर मर्चुरी में रखवा दिया गया है. आगे की कार्रवाई कल की जाएगी. मजदूर यूनियन और प्लांट प्रबंधन के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को शांत किया है। फिलहाल माहौल नियंत्रण में है।

स्वस्थ तन-मन के लिए योग को दिनचर्या ...

भावी पीढ़ी को योग से जोड़कर इसका महत्व समझाना चाहिए। योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग सभी के लिए है और सभी को जोड़ने का काम करता है। संगठन में काम करते हुए सदैव मैंने लोगों को जोड़ने का कार्य किया है और आज मुझे योग आयोग के माध्यम से सभी को जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। सिन्हा ने कहा कि प्रकृति में अनेक महत्वपूर्ण संपदाएं उपलब्ध है, परंतु इनमें सर्वश्रेष्ठ मानव संपदा है। मुख्यमंत्री ने मुझे मानव संपदा को स्वस्थ रखने का जिम्मा सौंपा है और इसे पूरा करने के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। हमारे प्रधानमंत्री नियमित योग करते हैं। उनकी ऊर्जा और कार्यक्षमता से आज सारी दुनिया वाकिफ है। सिन्हा ने योग की विश्वव्यापी लोकप्रियता और प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक संपत अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, डॉ. रामप्रताप सिंह, संजय श्रीवास्तव, महामंडलेश्वर हरिहरानंद महाराज, संत उदयनाथ महाराज, वासु देवानंद जी महाराज, समाज कल्याण विभाग के सचिव भुवनेश यादव, संचालक समाज कल्याण रोक्तिमा यादव सहित पूजनीय संत समाज, योग आचार्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

भाजपा सदस्यों के हमले ...

आज इस विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाना है और कांग्रेस का रुख इस पर पहले की तरह ही स्पष्ट है। संसदीय दल की इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

क्रमांक/09/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 सक्ती, दिनांक 03/04/2025

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका परिषद सक्ती में निर्माण कार्यों के लिए प्रचलित लोक निर्माण विभाग एस.ओ.आर. रोड/बिल्डिंग/विद्युत एस.ओ.आर. दर पर निविदा प्रपत्र अ में त्रि-लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 25.04.2025 समय 05: 00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि :- 28.04.2025 समय 05.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 01.05.2025 संमय 03:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 01.05.2025 समय 04:00 बजे

क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य
01	वार्ड क्र. 01 में कमल गोयल पीछे से महादेव सहिस से नारायण घर के पीछे तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	4.46	4500	750
02	वार्ड क्र. 01 में अरुणा कसेर घर से सत्यवान कसेर घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	5.21	5000	750
03	वार्ड क्र. 15 सिल्वर फेक्ट्री से हरीराम यादव घर से गनेश साहू घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	8.34	6300	750

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में पी.डब्ल्यू.डी. शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। शेष शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकती है।

टीप :- यदि नियत दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की कार्यवाही संपादित नहीं होती है, तो आगामी दिवस की सूचना पृथक से जारी किया जावेगा।

''नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाएं ''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सक्ती

आवासापारा में में गोदभराई कार्यक्रम

नगरी/नवप्रदेश। - आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में गोदभराई का कार्यक्रम हुआ सुपोषण चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत आवासपारा दुगली के आंगनबाड़ी में 3 माह के गर्भवती महिलाओं को अच्छे सेहत के लिए पोषण की आवश्यकता व महत्व के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही हरी सब्जियों का टोकरी भी दिया गया इस मौके पर वार्ड पंच वरूण देव नेताम सुमित्रा नेताम भाजपा बुथ अध्यक्ष आशाराम ओटी मोनिका नेताम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोजिनी नेताम एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

प्रतिबंध के बावजूद कराया जा रहा था बोर, प्रशासन ने किया वाहन जब्त

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम के चलते जल स्तर कम होने के कारण जिला प्रशासन ने नलकूप, बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भी बिना अनुमति के बोर खनन करते एक बोरवेल वाहन और एक सपोर्ट वाहन को प्रशासन ने जब्त किया है। मामला नवापारा नगर के वार्ड क्रमांक 1 गोबरा बस्ती का है।

मिली जानकारी के अनुसार नवापारा तहसील प्रशासन को सूचना मिली थी कि वार्ड 1 गोबरा बस्ती में बोर खुदाई की जा रही है। इस पर तहसीलदार सृजन सोनकर व पटवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि जहां बोर खुदाई हो रही थी वह शासकीय भूमि है जिसका

खसरा नंबर 482/5 दर्ज है। आसपास पता करने पर खुदाई कराने वाला कोई भी व्यक्ति मौके पर नहीं मिला। साथ ही बिना किसी आधिकारिक स्वीकृति के बोर खुदाई की जा रही थी। जिसके बाद बोरवेल खुदाई कार्य को रुकवाया गया।

अवैध खुदाई करने पर होगी कानूनी कार्रवाई

तहसीलदार ने कहा कि बिना अनुमति के बोरवेल खुदाई करना वर्तमान में कानूनन प्रतिबंधित है। भूजल स्तर को नियंत्रित रखने और अवैध खुदाई को रोकने के लिए प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रावधानों के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी नलकूप खनन की आवश्यकता होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेगें। कोई भी व्यक्ति या एजेंसी उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने किसानों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बोरवेल खुदाई के लिए पहले आवश्यक अनुमति प्राप्त करें, अन्यथा अवैध खुदाई करने पर कानूनी कार्रवाई होगी।

जिसके बाद तहसीलदार सृजन सोनकर ने बोरेवल वाहन क्रमांक च्र01र्ख्4155 एवं छ्त्र04त्त्क्र2113 को वाहन चालक रूपसिंग एवं कन्नन से जप्त किया। चालक से पुछताक्ष में वाहन का मालिक दिनेश साहू निवासी जोरा रायपुर का होना बतलाया गया। गाड़ियों को नवापारा थाने की अभिरक्षा में रखा गया है ।

एकलव्य चयन परीक्षा में घुरावड़ स्कूल के बच्चे जिला टॉप टेन में शामिल

नगरी/नवप्रदेश। एकलव्य आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा 2024-25 का मेरिट सूची जारी किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला घुरावड़ के 6 बच्चे जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया।जिसमें युगांत कश्यप प्रथम रैंक ,गोपीचंद वट्टी द्वितीय रैंक, रोमिक्षा नेताम तृतीय रैंक, भोजराज नेताम सातवां रैंक, सिदेश्वर कोर्राम आठवां रैंक, व कौशल नेताम ने नौवा रैंक हासिल किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर संकुल समन्वयक एम के सोरी, प्रधान पाठक विक्रांत ठाकुर ,सरपंच महेश नेताम, सचिव थान सिंह देवांगन, शिक्षक पीलू राम निषाद ,रूम लाल किरसान, गंगाराम बांधे, मनीषा नागेश, अजीत कश्यप, सुरेंद्र नेताम, झमेश पटेल, खेमलाल भंसारे, तीरथ राम यादव, गोदावरी साहू ,समस्त पालक गण एवं ग्राम वासियों के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

घठुला जोन में मजदूर संघ का किया गया गठन

नगरी/नवप्रदेश। घठुला जोन मे अंगिरा ॠषि राजमिस्त्री भवन निर्माण मजदूर संघ का पुर्नगठन किया किया जिसमें घठुला जोन के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों के के पंजीकृत राज मिस्त्री व मजदूर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

टैंकर आते ही टूट पड़ते हैं लोग

बेमेतरा के कई वार्ड में गहराया पेयजल संकट

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बेमेतरा सहित ग्रामीण अंचलों में लगातार गिरता हुआ जल स्तर आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है हालात इस कदर बदतर होते जा रहा है की प्रतिदिन दर्जनों ट्यूबवेल्स फेल होते जा रहे हैं और इसके रिपेयरिंग सहित अन्य कामों में ट्यूबवेल बंद हो जाने के चलते लोगों के लिए पीने की पानी की समस्या हो जाती है परिणाम स्वरूप नगर पालिका वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकर की व्यवस्था तो करती है तथा टैंकर जैसे ही मोहल्ले में या गली में पहुंचती है लोग पानी के लिए टूट पड़ते हैं.. कुछ इसी तरह की हालत इन दिनों शहर की पेयजल की व्यवस्था की होकर रह गई है...

एक चौथाई ट्यूबवेल उपयोगी बाकी हो गई है अनुपयोगी.... पूरे शहर की पेयजल व्यवस्था इंजीनियर हो गई है हालांकि नगर पालिका बेमेतरा में लगभग 300 से भी ज्यादा ट्यूब वेल पीने के पानी की व्यवस्था के लिए बनाई गई है किंतु इसे विडंबना ही कहीं जा सकती है कि लगातार गिरते हुए जल स्तर के चलते एक चौथाई ट्यूबवेल उपयोगी रह गया है सेस ट्यूबवेल जल स्तर गिरने शाहिद अन्य तकनीकी दिक्कतों के चलते बंद पड़े हुए हैं।

प्रतिदिन दर्जनों ट्यूबवेल हो रहे हैं प्रभावित... लगातार पूरे शहर में पानी की आपूर्ति नगर पालिका के लिए एक तरह से चुनौती से कम नहीं कहीं जा सकती है दूसरी तरफ लगातार गिरता हुआ जल स्तर जो की सामान्य तौर पर 120 फीट से 130 फीट पर हुआ करता था आज वह जल स्तर 300 फिर से भी नीचे जा पहुंचा है उसके बाद भी हालत यह है कि प्रतिदिन दर्जनों ट्यूबवेल्स जल स्तर गिरने या फिर तकनीकी दिक्कतों के चलते प्रभावित हो रही है इसके रखरखाव और रिपेयरिंग जहां नगर पालिका एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारी के लिए चुनौती बनी हुई है वहीं दूसरी तरफ शहर वालों के लिए पीने की पानी अभी से ही एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी हो गई है।

मीठा पानी पर रेत माफिया का ग्रहण: हालांकि नगर पालिका बेमेतरा सहित ग्रामीण अंचलों में खारे पानी से लोगों को निजात दिलाने के लिए करोड़ों रुपए का पेयजल आवर्धन योजना बनाई गई इस योजना का उद्देश्य लोगों को शिवनाथ नदी की पानी को फिल्टर कर पीने के लायक बनाकर पानी की आपूर्ति किए जाने का रहा है किंतु इसे विडंबना ही कहीं जा सकती है कि ऐसे संवेदनशील मामले में भी रेत माफियाओं की तिरछी नजर के बने हालात के चलते शिवनाथ नदी पर बने हुए एंनिकेट के गेट खोल दिए जाने के नदी में जल स्तर कम होने के परिणाम स्वरुप पानी की आपूर्ति लगभग सप्ताह भर से बंद पड़ा हुआ है और इसका सीधा-सीधा खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है लोग एक-एक बूंद पानी के लिए मोहताज हो रहे हैं और रेत माफिया रेत उत्खनन कर अपनी कमाई में लगे हुए हैं किंतु ऐसे संवेदनशील मामले में भी प्रशासनिक उदासीनता और इन पर समुचित कार्रवाई का नहीं होना एक तरह से जनभावना की भावनाओं और संवेदनशील मामलों को नजरअंदाज करने वाली बात ही कहीं जा सकती है.

संवेदनशील मामले में प्रशासनिक उदासीनता समझ से परे.... पीने के पानी जैसे संवेदनशील मामले में कुछ रसूखदार एवं रेत माफिया के द्वारा लगातार शिवनाथ नदी को अपनी कमाई का अड्डा बनाकर रेत उत्खनन में लगे हुए हैं और इनसे जुड़े हुए लोगों के द्वारा गेट खोलकर रेत का उत्खनन किया जा रहा है पर इन पर अब तक समुचित कार्यवाही का नहीं होना जहां एक जन चर्चा के विषय बना हुआ है वहीं दूसरी तरफ सीधे-सीधे लोगों का यहां तक कहना है की प्रशासनिक संरक्षण में रेत उत्खनन कार्य को अंजाम दिया जा रहा और लोग पीने के पानी के लिए मोहताज हो रहे हैं आखिर प्रशासन की ऐसी क्या मजबूरी है जो इन पर कार्यवाही करने से बच रही है.

इस संबंध में बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रशासन लगातार अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही कर रही है और आगे भी यह कार्यवाही जारी रहेगी

रामनवमी से पहले माता कौशल्या की हुई गोद भराई रस्म

तात्यापारा चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में महिलाओं ने किया भव्य आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। तात्यापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में नवरात्र की पंचमी के दिन माता कौशल्या की गोद भराई (डोहाळ जेवण) की रस्म हर्षोल्लास के साथ उत्सवपूर्वक पूरी की गई। मंदिर समिति की नमिता शेष ने बताया कि रामनवमी पर श्रीराम के जन्मोत्सव के पूर्व यह परंपरा निभाई जाती है। हम जिसे अपने घरों पर नवजात के जन्म के पहले गोद भराई की रस्म अदायगी की है। ठीक उसी तरह मंदिर समिति के सदस्यों और महिलाओं द्वारा यह रस्म निभाई गई। माता कौशल्या के स्नान, श्रृंगार के साथ उन्हें नाना प्रकार के व्यंजनों और फलों का भोग लगाया गया। उनकी ओटी (आंचल) भरी गई।

कार्यकारिणी सदस्य सुरेखा हिशीकर, रिया खानखोजे और आराधना शेष ने बताया कि कार्यक्रम में समाज की करीब सौ महिलाएं उपस्थित थीं। समाज की बुजुर्ग महिलाओं ने डोहाळ (गर्भवती महिला) के गीत के साथ माता कौशल्या और श्रीराम के सुंदर भजन गाये। उसके बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर माता कौशल्या प्रतिमा और मंदिर में आयोजन स्थल की खूबसूरत सजावट की गई।

कौशल विकास प्रशिक्षण एकेडमी का शुभारंभ

पहले दिन से 130 बच्चों को दी जाएगी नि:शुल्क प्रशिक्षण

धमधा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत डंगनिया विकास खण्ड धमधा के अंतर्गत एक बड़ा काम किया जा रहा है जो गाँव के सरपंच सुन्दर लाल साहू अपने व्यक्तिगत पांच लाख रुपये खर्च कर कौशल विकास प्रशिक्षण सरपंच एकेडमी केन्द्र का शुभारंभ महावीर पटेल बी आर सी एवं बेनी राम वर्मा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी के कर कमलों से हुआ। बी आर सी महावीर जी ने कहा कि लोगों को सिलाई कढ़ाई बुनाई, ब्युटी पार्लर, जीम ,धारा प्रवाह अंग्रेजी बोलना, धारा प्रवाह संस्कृत बोलना, कंप्युटर सीखना रोजगार मूलक बनेगा । बेनी राम जी ने कहा कि इस प्रशिक्षण से आत्म निर्भरता आएगा स्वरोजगार दिखाई देगा। गांव के बच्चे सभी शिक्षित हो सभी को रोजगार मिले अपने पैरों पर खड़ा हो समाज के मुख्य धारा से जुड़े अपने आप को किसी क्षेत्र में कम ना पाए यह तभी संभव है जब शिक्षा दिक्षा अच्छा मिले आधुनिकीकरण की ओर आगे बढ़े गांव में इन्हें वह समुचित साधन मिले जो शहरों में रहते हैं ।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
CHHATTISGARH RURAL ROAD DEVELOPMENT AGENCY
PROJECT CIRCLE, BILASPUR (C.G)

NIT No 215/110/Tender/CGRRDA/2025 — Bilaspur Dated 03/04/2025

Superintending Engineer, Project Circle Bilaspur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for, Annual Repair & Maintenance of Roads under MMGSVY, sanctioned for below mentioned district of the state, from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e- registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e- procurement:

S.No	NIT No	Work Name	Amount (Rs. in Lakhs)	Districts	Rate invited
01	215	Zonal Tender Annual Maintenance/ MOW/Patch Repair/Renewal Work / Road work /Other Minor work of Construction Rural Road Under MMGSVY	100.00	Bilaspur	Percentage Rate SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur **(1st Call)**

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in. on or after 08/04/2025. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of the website.

S.-43440/1

Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle, Bilaspur, (C.G.)
E-mail: se_pmgsybsp@yahoo.com

राज्यपाल रमेन डेका ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत किया पौधारोपण

महान विभूतियों की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया नमन

भाटापारा/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने जिला प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी माताजी स्व. चंपावती डेका के नाम पर मौलश्री का पौधा रोपण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर मे छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, शहीद वीर नारायण सिंह एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उन्हें नमन किया।राज्यपाल डेका ने इस दौरान पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील भी की। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, राज्यपाल के उप सचिव हिना अमिनेश नेताम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नवागढ़ नगर में जल संकट, नागरिकों में रोष

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड नंबर 08 और 15 में पिछले कुछ दिनों से पानी आपूर्ति बाधित होने के कारण नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल संकट के चलते स्थानीय निवासियों को दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष का आश्वासन : नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और जल्द ही जल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

पानी आपूर्ति में बाधा, नागरिक परेशान

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वार्डों में पानी के सभी स्त्रोत बंद हो गए हैं, जिससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नगर पंचायत द्वारा केवल एक-एक दिन के अंतराल में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जो जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19578 दिनांक 03.04.2025
वार्ड का नाम- 68- खूबचंद बघेल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित भवन/ भूमि RPR567C00988 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAJENDRA DEWANGAN पिता/पति ITWARI RAM DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KRISHNA KUMAR JANGHEL पिता/पति LATE. BHAV SINGH JANGHEL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख, रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	166274 प्रथम आमंत्रण 24.03.2025	जिला सूरजपुर में बड़कापारा-पंपापुर-कोट-पटना मार्ग लं. 9.70 कि.मी. का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य।	2074.80
2	166278 प्रथम आमंत्रण 24.03.2025	जिला कबीरधाम के कवर्धा बायपास (पुराना) मार्ग लंबाई 1.30 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	399.14
3	166309 द्वितीय आमंत्रण 26.03.2025	जिला रायगढ़ के रायगढ़ बायपास, गोवर्धनपुर रामपुर मार्ग में केलो नदी पर निर्मित पुल के स्लैब के पुर्ननिर्माण हेतु कार्य।	235.75
4	166310 चतुर्थ आमंत्रण 26.03.2025	जिला कोरिया के गिरवानी से डौकाडांड पहुंच मार्ग लंबाई 4.436 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	666.86
5	166316 प्रथम आमंत्रण 26.03.2025	मारडूम से करलाकोंटा मार्ग लंबाई 7.81 कि.मी का पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	778.19
6	166339 प्रथम आमंत्रण 27.03.2025	जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत आमगांव रावसवाही पाण्डेपारा मार्ग लंबाई 5.100 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	928.51
7	166347 तृतीय आमंत्रण 27.03.2025	शासकीय डी.के. कालेज बलौदाबाजार में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक (08 लेन 400 मीटर एवं 8000 वर्गमीटर)का निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग। जमा मद कार्य।	898.68

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 04 एवं सं.क्र. 07 दिनांक 08.04.2025, सं.क्र. 05 से सं.क्र. 06 दिनांक 21.04.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 15.04.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी- 25600001/4

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. योजना के अंतर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी.-I/E/153 सेक्टर 04 में श्रीमती शोभा अग्रवाल पति डा. शिव कुमार अग्रवाल को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 23.08.2005 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/ भवन के विक्रय हेतु दिनांक 26.03.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्री गणेश राम बेनर्जी पिता श्री गोविंद राम बेनर्जी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19544 दिनांक 02.04.2025
वार्ड का नाम- 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-67 स्थित भवन/ भूमि RPR663H0015B जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती Suman Singh पिता/पति Atul Singh के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Kunti Dasharath Uprade पिता/पति Dasharath Uprade ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख, रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बालोद (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक- 01/वाहन/2025-2026 बालोद, दिनांक 01/04/2025

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जिला कार्यालय खनिज शाखा बालोद के कार्यो में उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के अंतर्गत वाहन (महिन्द्रा बोलेरो/स्कार्पियो) किराये पर लिया जाना प्रस्तावित है। अतः पंजीकृत इकाईयों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	निविदा क्रमांक	निविदा का संक्षिप्त विवरण	धरोहर राशि (रु.)
1	खनिज शाखा जिला कार्यालय बालोद 01/2025-26	किराये पर वाहन लेने हेतु	1,00,000.00

1. निविदा प्रपत्र दिनांक 22.04.2025 से दिनांक 28.04.2025 (शासकीय अवकाश को छोड़कर) तक कार्यालयीन समय तक प्राप्त किए जा सकते हैं। (निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में ही स्वीकार किया जावेगा।)
2. निविदा प्रपत्र को कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा बाक्स में डालना अनिवार्य होगा।
3. निविदा खोलने की तिथि 29.04.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे।
4. निविदा की शेष शर्तें कार्यालय की सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट www.balod.gov.in पर भी पढ़ी जा सकेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी-252600041/3

खनि अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा
शीतला मंदिर के पास सिंधौरी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
E-mail id-eeres.bemetara@gmail.com Phone No. 07824222332
क्र./4818/का.अभि./वलेलि/ग्रा.या.सेवा/2024-25 बेमेतरा, दिनांक 28/03/2025

सामग्री निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 16
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से मनरेगा एवं अन्य योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य महतारी सदन भवन के समीप सामुदायिक शौचालय काम्पलेक्स निर्माण कार्य लिये सामग्री प्रदाय हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार अथवा वाणिज्यिकार विभाग में सामग्री प्रदाय हेतु पंजीकृत फर्म/डीलर से कार्य विभाग मैनुअल के अपेडिक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र ''सी'' में स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 11.04.2025 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

प्राप्त निविदाएं निदांक 15.04.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, आनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 28.03.2025 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालय अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-252600019/3

(महाजन बांधड़े)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बेमेतरा
जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

धमतरी में वाटरशेड रथ को कलेक्टर अबिनाश ने दिखाई हरी झंडी

■ भोथीडीह में पानी की पाठशाला, नुक्कड़-नाटक, रंगोली प्रतियोगिता

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर से वाटरशेड रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के मगरलोड विकासखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर जल संरक्षण और भूमि संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करेगा। ग्रामीणों को इस रथ के माध्यम से पानी बचाने, पानी का समुचित उपयोग करने, जमीन के उर्वरा शक्ति को बचाने-बढ़ाने के लिए किए जाने वाले उपायो की जानकारी ऑडियो वीजुअल माध्यम से दी जाएगी। धमतरी जिले में यह रथ जलग्रहण मिशन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से भूमि संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा भेजा गया है। यह रथ दो अप्रैल को धमतरी पहुंचा है।

उप संचालक कृषि श्री मोनेश साहू ने बताया कि ग्रामीणों में जल संरक्षण, भू-संरक्षण एवं पौध सम्रक्षण को बढ़ावा देकर लोगों को सजग करने और आने वाली पीढ़ी को जल जगल एवं जमीन को बचाने की जानकारी देना के उद्देश्य से यह यात्रा शुरू की गई है। धमतरी जिले में गर्मी के मौसम में गिरते हुए भूजल स्तर को ध्यान में रखते हुए बारिश के पानी को संरक्षित करने और पानी का सदुपयोग करने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटरशेड सरचना आदि के साथ ही कम पानी वाली फसलों दलहन-तिलहन लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

वॉटरशेड यात्रा रथ पहुंची भोथीडीह, आयोजित हुए कार्यक्रम

कलेक्टोरेट परिसर से खाना होकर यह वाटरशेड यात्रा रथ मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम भोथीडीह स्थित माइक्रोवाटरशेड समिति पहुंची, जहां विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। अधिकारियों ने लोगों जागरूक करते हुए यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसके कुशल संचालन एवं वाटरशेड विकास कार्यो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार भूमि संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जिले के मगरलोड विकासखंड के भोथीडीह माइक्रोवाटरशेड समिति में वाटरशेड यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जल संरक्षण में भागीदारी निभाने ग्रामीणों को जागरूक किया गया। बारिश के पानी को सरक्षित करने और भूजल स्तर को बढ़ाने के सबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके लिए मिट्टी और पक्के वाटरशेड संरचनाओं जैसे स्टापडेम, चेकडेम, कुआ तालाब, डबरी गलीं प्लग, कंटूर ट्रेंच, सोखपीट एव पौधारोपण आदि के माध्यम से संरक्षित करने पर जोर दिया गया। यह भी बताया गया कि इस वाटरशेड यात्रा का मुख्य उद्देश्य जल, जंगल, जमीन को संरक्षित करना है। इस अवसर पर रैली, पानी की पाठशाला, नुक्कड नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, पानी बचाने के संबंध में शपथ और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड विरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर, मीना साहू, जनपद सदस्य नंदिनी साहू, सरपंच दीक्षा पटेल, उप सरपंच रामबाई निषाद सहित रोहित मोहन साहू शत्रुघ्न साहू, होरी लाल साहू, एवन साहू आदि स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थि थे। इसके अलावा परियोजना अधिकारी सकेश कुमार जोशी और कृषि एवं संबंधित विभाग का अमला भी मौजूद रहा।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर-एसपी ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि मनुष्य का जीवन दुर्लभ, अनमोल एवं बेशकीमती है। उन्होंने नशापान से ग्रसित लोगों को नशे की अभिशाप से मुक्त होकर अपने परिवार एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल आज जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड नंबर 20 पाररास में स्थित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में पहुँचकर नशापान से छुटकारा पाने हेतु भर्ती लोगों को समझाईश दे रहे थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री एसआर भगत ने अधिकारियों के साथ पाररास में पहुँचकर नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र के व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी श्री चन्द्रेश कुमार ठाकुर एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेडाम भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में भर्ती लोगों को नशापान के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें नशापान से दुर रहकर नए जीवन के शुरूआत करने की सीख भी दी। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि नशापान करना मानव जीवन के लिए सबसे बड़ा शत्रु एवं उसके प्रगति में सबसे बड़ा बाधक है। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि नशापान से नशेड़ी व्यक्ति के पतन होने के साथ-साथ उनके परिवार में भी हमेशा अशांति एवं कलह बना रहता है। उन्होंने कहा कि नशापान से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, चारित्रिक, नैतिक सभी प्रकार के पतन होने के साथ-साथ आर्थिक क्षति एवं सामाजिक प्रतिष्ठा भी धूमिल होती है। इसके अलावा इसकी कीमत नशापान करने वाले व्यक्ति के अलावा उसके परिवार, आसपास के लोगों तथा संपूर्ण समाज को भी चुकानी पड़ती है। इसलिए पूरे समाज को नशे के अभिशाप से मुक्त होकर अपने ऊर्जा का उपयोग स्वयं के अलावा अपने परिवार, समाज तथा राष्ट्र के हित में लगाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक श्री एसआर भगत ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में भर्ती लोगों को समझाईश देते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन बहुमूल्य एवं अत्यंत सुंदर है। इसलिए हम सभी को नशे में रत रहकर अपने कीमती जीवन को बर्बाद नही करना चाहिए।

सीईओ जिला पंचायत ने गुण्डरदेही विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का किया औचक निरीक्षण

बालोद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने हितग्राहियों से बातचीत करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने गुरुवार को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चिरचार के आश्रित ग्राम बम्हनी के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही उमाकांत साहू, पुनउराम, लीलाबाई, ग्राम पंचायत भरदाकला के हितग्राही कुशल, कुंती बाई संतराम, परमानंद, चन्द्रबाई, जोतकुवर, टेगसिंग, भुवनेश्वर तथा ग्राम पंचायत गब्दी के हितग्राही रतीराम, राजकुमार एवं सुरेशकुमार के निर्माणाधीन आवासों में पहुंचकर आवास निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।

जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की

नवरात्रि में बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल

■ दूर-दराज क्षेत्रों से दर्शनार्थी बड़ी संख्या में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे

राजनांदगांव/नव प्रदेश। चैत्र नवरात्रि में माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए गए हैं और पैदल यात्रियों की सेवा की जा रही है। दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दशनार्थी माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को कानून व्यवस्था, सुरक्षा तथा पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदयात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से मार्गों के मरम्मत, बैरेकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, साईन बोर्ड के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त दवाईयों की उपलब्धता के लिए विशेष तौर पर कहा। भ्रमण के दौरान आकस्मिक स्थिति की जानकारी मिलने पर कंट्रोल रूम में फोन पर सूचना देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मेला अवधि में सुचारू एवं निर्बाध विद्युत व्यवस्था का नियंत्रण एवं संचालन होना चाहिए। साथ ही पेयजल की सतत आपूर्ति होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पैदल यात्रियों के लिए दवाई, मलहम पट्टी की व्यवस्था के निर्देश दिए है। माँ बम्लेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए की गई सुविधाओं, व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला प्रशासन एवं स्वयं सेवा भावी संस्थाओं द्वारा पैदल यात्रियों के लिए सेवा पंडाल लगाए गए हैं। भक्तगणों की सुविधा के लिए रोपवे सहित सेवा पंडालों में पेयजल, भोजन, नाश्ते की व्यवस्था की गई है, वहीं ग्राम पंचायतों द्वारा पैदल यात्रियों के रूकने, आराम करने तथा पंखे, कूलर और पानी की व्यवस्था की गई है। डोंगरगढ़ जा रहे सरोना रायपुर के गणेश बाघ ने बताया कि वे विगत 15-16 वर्षो से माता के दर्शन के लिए पैदल यात्रा कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले शेर बनकर आया था, इस वर्ष बजरंगबली बनकर आया हूं। उन्होंने जिला प्रशासन व सेवा पंडाल में की गई, विश्राम और भोजन की व्यवस्था की प्रशंसा की। सेवा पंडालों में जय माता दी सेवा पंडाल मुसरा में फ्ल, बुंदी, सेव, जलेबी पोहा फ्ल, फ्लाहार नाश्ते में तथा भोजन की अच्छी व्यवस्था थी। पंचमी तक 24 घंटे यहां पैदल यात्रियों को सेवा भाव के साथ खाना खिलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओआरएस घोल, मूव, पैरासीटामाल, मलहम पट्टी एवं अन्य दवाईयों की व्यवस्था थी। दूर से आते-जाते श्रद्धालुओं के पैर में छाले पड़ गए हैं। उनकी मलहम पट्टी की जा रही है। रायपुर से आ रहे टेकेश्वर यादव ने बताया कि भोजन की अच्छी व्यवस्था के साथ ही चिकित्सा की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। साथ ही पंखे-कूलर की अच्छी व्यवस्था है। रायपुर पंडरी के पैदल यात्री मानव डोंगरे ने बताया कि हर वर्ष 10-12 लोगों का दल डोंगरगढ़ के लिए यात्रा करते हैं, यह मेरा दूसरा वर्ष है। ग्राम पंचायतों द्वारा माड़ीतराई में यात्रियों के रूकने और चाय-पानी की अच्छी व्यवस्था है। ग्राम बेलगांव में भी विशाल भंडार समिति एवं नगर पंचायत द्वारा यात्रियों के लिए रूकने और खाने पीने की अच्छी व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पैदल यात्रियों के लिए ईलाज, दवाई की व्यवस्था की गई है।

गठुला में बड़ा एक्सीडेंट-ट्रक की टक्कर से गाय का कटा पेट

■ बजरंग दल एवं पशु चिकित्सालय के प्रयासों से हुआ सफल उपचार

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। राजनांदगांव के समीपस्थ गांव ग्राम गठुला में एक गाय का पेट ट्रक की चपेट में आकर फट गया,हादसा इतना भयानक था कि अंदर का खाना बाहर आ रहा था, जिसका इलाज न होने पर मृत्यु होना निश्चित थी। बजरंगदल जिला संयोजक सुनील सेन ने बताया कि संगठन के प्रति तत्परता एवं विस्तार के कारण ही आज इतने बड़े हादसे से गौमाता को बचाया गया और संगठन की देख रेख ने रखा जाना प्रशंसनीय है,वे खंड गठुला के बजरंगीयो की इस साहसिक कार्यो हेतु सराहना करते है। बजरंग दल के गौरक्षा जिला प्रमुख अंशुल कसार ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही तत्काल बजरंगदल गठुला के पृथ्वी साहू,नवीन साहू,भीष्म एवं नरेंद्र साहू आदि गौ सेवको एवं ग्रामवासियों के द्वारा गौ को राजनांदगांव लाने की व्यवस्था की गई और जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव लाया गया एवं सफ्ल उपचार किया गया है। यहां के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर तरुण रामटेके एवं इंटर्नशिप के स्टूडेंट के द्वारा समय रहते गाय के पेट को सूचर कर एंटीबायोटिक और पेन किलर दिया गया, जिससे अब गाय खतरे से बाहर है और नियमित देखरेख एवं 4-5 दिन एंटीबायोटिक पेन किलर देने से गाय पूरी तरह से ठीक हो जाएगा इलाज सफ्ल रहा ।

निर्माणाधीन आवास का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ माटीकला प्रशिक्षण केन्द्र में सुविधाएं विकसित करने दिए निर्देश

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को अपने कुरूद प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत् बन रहे घरों का अवलोकन किया और इसकी मैदानी हकीकत जानी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत किए जा रहे सर्वे की प्रगति, योजना के तहत पात्र-अपात्र हितग्राहियों की संख्या और अब तक बन चुके आवास तथा उनके भुगतान आदि की जानकारी उपस्थित अधिकारियों से ली। इस दौरान कलेक्टर ने गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी की उपलब्धता, पेयजल की नियमित आपूर्ति, बोर की संख्या सहित जल स्त्रोत की उपलब्धता आदि के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की। कलेक्टर मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की हितग्राही ग्राम उमरदा की निर्मला बाई के घर भी पहुंचे और घर निर्माण की गुणवत्ता देखी। निर्मला बाई ने कलेक्टर को बताया कि वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उसका घर स्वीकृत हुआ है। योजना अंतर्गत 2 किश्तों का भुगतान उसे प्राप्त हो गया है, जिसकी मदद से उन्होंने अपने मकान को छत लेबल तक पूरा कर लिया है। निर्मला ने बताया कि घर पूरा करने के लिए अंतिम किश्त अभी मिलनी बाकी है, किश्त मिलते ही छत ढलाई का भी काम पूरा हो जायेगा। कलेक्टर ने उक्त कार्य को शीघ्र पूरा करने कहा। प्रवास के दौरान कलेक्टर ने मंदरौद स्थित माटीकला प्रशिक्षण भवन का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से गांव व गांव के आसपास कुम्हार परिवारों की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि माटीकला से अधिक से अधिक कुम्हार परिवारो को जोड़कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें। ताकि उनके कार्य में आधुनिकता अनुरूप निखार आ सके। इसके लिए भवन में सभी मूलभूत सुविधायें जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसले के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिला अधिकारी एवं लिपिकों की बैठक में दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संयुक्त जिला कार्यालय के राजस्व, भू-अभिलेख एवं निर्वाचन शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं लिपिकों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में समय-सीमा के भीतर कार्यालय में प्राप्त पत्रों, जनदर्शन एवं जनशिकायत के लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये।

सुपोषित पंचायतों को मिलेगा 1 लाख का पुरस्कार

धमतरी/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा पूरे देश में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत देश की सबसे सुपोषित एक हजार ग्राम पंचायतों को एक-एक लाख रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। सबसे अधिक सुपोषित पंचायतों वाले पहले तीन जिलों को भी सम्मानित किया जाएगा। धमतरी जिले में इस अभियान के लिए 132 ग्राम पंचायतें पात्र हुई हैं। धमतरी विकासखण्ड में 35, कुरूद विकासखण्ड में 25, नगरी विकासखण्ड में 57 और मगरलोड विकासखण्ड में 15 ग्राम पंचायतों को इस अभियान में शामिल किया गया है। अभियान के तहत इन पंचायतों में आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण और सत्यापन दूसरे राज्यों के निरीक्षण दलों तथा केन्द्र सरकार के निरीक्षण दल द्वारा किया जाएगा। अभियान में शामिल इन पंचायतों की समीक्षा पोषण ट्रेकर एप पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर निरंतर की जाएगी। निरीक्षण दलों द्वारा केन्द्र स्तर पर पाई गई वास्तविक स्थिति और पोषण ट्रेकर में की गई एंट्रियों के आधार पर सर्वोत्कृष्ट सुपोषित ग्राम पंचायत का चयन किया जाएगा। सर्वोत्कृष्ट ग्राम पंचायतों का थर्ड पार्टी असेसमेंट भी होगा तथा लाभान्वित हितग्राहियों का फीडबैक भी लिया जाएगा। सबसे सुपोषित ग्राम पंचायतों की घोषणा आगामी सितम्बर माह में की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जगरानी एक्का ने बताया कि सुपोषित पंचायत अभियान के दौरान जिले की शामिल सभी 132 ग्राम पंचायतों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग और पोषण स्तर की सतत् निगरानी की जाएगी।

मगरलोड सीएचसी में भी मिलेगी सिजेरियन प्रसव की सुविधा

■ जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के प्रसव में होगी आसानी

धमतरी/नवप्रदेश। मगरलोड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जल्द ही जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिलने लगेगी। इसके लिए जरूरी तैयारियों और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने जिले के सीएमएचओ डॉ.यू.एल.कौशिक ने स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के दूरस्थ मगरलोड सीएचसी में इस सुविधा के लिए अपने भ्रमण के दौरान सख्त निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर अमल करते हुए सीएमएचओ, एनीस्थिशिया विशेषज्ञ डॉ. टीआर ध्रुव और गायकोनॉलॉजिस्ट डॉ. महेश शर्मा के साथ टीम ने ऑपरेशन थियेटर से लेकर अस्पताल में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का परीक्षण किया। इस दौरान सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुसार सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है, ताकि उन्हें निजी अस्पतालों में बड़े खर्चे करके अपना प्रसव ना कराना पड़े। डॉ.कौशिक ने इसके लिए सभी डॉक्टरों और मेडिकल टीम के कर्मचारियों को तैयार रहने को कहा। सीएमएचओ ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी जरूरी सेवाएं उपलब्धता अनुसार निःशुल्क दी जाती हैं। धमतरी जिले में पिछले वित्तीय वर्ष में प्रसव के दौरान केवल 13 महिलाओं की मृत्यु हुई है। स्वास्थ्य केन्द्रों में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की खून जांच, यूरिन और शुगर जांच आदि समय-समय पर करके उनकी सूची प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रखी जाती है। डॉ.कौशिक ने बताया कि ऐसी महिलाओं के निर्धारित प्रसव तिथि पर स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकता अनुसार विशेषज्ञों की उपस्थिति में सिजेरियन प्रसव कराया जाता है।

हमारे प्रेरणास्रोत ... साहू समाज ने सदैव अपनी कर्मठता, परिश्रम और त्याग से समाज को आगे बढ़ाया

माता कर्मा सिर्फ एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं, वे समाज सुधारक, भक्ति और सेवा की प्रतीक : ईश्वर साहू

■ भक्त माता कर्मा जयंती घोटवानी में विधायक ईश्वर साहू बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

साजा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घोटवानी मे साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साजा विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए।

विधायक ईश्वर साहू ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पूरा परिसर भक्त माता कर्मा की जय के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू ने कहा भक्त माता कर्मा सिर्फएक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं थीं, बल्कि वे समाज सुधार, भक्ति और सेवा की प्रतीक थीं।

उन्होंने समर्पण, निष्ठा और परोपकार का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। साहू समाज ने हमेशा अपने कर्मठता, परिश्रम और त्याग से समाज को आगे बढ़ाया है और माता कर्मा की शिक्षाएं हमें इसी मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

उन्होंने आगे कहा आज की यह पावन जयंती हमें माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। हम सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू ने कहा साहू समाज देश का सबसे बड़ा और संगठित समाज है, जो अपने परिश्रम, कर्मठता और समाजसेवा के लिए जाना जाता है।

यह समाज न केवल अपनी एकता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आगे कहा आज मैं इस मंच पर आपके आशीर्वाद और सहयोग से बैठा हूं। आप सभी के समर्थन और युवा, महिलाओं, नौजवानों के सहयोग से मुझे साजा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह समाज की शक्ति और एकता का प्रमाण है।

सप्ताह में एक दिन सिर्री में लगेगा तहसीलदार कोर्ट

धमतरी/नवप्रदेश। कुरूद अनुभाग के सिर्री में मंजूर हुए उप तहसील कार्यालय में अब हर सप्ताह गुरूवार को तहसीलदार कोर्ट लगेगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने दैनिक समाचार पत्रों में इस संबंध में छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए कुरूद एसडीएम को जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। सिर्री के समरसता भवन में अब हर गुरूवार को नायब तहसीलदार श्री दुर्गेश कंवर शासकीय कामकाज संचालित करेंगे। सिर्री के उप तहसील कार्यालय को नियमित रूप से संचालित करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं। पहले चरण में सप्ताह में एक दिन नायब तहसीलदार को सिर्री में कार्यालय लगाकर स्थानीय निवासियों के राजस्व संबंधी कामों को करने और राजस्व मामलों को निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। सिर्री में हर गुरूवार को लगने वाले बाजार के दिन यह व्यवस्था की जा रही है। इस व्यवस्था से सिर्री सहित आसपास के क्षेत्रों से अपने दैनिक जरूरत की चीजें खरीदने बाजार आने वाले लोगों को राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण में खासी सुविधा हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों पर बृजमोहन खफा

संसद में उठाया मुद्दा

रायपुर। रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर संसद में सवाल उठाया। उन्होंने सरकार से यह जानकारी मांगी कि क्या छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी के लिए कोई विशेष समिति गठित की गई है। यदि ऐसा है, तो उसकी अनुशंसाओं को सार्वजनिक किया जाएगा या नहीं, और इस संबंध में विस्तृत जानकारी कब तक प्रस्तुत की जाएगी।अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रभावी तंत्र स्थापित करने पर भी जानकारी मांगी है। जिसपर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने बताया कि सरकार ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी के लिए कोई विशेष समिति गठित नहीं की है। हालांकि, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने 12 दिसंबर 2024 के परिपत्र के माध्यम से एक राष्ट्रीय समिति का गठन किया है, जो प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के भ्रामक प्रचार का समाधान करने, उपभोक्ताओं को सही जानकारी सुनिश्चित करने और नैतिक विज्ञापन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है।

छत्तीसगढ़ में सवर्ण आयोग के गठन की मांग जोरों से उठी

■ नवनियुक्त आयोग के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं : संदीप तिवारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ सवर्ण आयोग की मांग निरंतर पिछले कुछ वर्षों से हो रही है। सवर्ण संघर्ष समिति के संयोजक संदीप तिवारी ने जारी एक बयान में कहा कि जिस प्रकार अन्य समाज के आयोग का गठन छत्तीसगढ़ में हुआ है, उसी प्रकार सवर्ण आयोग का गठन भी बहुत जल्द होना चाहिए। संदीप तिवारी ने सभी नवनियुक्त आयोग के पदाधिकारियों को एवं सदस्यों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ में सवर्ण आयोग का गठन किया जाए।

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय जी की सरकार द्वारा विभिन्न समाजों को सामाजिक उत्थान की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है, जिसमें छ.ग. के लगभग सभी समाज का प्रतिनिधित्व लोगों के बीच है, सिवाय सवर्ण को छोड़। सवर्ण संघर्ष समिति के संयोजक संदीप तिवारी ने मुख्यमंत्री को एक पत्र के माध्यम से संज्ञान में लाया था कि छत्तीसगढ़ में निवासरत् 08 प्रतिशत से भी ज्यादा सवर्ण लोगों के सामाजिक उत्थान को लेकर सवर्ण आयोग का गठन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, सवर्ण समाज हमेशा से सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते आ रही है, परन्तु इस वर्ग के लिए किसी आयोग का गठन न होने की वजह से यह समाज अपने आपको उपेक्षित महसूस करता है। इसलिए अब जरूरी हो गया है कि इस तरह के आयोग का गठन करने अविलंब घोषणा होनी चाहिए।

संदीप तिवारी ने आगे कहा, छ.ग. के हर विधानसभा में चाहे वह आरक्षित सीट क्यों न हो, कुछ न कुछ प्रतिशत सवर्णों की उपस्थिति रहती है। ऐसे में यह वर्ग अपने आपको ठगा महसूस करता है जब उन्हें किसी तरह का सामाजिक उत्थान को लेकर राजनैतिक महत्व नहीं मिलता। इसलिए आज सवर्ण समाज के जनमानस के मध्य भी नये आयोग बनाने की मांग उठ रही है। सवर्ण आयोग के गठन से सवर्ण समाज में भी एकजुटता आएगी एवं वर्तमान सरकार के प्रति अन्य समाजों की तरह यह समाज भी लगातार पार्टी हित में कार्य करने तत्पर रहेगी।

संदीप तिवारी ने विभिन्न निगम मंडलों में नियुक्तियों के साथ ही नवगठित विभिन्न समाज के आयोगों में समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व दिए जाने की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, इस तरह के आयोगों के गठन से निश्चित तौर पर राजनीति में सामाजिक हिस्सेदारी बढ़ेगी। उन्होंने इसी को दृष्टिगत रखते हुए सवर्ण समाज की भावनाओं से मुख्यमंत्री जी को पूर्व में भी अवगत् कराया है और पत्र लिखकर कहा कि अब वो समय आ गया है जब सवर्ण समुदाय के लिए भी आयोग का गठन किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि ऐसे आयोगों के गठन के बीच अब समय आ गया है कि सवर्ण समाज को भी राजनीति के मुख्य धारा में प्रतिनिधित्व दिए जाने के साथ जोड़ा जाए। छ.ग. में 08 प्रतिशत से भी ज्यादा सवर्ण समाज के लोग राजनीति में अपनी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी निभाते हैं। लोगों की अपेक्षा है कि सवर्ण समाज को भी एक आयोग के रूप में गठित कर महत्वपूर्ण स्थान दिया जाए।

6 अप्रैल को स्थापना दिवस व 14 को अंबेडकर जयंती: धरमलाल कौशिक

जांजगीर चांपा। भाजपा स्थापना दिवस और भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारियों को लेकर जांजगीर पहुंचे प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक धरमलाल कौशिक ने बैठक व उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि 4 और 5 को मंडलों में तैयारी हेतु बैठके आयोजित की जाएगी। 6 अप्रैल को हर कार्यकर्ता अपने घरों से लेकर अन्य स्थानों पर पार्टी का झंडा लगाएं। पार्टी का स्थापना दिवस 12 अप्रैल तक चलेगा। जबकि 13 से 25 अप्रैल तक बाबा साहेब की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रविवार को स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारी बैठक में जांजगीर पहुंचे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का जिले के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया आगे श्री कौशिक ने स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को हर कार्यकर्ता गंभीरता से लेकर सफ्लतापूर्वक संपन्न कराएं उन्होंने कहा किकि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुका है। लेकिन इसकी शुरूआत करने वाले लोगों को भी याद किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री कौशिक ने कहा कि 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर हर कार्यकर्ता अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाए। जबकि 7 अप्रैल को बूथों पर स्थापना दिवस मनाएं। 8 और 9 अप्रैल को मंडल स्तर विधानसभा स्तर पर सम्मेलन होंगे।

पूर्व विधायक विकास ने किया कुम्हारी टोल प्लाजा का विरोध

■ कुम्हारी टोल प्लाजा को मिल रहा भाजपा सरकार का संरक्षण, अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी चल रहा है अवैध वसूली का कार्य

रायपुर (छत्तीसगढ़)। आज शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने एनएचएआई के दफ्तर में प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिग्वीजय सिंह से मिलकर कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर चर्चा किये। विकास उपाध्याय ने कुम्हारी टोल प्लाजा की समयावधि पूर्ण हो जाने के पश्चात् भी टैक्स वसूलने को लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कुम्हारी टोल प्लाजा को निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार का संरक्षण मिल रहा है, जिसके कारण वहाँ अभी भी अवैध वसूली का कार्य चल रहा है। विकास उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी का दिनांक 19 मार्च 2021 का न्यूज़ है कि सदन में उन्होंने कहा था कि बहुत जल्द संपूर्ण भारत में टोल नाके बंद किये जायेंगे और सिर्फजीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जायेगा। वहीं दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद कराने सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी से भेंट-मुलाकात कर पत्र सौंपा था और उन्होंने मीडिया पर झूठा ऐलान भी किया कि जल्द ही कुम्हारी टोल प्लाजा बंद होगा। विकास उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह तक घोषणा किये थे कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में ही दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला जो कथन है वो कितना सही है। लोगों को दिग्भ्रमित करने के लिए एनएचएआई ने एक योजना लागू करने की बात कही थी जिसमें साल का 3000 एवं 15 साल का 30000 रूपये जमा कर कार्ड जारी करने की बात कही गई थी जिससे उपभोक्ता को साल भर कोई टोल टैक्स देने की जरूरत नहीं है और यही नियम 15 साल वाली योजना पर भी थी। जबकि ऐसी कोई भी योजना लागू नहीं की गई, बल्कि जिन क्षेत्रों में टोल प्लाजा खुले हैं वहाँ के स्थानीय रहवासियों को भी टोल टैक्स भुगतान कर ईधर से उधर जाना पड़ता है।

विकास उपाध्याय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) 60 किलोमीटर के दायरे के भीतर दो से तीन टोल प्लाजा के माध्यम से टैक्स वसूल कर जनता की जेबें काट रही है। छत्तीसगढ़ में कृषि संबंधित ट्रांसपोर्टिंग सर्वाधिक होती है और छत्तीसगढ़ के जनमानस को भारतीय जनता पार्टी गुमराह कर उनसे इस तरह की टैक्स वसूलने में अपनी कोई कसर नहीं छोड़ रही है, अब तो 1 अप्रैल से टोल नाकों की दरों में भी वृद्धि हो गई है, कुम्हारी टोल नाके में कार, जीप वैन के लिए जाना 25 तो आना-जाना 40 रूपये, वहीं लाइट मोटर, मिनी बस के लिए 40 और 60 रूपये, बस ट्रक टू एक्सल के लिए 85-125 रूपये, थ्री एक्सएल, कंस्ट्रक्शन मशीनरी वाले वाहन के लिए 85-130 रूपये, मल्टी एक्सल व्हीकल के लिए 165-250 रूपये, ओवर साइज व्हीकल के लिए 180-270 रूपये की दरें निर्धारित किये गये हैं। विकास उपाध्याय ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने का निर्णय नहीं लेगी तो इस टोल प्लाजा को बंद कराने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आन्दोलन करेगी एवं सड़क पर उतरेगी। आज के इस कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के साथ पार्षद संदीप साहू, मनीराम साहू, सत्यनारायण नायक, राकेश धोतरे, बबीता नत्थानी, अमन गिल, विकास अग्रवाल, अशोक ठाकुर, देवकुमार साहू, नवीन चन्द्राकर, सोहन शर्मा, अमित शर्मा मोन्टा, संदीप सिरमोर, पप्पू खैरा, शंकर साहू, योगेश तिवारी, बंशी कन्नौजे, राजू शर्मा, डेमेन्द्र यदु, अजय निषाद, भूपेन्द्र साहू, हैप्पी वाजवा, दिलीप गुप्ता, सैफउल्ला, अजय सिंह, बबलू, सतनाम सिंह, संदीप तिवारी सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

अम्लेश्वर पालिका में 100 करोड़ का बजट पारित

■ पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने किया बजट पेश

■ पक्ष विपक्ष ने कहा मिलकर करेंगे अम्लेश्वर का विकास

अमलेश्वर। दुर्ग/नवप्रदेश। अम्लेश्वर पालिका में आज का दिन बजट के रूप में याद किया जाएगा। पालिका बनने के बाद प्रथम पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर अपना पहला बजट पेश किया जो 100 करोड़ का बजट है।पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने लगभग सभी वर्गों तथा अमलेश्वर पालिका क्षेत्र का ध्यान में रखते हुए अपना बजट बनाया है सबका साथ सबका विकास अपने नारे के अनुरूप ही उन्होंने बजट पेश किया है।तत्पश्चात परिचय कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने भी अपना परिचय दिया फिर क्रमशः नगर पालिका की सीएमओ प्रीति गुप्ता, कार्यपालन अभियंता प्रवीण साहू ढालेंद्र ठाकुर, अकाउंटेंट सचिन नासरे सहित सभी कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों को अपना परिचय दियाबैठक में अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने नगर के विकास का समर्थन दिया है। पी आई सी मेंबरों में विकास कार्यों पर चर्चा की गई। और पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने सभी का समर्थन कर पारित कराया। जिसमें जल कार्य, प्रकाश व्यवस्था, एम्बुलेंस, छात्रों के स्कॉलरशिप और शिक्षा पर जोर दिया गया। शोक के कार्यक्रम में पानी टैंकर को हाफ रेट में दिया जाएगा। लगभग 100 करोड रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया। साथ ही पक्ष और विपक्ष पार्षदों ने अवैध प्लाटिंग अवैध कब्जा और अवैध निर्माण पर रोक लगाने पर विचार किया गया। जिसमें पालिका प्रशासन के द्वारा अवैध कब्जा पर रोक लगाने का अधिकार पटवारी तहसीलदार एसडीएम को होने की बात कही साथ ही निर्माण कार्य पर रोक लगाने की बात कही गई।

बैठक में डॉक्टर आलोक पाल, घनश्याम प्रसाद साहू, राजू सोनकर, भेज लाल सोनकर, दीपक घीघोड़े,खूबीराम सोनकर, डोमन यादव, मालती साहू, रामेश्वरी ठाकुर, लेखनी साहू, सेवती निषाद, मीना रानी चेलक, यामिनी यादव, सोहन निषाद ,हेमलाल साहू, नीलम मिंज सहित पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900182

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी दामोदर पिता/पति नारायण मानपुरे पता भिलाईनगर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1338/20(0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संदीप दामोदर मानापुरे पिता/पति स्व. दामोदर मानापुरे पता म.नं. 51 न्यू दीपक नगर दुर्ग, सुधा मानापुरे पिता/पति स्व. दामोदर मानापुरे पता म.नं. 51 न्यू दीपक नगर दुर्ग, नितिन दामोदर पिता/पति स्व. दामोदर मानापुरे पता म.नं. 51 न्यू दीपक नगर दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511117792

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी शंकर दयाल पाण्डेय पिता/पति स्व. राकेश कुमार पाण्डेय पता मोहननगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 331/4(0.0133) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता उषा संतोष गजभिये पिता/पति अमीत लक्ष्मण मेश्राम पता एसबीआई बैंक कालोनी सेक्टर-08 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग
-: सूचना पत्र :-

क्रमांक 53/ दिनांक 27.03.2025

प्रति,
1. आवेदक
2. रायपुर धर्म प्रदेशिया समाज प्रीस्ट इंजार्च कैथलिक चर्च संचालक फादर थामस।

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत्।

ग्राम कोहका प.ह.नं. 45. रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 6535, 6538, 6545, 6552 रकबा 0.09, 0.16, 1.12, 0.05 हे का सीमांकन स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 898 दिनांक 10/3/2028 के परिपालन में दिनांक 05/04/2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, कोहका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग
-: सूचना पत्र :-

क्रमांक 54/ दिनांक 27.03.2025

प्रति,
1. आवेदक
2. रायपुर धर्म प्रदेशिया समाज प्रीस्ट इंजार्च कैथलिक चर्च संचालक फादर थामस।

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत्।

ग्राम कोहका प.ह.नं. 45. रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 6529, 6576/2 रकबा 0.190, 0.070 हे का सीमांकन स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 898 दिनांक 10/3/2028 के परिपालन में दिनांक 05/04/2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, कोहका

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राधेश्याम निर्मलकर वगै. पिता स्व. अगर सिंह निवासी ग्राम बघेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बघेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 256/3 रकबा 0.0080 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका जीर्ण-शीर्ण हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुरली भद्रण उम्र - 46 वर्ष, पिता एक एस. भद्रण, निवासी- 8/10, सड़क नं. 2, वार्ड नं. 2, ऋषभ नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ यह कि मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजो, एवं जन्म प्रमाण पत्र मे उसका नाम एम. शुभ पिता मुरली भद्रण (M. SHUBH S/O MURLI BHADRAN) दर्ज है एवं उसके आधार कार्ड मे उसका नाम मुरली शुभ पिता मुरली भद्रण दर्ज है जिसे परिवर्तित कर नया नाम शुभ मुरली पिता मुरली भद्रण (SHUBH MURLI S/O MURLI BHADRAN) कर लिया है। कि भविष्य मेरे पुत्र को नये नाम शुभ मुरली पिता मुरली भद्रण (SHUBH MURLI S/O MURLI BHADRAN) के नाम से जाना पहचाना, पुकारा, पढ़ा लिखा जावें।

शपथकर्ता
मुरली भद्रण
पिता एक एस. भद्रण,
निवासी- 8/10, सड़क नं. 2, वार्ड नं. 2, ऋषभनगर दुर्ग
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202503101200037 /अ-27/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष पिता खोरबाहरा वगै. निवासी ग्राम व पोस्ट रिसामा तह. व जिला दुर्ग मौजा ग्राम रिसामा प.ह.न 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग द्वारा भूमि खसरा नंबर 955, 960 रकबा 0.0900, 0.4600 हे. को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 21.04.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं थनवार साहू पिता श्री समारू राम उम्र 66 वर्ष निवासी 248 जीवन प्लाजा के पीछे दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्न अभिकथन शपथपूर्वक पेश करता हूं यह कि मैं उपरोक्त पते पर ही निवास करता हू। यह कि मेरे नाम पर मेरा आधार कार्ड क्रं. 4627 8755 2750 बना हुआ है जिसमें मेरा नाम धनवार साहू पिता समारू राम (DHAVAR SAHU S/O SAMAROO RAM SAHU) दर्ज है जो की गलत है जिसे सुधार कराना चाहता हूं। यह कि मेरे नाम पर बना मेरा ड्राईविंग लाईसेंस एवं मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम थनवार साहू (THANWAR SAHU) दर्ज है तथा मैं उसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूं। यह कि थनवार साहू एवं धनवार साहू दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा एक ही व्यक्ति हूं। यह कि मैं अपने नाम पर बना आधार कार्ड में अपना सही नाम थनवार साहू (THANWAR SAHU) सुधार कराना चाहता हूं जिसके लिये छ.ग. राजपत्र मे प्रकाशन कराने के लिये यह शपथपत्र की आवश्यकता है।

शपथकर्ता
थनवार साहू
पिता श्री समारू राम
निवासी 248 जीवन प्लाजा के पीछे दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. (छ.ग.)

फोटो-

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती उमा बाई | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400427/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका उमा बाई आ./पति श्री सियाराम रात्रे निवासी सड़क 33 सेक्टर-7 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उतई प.ह.न. 42 तह. व जिला दुर्ग	217/11	0.020 हें 2500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती उमा बाई | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400418/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका उमा बाई आ./पति श्री सियाराम रात्रे निवासी सड़क 33 सेक्टर-7 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	723/6	0.0292 हें 1347 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री दीपक कुमार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400419/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री दीपक कुमार आ. श्री शंकरलाल बंधे निवासी चन्द्रनगर उमरपोटी भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	723/9	0.020 हें 1402 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम भारती | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400421/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका भारती आ./पति श्री बहल सिंग सोनवानी निवासी मरोदा भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	723/2	0.020 हें 1328 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती अनिता | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400420/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री अनिता आ./पति श्री हेमंत कुमार निवासी पंचवटी कालोनी बिलासपुर जिला बिलासपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	723/7	0.020 हें 1722ह्या वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504103300002 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं. 202504103300002/1-6-अ/वर्ष 2024-25 आवेदक रमेशर साहू पिता स्व. गोकुल साहू निवासी-ढोला पारा चौक, ग्राम अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 24 रा.नि.म. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 208/1, 232/1, 262/1, 262/3 रकबा 0.2500, 0.1950, 0.0900, 0.0650 हे0 कुल खसरा 4 कुल रकबा 0.6000 हे. भूमि आवेदक रमेशर पिता बकरू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि मे वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता का नाम बकरू दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है। आवेदक के पिता का सही नाम गोकुल साहू है। उक्त भूमि पर आवेदक के पिता के नाम में हुई त्रुटि को सुधार कर आवेदक रमेशर पिता गोकुल साहू दर्ज कर त्रुटिसुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 16/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग-03 (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम हेमिन बाई कोसले | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400116/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हेमिन बाई कोसले आ./पति श्री कल्याण कोसले निवासी रायपुर तह.व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	856/2	0.0287 हें 3087 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री रविशंकर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400417/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री रविशंकर आ./पति श्री कुमार निवासी बाजार चौक सिरसाकला चरोदा जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	723/8	0.0108 हें 1165 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

प्राथमिक शाला जामपानी से प्रेरणा मरकाम का नवोदय विद्यालय में चयन

नगरी/नवप्रदेश। - नगरी ब्लाक के बिहड़ वनांचल क्षेत्र में बसे शासकीय प्राथमिक शाला जामपानी (कसपुर) के कुमारी प्रेरणा मरकाम पिता बलिराम मरकाम का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद सत्र 2025 -26 के लिए हुआ है। इस सफलता के पीछे वहां के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार कोटेंद्र को श्रेय जाता है ।यह वही शिक्षक है जो प्राथमिक शाला बरबांधा में रहते हुए अब तक वहां के 30 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय और 20 बच्चों का चयन एकलव्य विद्यालय के लिए करा चुके हैं। पदोन्नति पश्चात जामपानी में आने के बाद इस स्कूल में भी शाला समय के अतिरिक्त समय देकर एवं कड़ी

मेहनत से पहले ही प्रयास में एक बच्चे का नवोदय विद्यालय में चयन करा दिया ।बच्ची के चयन होने पर प्रधान पाठक कृष्ण कुमार कोटेंद्र सहायक शिक्षक रामसाय सिन्हा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपसरपंच श्री जीवनलाल कुंजाम आप सभी ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिए।

धरना स्थल पर बजाएंगे नगाड़ा, रामायण गान, सरकार को सदबुद्धि देने करेंगे हनुमान चालीसा पाठ

पंचायत सचिवो की जारी हड़ताल में बदली रणनीति

खैरागढ़/नवप्रदेश। शासकीय करण की मांग को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे पंचायत सचिव अपनी मांगो पर सरकार द्वारा कोई प्रतिक्रिया नही दिए जाने पर अब नई रणनीति के तहत चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत करेंगें । प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आव्हान पर चल रही पंचायत सचिवो की अनिश्चितकालीन हड़ताल मे पंचायत सचिव अब सरकार को जगाने धरना स्थल पर नगाड़ा बजाएगें, रामायण का सामुहिक गान करेंगे।

इसके बाद भी सरकार नही जागी तो सचिव संघ क्रमिक भूख हड़ताल कर सरकार को सदबुद्धि देने धरना स्थल पर

ही हनुमान चालीसा का पाठ करेंगें । पंचायत सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष जोगेश्वर धनकर ने बताया कि प्रदेश संघ के निर्देश पर अप्रेल माह मे चरणबद्ध तरीके से किए जाने वाले आंदोलन की रूपरेखा तय कर ली गई है ।

जिला अधिकारी कर्मचारी संघ ने दिया समर्थन : पंचायत सचिवो के शासकीयकरण की मांग को लेकर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को जिला अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारियो ने धरना स्थल पहुँच अपना समर्थन दिया और सरकार से मांग जल्द पूरी करने आव्हान किया । संघर्ष शुल्क भी उपलब्ध कराते फेडरेशन के जिला संयोजक प्रखर शरण सिंह ने कहा कि पंचायत सचिवो की मांग जायज है । सचिव पंचायत की रीढ़ है । उनके बिना गांव काविकास संभव नही है । सिंह ने कहा कि शासन के तुगलकी फरमान से डरने की जरूरत नही है हड़ताल मे मांग पूरी होते तक डटे रहना है । इस दौरान फेडरेशन के दिलीप सिंह बैस, हर्षबहादुर सिंह, ध्रुव कुमार सोनी, सीआर कूंजाम, जेएन सरिया, मुकेश भटट, नवीन महोबे, रूपकुमार यदु,सहित सचिव संघ के नूतन साहू, हेमराज वर्मा, गौतम साहू, खेलन ध्रुर्वे, कांति जांगडे, खिलेश्वरी पटेल, नाजनीन नियाजी सहित अन्य मौजूद रहे ।

प्रधानमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

पंचायत सचिव संघ मोदी की गारंटी के रूप मे सरकार के घोषणापत्र मे शामिल पंचायत सचिवो के शासकीयकरण की मांग को पूरा कराने 6 अप्रेल तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगें ।7 अप्रेल को जिला स्तर पर रैली निकालकर कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा । 8 अप्रेल को जनपद स्तर पर धरना स्थल पर नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन होगा । 9 अप्रेल को रामायण गान 10 अप्रेल को धरना पंडाल मे ही महावीर जयंती का आयोजन , 11 अप्रेल को क्रमिक भूख हड़ताल की शुरूआत होगी । 12 अप्रेल को धरना स्थल पर सरकार को जगाने हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा ।20 अप्रेल को प्रदेश सचिव संघ के साथ जंतर मंतर दिल्ली रवाना होकर 21 अप्रेल से दिल्ली मे धरना प्रदर्शन और अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगा ।

छात्रा के साथ अश्लील हरकत, संगीत विवि के प्राध्यापक चौबे निलंबित

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिराकला संगीत विवि मे छात्रा के साथ अश्लील हरकत , छेड़छाड़ के डेढ़ साल पूराने मामले मे राष्टीय महिला आयोग के निर्देश के बाद पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही मे गिरफ्तार प्राध्यापक योगेन्द्र चौबे को संगीत विवि कुलपति सत्यनारायण राठौर ने निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए । मामले मे महिला आयोग के निर्देश के बाद हूई कार्यवाही मे पुलिस ने मामले की जांच के बाद प्राध्यापक चौबे के खिलाफपर्याप्त साक्ष्य इकटठा कर विभिन्न धाराओ के तहत गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय राजनांदगांव मे पेश किया था । मामले की गंभीरता को देखते न्यायालय ने चौबे को जेल भेजन के आदेश दिए थे । इसके बाद विवि प्रबंधन ने मामले को संज्ञान मे लेते बुधवार को चौबे को निलंबित किए जाने के आदेश जारी किए । इधर न्यायालय मे प्राध्यापक योगेन्द्र चौबे की जमानत याचिका भी खारिज कर दी है ।

प्रेमलाल साहू का राष्ट्रीय साइकिलिंग स्पर्धा में चयन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शैक्षणिक संस्था सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय की कक्षा बीसीए तृतीय वर्ष का छात्र प्रेमलाल साहू का साइकिलिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। महाविद्यालय के खेल अधिकारी शिव कुमार पांडेय ने यह जानकारी दी है कि विगत दिनों पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के आदेशानुसार नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर में अंतर महाविद्यालय 20 किलोमीटर साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें 12 महाविद्यालय के 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र प्रेमलाल साहू ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया, जिसके बाद उसका चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता महाराजा श्री गंगा सिंह यूनिवर्सिटी बिकानेर राजस्थान के लिए हुआ है। छात्र के चयन होने पर महाविद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, डायरेक्टर भावना यश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ मनोज मिश्रा, महाविद्यालय खेल विभाग के समस्त राष्ट्रीय खिलाड़ी तथा सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने प्रेमलाल साहू को राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रौशन करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

शीला रानी महोब का निधन

खैरागढ़/नवप्रदेश। ईतवारीबाजार वार्ड 9 की पूर्व पार्षद और पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष रही शीलारानी महोबे का गूरूवार सुबह हृदयाघात से

निधन हो गया । वह न्यायालय मे दस्तावेज लेखक विष्णुकांत महोबे की पत्नी थी । गूरूवार दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार अमलीपारा स्थित मुक्तिधाम मे किया गया । उन्हे विभिन्न संघ, संगठनो सहित परिजनो और समाज ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।

मंडी बोर्ड से 2.5 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा स्कूल भवन, 9 माह में करना था पूरा

28 माह में बाद भी आत्मानंद स्कूल पड़ा है अधूरा

ठेकेदार पर विभाग/प्रशासन/सरकार क्यों हैं इतना मेहरबान

साजा/नवप्रदेश। पूरे राज्य में मंडी बोर्ड का सबसे ज्यादा कार्य साजा विधानसभा में स्वीकृति होना माना जाता हैं। वहीं इन कार्यों में जमकर भर्राशाही की गई हैं। जिसके चलते विभागीय अधिकारी व ठेकेदार दोनों की बल्ले बल्ले रही, जो अब भी जारी हैं। इसका ताजा व प्रत्यक्ष प्रमाण साजा के ही आत्मानंद स्कूल भवन को देख कर लगाया जा सकता हैं, जो कि यह भवन को 9 माह में पूरा होना था, मगर आज 28 माह बाद भी अधूरा हैं। इससे ही सहज अनुमान लगाया जा सकता हैं कि विभागीय अधिकारीयों व ठेकेदारों का संबंध कितना सुमधुर हैं।

विधानसभा व ब्लाक मुख्यालय साजा में पूर्व सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में से एक आत्मानंद स्कूल की स्वीकृति साजा नगर को प्राप्त हुई, जिसका उद्देश्य नगर सहित अंचल के बच्चों को अच्छी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकें। स्वीकृति पश्चात नगर के बालक प्राथमिक शाला को यथा संभव जीर्णोधार कर संचालित किया गया। वहीं सुचारु रूप से संचालित करने के लिए शासन द्वारा नए स्कूल भवन के

दोनों सरकार को लगाया जा रहा चूना

उक्त विभाग मंडी बोर्ड द्वारा दोनों सरकार (पूर्व व वर्तमान) को चूना लगाया जा रहा हैं। क्योंकि यह स्कूल भवन पूर्व सरकार में ही पूरा हो जाना था, नहीं हुआ, उसके बाद नये सरकार में भी कब से हो जाना था, मगर इस सरकार का भी कार्यकाल भी डेढ़ वर्ष से ज्यादा हो रहा हैं। इससे विभाग की कार्यशैली स्वतः ही प्रमाणित हो जाती हैं कि विभागीय अधिकारी ठेकेदार पर कितना मेहरबान हैं।वहीं वस्तु स्थिति को देखते हुए सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि विभागीय अधिकारियों सहित प्रशासनीक अधिकारी व सरकार का भी ठेकेदार को खुला संरक्षण प्राप्त हैं। आखिर ठेकेदारों पर अधिकारीयों की इतनी मेहरबानी क्यों? खास बात एक और कि यह मेहरबान मुफ्त में तो की नहीं जाती।

लिए करोड़ो रुपए की राशि की स्वीकृति की गई। जिसके पश्चात स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, जिसको 9 माह में पूरा होना था, वह आज 28 माह होने को हैं फिर भी पूरा नहीं हो पाया हैं।

आत्मानंद में आत्मा लगने का हैं इंतजार : नगर के इस आत्मानंद स्कूल में आत्मा लगने का नगर सहित पूरा अंचल इंतजार में हैं। नगरवासी अपने बच्चों के लिए नए स्कूल भवन की राह तांक रहें हैं। 28 माह पश्चात भी भवन का पूरा नहीं होना अपने आप में आश्चर्य का विषय हैं। उनका सरकार से सवाल हैं कब मिलेगा उनके बच्चों को नया स्कूल भवन?

विभाग से प्राप्त जानकारी - मंडी बोर्ड विभाग से जानकारी के अनुसार आत्मानंद स्कूल भवन साजा व थान

खम्हरिया के निर्माण के लिए शासन द्वारा 4.5573 करोड़ रुपये की स्वीकृति हैं। इस हिसाब से साजा के आत्मानंद स्कूल भवन के लिए लगभग 2.5 करोड़ की राशि की स्वीकृति की गई, जिसका निर्माण मंडी बोर्ड विभाग के अंतर्गत कराया जा रहा हैं। स्कूल भवन का निर्माण कार्य दिसंबर 2022 से किया जा रहा हैं। इस स्कूल भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 9 माह का समय सीमा दिया गया था। जो कि अब तक पूरा नहीं हो पाया हैं।

ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं करने पर उसका ठेका निरस्त कर दिया गया हैं। उच्च कार्यालय के आदेश व निर्देश पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

- अजय सिंह, एसडीओ, मंडी बोर्ड

इलाके में महुआ और अवैध शराब बिक्री बंद कराने कलेक्ट्रेट पहुंचे उदयपुर के ग्रामीण

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के उदयपूर इलाके मे अवैध और महुआ शराब की बिक्री से परेशान ग्रामीणो ने कलेक्ट्रेट पहुँच अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप उदयपूर मे सरकारी शराब दुकान खुलवाने की मांग की है । बड़ी संख्या मे कलेक्ट्रेट पहुँचे ग्रामीणो ने अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर को दिए ज्ञापन मे कहा कि छूईखदान ब्लाक स्थित उदयपूर इलाके का प्रमुख व्यापारिक केन्द्र है । जहाँ आसपास के 15 से अधिक गांवों के लोग व्यापार करते है । गांव सहित आसपास के इलाके मे अवैध तरीके से महुआ शराब बनाकर बेचने का व्यापार चरम पर है । महुआ शराब की आसानी से उपलब्धता के चलते ग्रामीण और युवा इसकी गिरफ्त मे लगातार आ रहे है । अवैध महुआ शराब के साथ साथ अवैध तरीके से शराब बिक्री का कारोबार लगातार फल फूल रहा है । इसके कारण इस महुआ शराब और अवैध शराब बिक्री रोकने उदयपूर मे सरकारी शराब दुकान खोलने से गली गली मे बिक रही अवैध शराब की बिक्री बंद हो पाएगी । व्यापारिक दृष्टिकोण से शराब दुकान होने से उदयपूर मे व्यापार मे बढोत्तरी होगी

। शासन को बेहतर राजस्व मिलेगा । इसलिए सभी ग्रामीण उदयपूर मे शराब दुकान खोलने अपनी सहमति देने तैयार है।

महिलाएं ही बेच रही शराब: ज्ञापन सौंपने के दौरान पहुँचे ग्रामीणो ने बताया कि इलाके मे अवैध शराब बिक्री रोकने महिला समूहो द्वारा बैठक कर कार्ययोजना बनाए जाने का प्रस्ताव किया गया था । लेकिन अधिकांश क्षेत्रो मे कूछ महिलाएं ही अवैध शराब बिक्री कर रही है । जिसके कारण भी अवैध शराब बिक्री का कारोबार लगातार बढ़ रहा है । शराब दुकान खोले जाने से अवैध शराब बिक्री पर लगाम कसा जा सकेगा । इस दौरान अनिल विश्वकर्मा, पूनम तिवारी, मीना जंघेल, नारायण तिवारी, धनेश निषाद, राहुल मिश्रा, अनलि मांडले, सुरेश जंघेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे ।

अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, तीन हाईवा जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्ती जारी है। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन हाईवा वाहन जब्त किए। ये वाहन अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे थे। जब्त किए गए वाहनों में छ्त्र25 क्क 8118 मालिक सिद्दीकी खान, छ्त्र25 रू2229 मालिक प्रतीक सिंघानिया और छ्त्र04 क्क्ष 1063 मालिक दिनेश यदु शामिल हैं। इन वाहनों को मटका और बसनी राका गांव के पास पकड़ा गया और बेमेतरा थाने में रखा गया

है। इसके अलावा डगनिया शिवनाथ नदी घाट पर अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने जांच की, लेकिन वहां कोई वाहन नहीं मिला। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने खनिज एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसी गतिविधियों पर सख्त नजर रखें और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

एसएसपी ने ली राजपत्रित अधिकारियों एवं मालमुंशी प्रभारी की बैठक

जप्त गांजा को सेंट्रल मालखाना बेमेतरा में जमा करने दिये गए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना/चौकी के मालमुंशी प्रभारी की बैठक ली। जिसमें जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की नष्टीकरण के लिए न्यायालय निर्णय उपरांत जप्त मादक पदार्थ गांजा को रक्षित केन्द्र में स्थित सेंट्रल मालखाना बेमेतरा में जमा करने निर्देश दिये गए। जिले के थाना/चौकी वार थाना/चौकी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में मालखाना में जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की जानकारी लिया गया। थाना/चौकी में दर्ज एनडीपीएस

एक्ट के ऐसे प्रकरण जिसमें न्यायालय द्वारा निर्णय किया गया है तथा जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा थाना/चौकी में रखा है। ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में विचाराधीन है, किन्तु जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा थाना/चौकी में रखा है। ऐसे प्रकरण जो थाना/चौकी में विवेचनाधीन है एवं जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा थाना/चौकी में रखा है की जानकारी थाना/चौकी वार लिया जाकर निर्देशित किया गया कि थाना/चौकी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के ऐसे प्रकरण जिसमें न्यायालय में चालान पेश किया गया है तथा न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया जा चुका है ऐसे प्रकरणो में जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा नष्टीकरण के लिए रक्षित केन्द्र में स्थित सेंट्रल मालखाना बेमेतरा में जमा करने निर्देश दिये गए। ताकि अवैध मादक पदार्थ गांजा नष्टीकरण की कार्यवाही जल्द से जल्द किया जा सके। वहीं असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, अपराध नियंत्रण एवं लघु अधिनियम प्रकरणों में ध्याने देने, अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

पूर्व सांसद चन्दू लाल को देवांगन ने दी बधाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने आज गुरुवार सुबह श्री साहू के राजिम स्थित निवास पहुंचकर श्री साहू को उनकी नियुक्ति पर बुके भेंटकर बधाई देते हुए उनसे आशीर्वाद लिया । श्री साहू ने भी किशोर को पुत्रवत आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की ।



देवांगन ने बताया कि चंदूलाल जी छत्तीसगढ़ की राजनीति में अजेय योद्धा हैं । अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में उन्होंने दिग्गज अमितेश शुक्ल को पराजित कर हर किसी को हैरान करते हुए राजिम विधानसभा में कमल खिलाया था । इसके बाद अपने पहले सांसद चुनाव में साहू समाज के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साहू को, तो दूसरे चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी को पराजित कर अपने राजनीतिक कौशल का परिचय दिया । इन सबके अलावा पार्टी संगठन द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी, उस पर भी वे विपरीत परिस्थितियों के बावजूद खरा उतरते आए हैं । यानि कुल मिलाकर कहा जाय तो चंदूलाल जी शायद ऐसे नेता हैं, जिन्होंने पार्टी को कभी निराश नहीं किया है । देवांगन ने उम्मीद जताते हुए कहा चंदूलाल जी को राज्य वेयरहाउस का अध्यक्ष बनाया जाना, निश्चित तौर पर राज्य वेयरहाउस प्रशासन के लिए सकारात्मक साबित होगा ।

चैत्र नवरात्रि पंचमी पर श्रृंगार और पूजा -अर्चना

नगरी/नवप्रदेश। नगरी मुख्यालय से करीबन 35 किमी दूर वनांचल क्षेत्र गौतम ऋषि में चैत्र नवरात्रि में 9 ज्योत प्रज्वलित किया गया पंचम दिवस विशेष पंचमी श्रृंगार पूजा अर्चन किया गया तथा पुजारी एवं समिति के सदस्यों ने जन कल्याण की कामना की इसमें साधु समिति मादांगिरी (बारहपाली)के अध्यक्ष गणेश राम मांडवी उपाध्यक्ष डोमार सिंह मरकाम सचिव परषोत्तम पद्माकर कोषाध्यक्ष जागेश्वर मरकाम सहसचिव गैंदालाल नेताम सेवक संजय भंडारी पुजारी भारत लाल मरकाम आदि उपस्थित थे।

पीएम अन्नदाता संरक्षण | *किसानों को मिलेगा फायदा, खर्च कम होगा, जिले मे बढ़ेगा तिलहन और दलहन फसलो का रकबा*

पहली बार तीन सहकारी समितियों में होगी तिलहन और दलहन फसलों की समर्थन मूल्य में खरीदी

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना के तहत प्राइस सर्पोर्ट स्कीम के तहत अब जिले मे अरहर, मुंग, उड़द, मुंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर, सरसो फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए जिले मे पहली बार तीन नए खरीदी केन्द्र बनाए गए गए है । इसके लिए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने विपणन अधिकारी, सहकारी बैंक अधिकारियो को निर्देश जारी किए है । पहली बार जिले मे ही दलहन और तिलहन फसलो की समर्थन मूल्य पर होने वाली खरीदी से इसका उपार्जन करने वाले किसानो को सीधा फायदा

मिलेगा तो दूसरी ओर समर्थन मूल्य मे जिले मे ही खरीदी होने से किसान इन फसलो की ओर आकर्षित होगें और इन फसलो का रकबा भी बढ़ सकेगा । इन फसलो की बिक्री समर्थन मूल्य पर एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही कर सकेंगें।

मुढ़ीपार, बाजार अतरिया और गंडई मे होगी खरीदी : तिलहन और दलहन फसलो की समर्थन मूल्य पर जिले मे होने वाली खरीदी तीन सहकारी समितियों मे की जाएगी । खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक सेवा सहकारी समिति बाजार अतरिया और मुढ़ीपार तथा छूईखदान विकासखंड मे प्राथमिक सेवा सहकारी समिति गंडई मे इन फसलो की समर्थन मूल्य मे खरीदी की जाएगी ।

इसके लिए जारी आदेश मे अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन ,सरसों की खरीदी आगामी 15 मई तक चलेगी । जबकि चना और मसूर की खरीदी 30 मई तक की जाएगी । समर्थन मूल्य मे खरीदी से किसानो को फसलो का पर्याप्त दाम मिल सकेगा और बाजार सहित व्यापारियो के पास औनेपौने दर पर बेचने का झंझट भी दूर होगा ।

निर्धारित की गई सीमा

खरीफ विपणनवर्ष 24- 25 के तहत अरहर, मुंग और उड़द फसलो की अधिकतम सीमा प्रति एकड़ तीन क्विंटल निर्धारित की गई है । मूंगफली का प्रति एकड़ 7 क्विंटल, सोयाबीन का प्रति एकड़ पांच क्विंटल मात्रा निर्धारित है । इसी तरह विपणनवर्ष 25-26 के तहत चना का प्रतिएकड़ 6 क्विंटल, मसूर का प्रति एकड़ दो क्विंटल, और सरसो का प्रति एकड़ 5 क्विंटल सीमा निर्धारित किए गए है ।

जिले मे बढ़ रहा रकबा

जिले मे समुचित व्यवस्था के तहत तिलहन और दलहन फसलो का रकबा भी लगातार बढ़ रहा है । धान के अलावा किसान चना, अरहर, सहित तिलहन और दलहन फसलो की ओर आकर्षित हो रहे है । शासन स्तर पर योजनाओ के जिले मे बेहतर क्रियान्वयन, जिला प्रशासन के साथ कृषि अमले की सक्रियता के चलते अन्य फसलो की ओर बढ़ रहे किसानो से इन फसलो के रकबो मे लगातार बढोत्तरी हो रही है । गत वर्ष की तुलना मे ही धान के अलावा मक्का, कोदा कुटकी, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल, सोयाबीन की फसलो मे सौ हेक्टेयर से अधिक का रकबा बढ़ा है । स्थानीय स्तर पर ही खरीदी शुरू होने से सीधा फायदा किसानो को मिलेगा । पहले इन फसलो की बिक्री समर्थन मूल्य पर राजनांदगांव मुख्यालय मे होने से कई किसान वहाँ उपज बेचने से कतराते थे । उपर से आवाजाही और भाड़ा भारी पड़ता था । अब स्थानीय स्तर पर खरीदी से किसानो का मुनाफा बढ़ सकेगा ।

न्यूज गैलरी

अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ : एशियाई बाजार गिरे धड़ाम, जापान को सबसे ज्यादा नुकसान

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ (पारस्परिक टैरिफ) लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को एशियाई बाजारों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी राष्टपति ने चीन पर 34 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, भारत पर 26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 26 प्रतिशत और जापानी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। जापान के निक्की 225 में करीब 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई और व्यापक टॉपिक्स सूचकांक में 3.32 प्रतिशत की गिरावट आई।हांगकांग में, हैंग सेंग सूचकांक में 2.43 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि मुख्य भूमि चीन के शंघाई कंपोजिट सूचकांक में 0.91 प्रतिशत की गिरावट आई।चीन पर नई पारस्परिक दर मौजूदा टैरिफ में जोड़ी जाएगी, जो कुल 20 प्रतिशत होगी, जिसका अर्थ है कि चीनी वस्तुओं पर वास्तविक टैरिफ दर 54 प्रतिशत है।दक्षिण कोरिया में, कोस्पी सूचकांक में 1.29 प्रतिशत की गिरावट आई, जो 3 प्रतिशत से अधिक के नुकसान को कम करती है। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 शुरुआती कारोबार में 1.17 प्रतिशत नीचे था।सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं और 3,153.92 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थीं।भारतीय शेयर बाजार अभी खुलने बाकी थे।अमेरिका में, एसएंडपी 500 0.67 प्रतिशत बढ़कर 5,670.97 पर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.87 प्रतिशत बढ़कर 17,601.05 पर बंद हुआ।30 शेयरों वाला डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 235.36 अंक बढ़कर 42,225.32 पर बंद हुआ। एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला के शेयरों में 5.3 प्रतिशत की तेजी आई।इससे पहले, ट्रंप ने सभी आयातों पर 10 प्रतिशत की बेसलाइन दर और दर्जनों देशों के लिए उच्च व्यक्तिगत दरों की घोषणा की थी।ये शुल्क अमेरिका द्वारा व्यापारिक साझेदार देशों द्वारा अमेरिका से आने वाले सामानों पर लगाए जाने वाले शुल्कों का आधा है, जो टैरिफ और गैर-मौद्रिक बाधाओं का संयुक्त योग है। ट्रंप ने कहा कि दरें कम इसलिए हैं क्योंकि अमेरिकी दयालु हैं।भारतीय शुल्क मामले में (जैसा इस मामले में अमेरिका द्वारा गणना की गई है) अमेरिका एक सूत्र का पालन करता है जिसमें मौद्रिक और गैर-मौद्रिक शुल्क और बाधाएं दोनों शामिल हैं। भारत से आयात पर नया अमेरिकी शुल्क आधा यानी 26 प्रतिशत रखा गया है।

हाउसिंग डॉट कॉम की मूल कंपनी आरईए इंडिया के सीईओ का इस्तीफा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्लासीफाइड प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉट कॉम की मूल कंपनी आरईए इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव अग्रवाल ने अपना खुद का उद्यम शुरू करने के लिए कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। रियल एस्टेट क्लासीफाइड प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉट कॉम की मूल कंपनी आरईए इंडिया के सीईओ ध्रुव अग्रवाल ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को एक बयान में ऑस्ट्रेलिया के आरईए ग्रुप ने घोषणा की कि ध्रुव ने 14 साल तक कारोबार में रहने के बाद आरईए इंडिया के सीईओ पद से हटने का फैसला किया है। बयान में कहा गया, ध्रुव अग्रवाल अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति में सहयोग करेंगे। वे जाने से पहले एक सहज नेतृत्व परिवर्तन सुनिश्चित करने में कंपनी की हरसंभव सहायता करेंगे। नए सीईओ की नियुक्ति के लिए एक व्यापक प्रक्रिया चल रही है। आरईए इंडिया के पास रियल एस्टेट प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉट कॉम और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम का स्वामित्व है। ध्रुव अग्रवाल ने 2011 में प्रॉपटाइगर की सह-स्थापना की थी। इससे पहले 2017 में इसके शुरुआती निवेश के बाद 2020 में ऑस्ट्रेलिया के आरईए ग्रुप ने इसमें नियंत्रण हासिल कर लिया था। उन्होंने हाउसिंग डॉट कॉम के सफल अधिग्रहण का नेतृत्व किया और इस प्लेटफॉर्म के एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाई।

कनेक्टिविटी बढ़ाने और बढ़ती यात्रा जरूरतों से निपटने के लिए निरंतर प्रयासों का प्रमाण

उत्तर रेलवे की रेल परिचालन और यात्री सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान रेल परिचालन और यात्री सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इस वर्ष नई रेल सेवाऐं शुरू की गई, मौजूदा सेवाओं की यात्री वहन क्षमता में वृद्धि की गई,जो यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी और सुविधा में सुधार पर उत्तर रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान उत्तर रेलवे के नेटवर्क में कुल सात नई ट्रेनें, (दो वंदे भारत और पांच एक्सप्रेस ट्रेनें) शामिल की गईं। अधिक गंतव्यों को कवर करने के लिए छह ट्रेनों (चार एक्सप्रेस और दो पैसेंजर ट्रेनें) को यात्रा विस्तार भी दिया गया। तीन रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि की गई। जिससे यात्रियों को अधिक यात्रा विकल्प मिलने से लाभ हुआ। वंदे भारत ट्रेनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, वंदे भारत ट्रेनों के चार सेटों की यात्री क्षमता 16 डिब्बों से बढ़ाकर 20 डिब्बों तक कर दी गई, जबकि एक सेट की क्षमता 8 डिब्बों से बढ़ाकर 16 डिब्बों तक कर दी गई। विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन में तेजी से वृद्धि हुई । उत्तर रेलवे परिक्षेत्र पर कुल 13,658 विशेष ट्रेनें चलाई गईं, जो पिछले वर्ष की 4,487 रेलगाड़ियों की तुलना में काफी अधिक है।

इनमें ग्रीष्म एवं शीतकालीन अवकाश, होली, दिवाली व छठ-पूजा इत्यादि पर्वों के दौरान चलाई गई रेलगाड़ियां शामिल हैं। विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि से यात्रियों के आवागमन में सुधार हुआ, जिसमें शरदकालीन अवकाश विशेष रेलगाड़ियों की सेवाओं में 50.18त्न और होली स्पेशल रेलगाड़ियों की सेवाओं में 46.29त्न की

उल्लेखनीय वृद्धि हुई। तीर्थयात्रियों की मांगों को पूरा करते हुए उत्तर रेलवे ने महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं के परिवहन को कुशलतापूर्वक संभाला, इसी क्रम में उत्तर रेलवे परिक्षेत्र पर (01.01.2025 से 06.03.2025 तक) विभिन्न क्षेत्रों से प्रयाग क्षेत्र तक कुल 2,433 महाकुंभ विशेष ट्रेनें चलाई गईं। इसके अलावा, 142 भारत गौरव ट्रेनें चलाई गईं, जो सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन के विकास में उत्तर रेलवे के योगदान को दर्शाती हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि कोच बढ़ाने की पहल के परिणामस्वरूप उत्तर रेलवे के स्वामित्व वाली 25 जोड़ी ट्रेनों में 64 कोच जोड़े गए, जिससे वर्ष 2024-25 के दौरान 9662 अतिरिक्त फेरे लगाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 316त्न अधिक है। आईसीएफ (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री) रेक को एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) रेक में बदलने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बेहतर सुरक्षा और आराम के लिए 9 जोड़ी ट्रेनों को अपग्रेड किया गया।

रेक का मानकीकरण एक अन्य प्राथमिकता वाला क्षेत्र था, जिसमें उत्तर रेलवे की 37 जोड़ी रेलगाड़ियों को मानकीकृत किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 147 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, 41 जोड़ी ट्रेनों में 88 सामान्य श्रेणी के कोच जोड़े गए, जिससे अनारक्षित श्रेणियों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा हुई। रेल संचालन में उत्तर रेलवे की प्रगति ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने, कनेक्टिविटी बढ़ाने और बढ़ती यात्रा जरूरतों से निपटने के लिए इसके निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। ये विकास भारत की रेल प्रणाली को आधुनिक बनाने और रेलवे परिचालन में समग्र दक्षता बढ़ाने के इसके इरादे का सबूत हैं।

सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में आवश्यक बदलाव किए गए

पीपीएफ खातों में नॉमिनी का विवरण अपडेट करने या जोड़ने पर नहीं लगेगा कोई शुल्क

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया है कि पीपीएफ खातों के लिए नामांकित व्यक्तियों के विवरण अपडेट करने से जुड़े किसी भी शुल्क को हटाने के लिए 2 अप्रैल, 2025 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में आवश्यक बदलाव किए गए हैं।

सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) खातों में नॉमिनी का नाम अपडेट करने या जोड़ने के लिए अब कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सरकार ने अधिसूचना जारी कर इससे जुड़े जरूरी बदलाव कर दिए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसकी जानकारी दी है। वित्त मंत्री के अनुसार, पीपीएफ खातों में नामांकित व्यक्ति के विवरण को अपडेट या संशोधित करने के लिए वित्तीय संस्थानों की ओर से शुल्क लगाया जा रहा है, ऐसी जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि पीपीएफ खातों के लिए नामांकित व्यक्तियों के विवरण अपडेट करने से जुड़े किसी भी शुल्क को हटाने के लिए 2 अप्रैल, 2025 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, सरकार की ओर से संचालित लघु बचत योजनाओं के लिए नामांकन रद्द करने या उसमें बदलाव करने के लिए लिया जाने वाला 50 रुपये का अब शुल्क समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ÷हाल ही में पारित बैंकिंग संशोधन विधेयक 2025, जमाकर्ताओं के धन, लॉकर में रखे गए सामान और सुरक्षा लॉकरों के लिए अधिकतम 4 व्यक्तियों को नामित करने की अनुमति देता है। विधेयक में एक और बदलाव बैंक में किसी व्यक्ति के पर्याप्त हित शब्द को फिर से परिभाषित करने से जुड़ा है। इस सीमा को मौजूदा 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये करने की मांग की गई है।

पांच लाख रुपये की राशि लगभग छह दशक पहले तय की गई थी।इस कानून में सहकारी बैंकों में निदेशकों (अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर) का कार्यकाल 8 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष करने का भी प्रावधान है, ताकि इसे संविधान (97वें संशोधन) अधिनियम, 2011 के अनुरूप बनाया जा सके।

अमेरिकी टैरिफ का भारत को भी होगा नुकसान

नई दिल्ली। भारतीय समय के अनुसार आज सुबह अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 26 फीसदी टैरिफ का ऐलान कर दिया है। भारत समेत दुनिया के कई बड़े देशों में ये अमेरिकी टैरिफ लगने जा रहा है। इससे भारत के कई सेक्टर में नुकसान हो सकता है। इनमें टेक्सटाइल, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक इत्यादि सेक्टर को शामिल किया गया है। ट्रंप ने ये रेसिप्रोकल टैरिफ उन देशों पर लगाया है, जो अमेरिका के मुताबिक उनसे अच्छा खासा टैरिफ वसूल रहे थे। जो भी देश अमेरिका से आई वस्तुओं पर टैरिफ वसूल रहा था। अब अमेरिका भी उन देशों से उतना ही टैरिफ लेगा।बैंकिंग और इंटरनेशनल स्टॉक के विशेषज्ञ अजय बग्गा ने टैरिफ पर कई महत्वपूर्ण बातें कही है। उन्होंने कहा कि ये अमेरिकी टैरिफ कई गणनाओं पर आधारित है। इनमें कस्टम ड्यूटी, करेंसी में बदलाव और जीएसटी को भी शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका ये टैरिफ लागू कर अमेरिका पहले और अकेले होने वाली मानसिकता की ओर बढ़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि ट्रंप के टैरिफ से किन सेक्टर पर प्रभाव पड़ सकता है। अजय बग्गा के मुताबिक भारत के घरेलू बाजार पर इसका प्रभाव देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि भारत के कई बड़े सेक्टर जैसे टेक्सटाइल, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक इत्यादि पर इस टैरिफ का असर देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मेटल और तेल की बिकवाली आज सुबह से डाउन दिख रही है। वहीं फार्मा अभी बाकी सभी पर ध्यान देते हुए, इंतजार के मूड पर है।

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को होगा फायदा : एक्सपर्ट्स

नई दिल्ली। अमेरिका की ओर से चीन, वियतनाम, थाईलैंड और इंडोनेशिया पर भारत की तुलना में अधिक जवाबी टैरिफ लगाए जाने का फायदा देश के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को मिल सकता है। इन देशों को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में भारत का बड़ा प्रतिस्पर्धी माना जाता है। यह जानकारी इंडस्ट्री एक्सपर्ट ने गुरुवार को दी। जानकारों ने कहा कि भारत पर कम अमेरिकी टैरिफ की वजह लीडर्स और वार्ताकारों का असाधारण और अथक प्रयास है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, अमेरिका के साथ भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार लंबी अवधि की साझेदारी और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के सफल समापन पर निर्भर करेगी। बीटीए को अब हमारी व्यापार रणनीति का आधार बनना चाहिए, जिससे स्थिर बाजार पहुंच, टैरिफ पूर्वानुमान और उच्च मूल्य वाले इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा मिल सके। इंडस्ट्री लीडर्स ने कहा कि बदलते भू-राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के साथ, भारत को जोखिमों को कम करने और वैश्विक व्यापार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए व्यापार कूटनीति, घरेलू नीतिगत बदलावों और मजबूती होती इंडस्ट्री का लाभ उठाते हुए तेजी से रणनीति बनानी होगी।

केनरा बैंक Canara Bank — A Government of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 22.04.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **22.04.2025** को **12.30** बजे से दोपहर **2.30** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है ।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 22.04.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 22.04.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1. **श्रीमती रंजनी मानिकपुरी**, मानिकपुरी निवास वार्ड 15, शांति नगर, भिलाई-3, भिलाई, 2. **श्री रोमन दास मानिकपुरी**, मानिकपुरी निवास वार्ड 15, शांति नगर, भिलाई-3.	फ्लैट नं. 46ए (पेन्ट हाउस), छठवीं मंजिल, ब्लॉक- सी1, प.ह.नं. 15/21, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई । क्षेत्रफल- 969.26 वर्गफीट । **चौहद्दीः उत्तर**- खुला छत, **दक्षिण**- खुला आसमान, **पूर्व**- फ्लैट नं. 45ए, **पश्चिम**- फ्लैट नं. 47ए.	07.08.2021 02.11.2021 ₹ 31,56,643.00 02.11.2021 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 24,30,000/- ₹ 2,43,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Smriti Nagar Bhilai (Mo. 9425503197)
श्री शेख कासीम पुत्र- शेख दाउद, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773. एवं **श्रीमती शमसुन निशा मुसलमान पत्नी- शेख कासीम**, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773.	शहर सर्वे पं. 21सी, प्लॉट नं. 166, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, धमतरी, क्षेत्रफल- 118.50 वर्गफीट में स्थित शामिल संपत्ति के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः उत्तर**- मंगल प्रसाद का मकान, **दक्षिण**- नदीम का मकान, **पूर्व**- मंगल प्रसाद का मकान, **पश्चिम**- नगर निगम रोड.	17.02.2020 12.10.2020 ₹ 9,87,471.00 17.02.2020 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 10,00,000/- ₹ 1,00,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 02 Dhamtari Branch (Mo. 9589172700)
श्री जितेन्द्र यादव, फ्लैट नं. 10, द्वितीय तल, ब्लॉक जी-06, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई एवं **श्रीमती मंजु**, फ्लैट नं. 10, द्वितीय तल, ब्लॉक जी-06, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई.	**श्री जितेन्द्र यादव पिता- श्री रामपत सिंह यादव** के नाम पर, फ्लैट नं. 10, द्वितीय तल, ब्लॉक जी-06, प.ह.नं. 15/21, चौहान टाउन, फेस-।।, जुनवानी, भिलाई, जिला दुर्ग क्षेत्रफल- 670 वर्गफीट में स्थित निर्मित संपत्ति के समस्त भाग व अंश । **संपत्ति की चौहद्दीः पूर्व**- खुली जगह एवं ब्लॉक-जी-7, **पश्चिम**- फ्लैट नं. जी-6,9, **उत्तर**- चौहान का खुली भूमि क्षेत्र, **दक्षिण**- फ्लैट नं. जी-6,9.	26.10.2022 03.01.2023 ₹ 21,97,901.00 26.10.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 17,10,000/- ₹ 1,71,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Smriti Nagar Bhilai (Mo. 9425503197)
मेसर्स ए.आर. इण्डस्ट्रीज, प्रोपराईटर- श्रीमती समरुन निशा पति- अब्दुल गफ्फार, 562, कविलाश नगर, शिव मंदिर के पास, बिरगांव, रायपुर-493221. **जमानतदार- श्री अब्दुल गफ्फार पिता- अलादीन खान**, 562, कविलाश नगर, शिव मंदिर के पास, बिरगांव, रायपुर-493221.	**स्वामित्व- अब्दुल गफ्फार पिता- अलादीन खान**, खसरा नं. 85/25, प.ह.नं. 108, धन लक्ष्मी नगर, बंजारी माता वार्ड नं. 5, भनपुरी, रायपुर , क्षेत्रफल- 700 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर**- जवाहर लाल यादव की भूमि, **दक्षिण**- सड़क, **पूर्व**- देवकी देवी की भूमि, **पश्चिम**- बिन्दल की भूमि ।	03.06.2022 25.08.2022 ₹ 20,49,295.00 03.06.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 9,45,000/- ₹ 94,500/- ₹ 10,000/-	Property No. - 04 TP Nagar Branch Raipur (Mo. 9516009425)
1) **मेसर्स त्रिमूर्ति इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन, प्रोप.- श्री लोकेश नाथ उपाध्याय**, म.नं. एलआईजी 61, सेक्टर 2, वार्ड नंबर 31, दुर्गा मैदान के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. 2) **श्री लोकेश नाथ उपाध्याय**, म.नं. एलआईजी 61, सेक्टर 2, वार्ड नंबर 31, दुर्गा मैदान के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. **श्रीमती विनती तिवारी**, म.नं. एलआईजी 117, सेक्टर 2, 43/16, नेहरू नगर पूर्व, दुर्गा मैदान के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001	1. **श्री लोकेश नाथ उपाध्याय** के नाम पर खसरा नं. 379/3, का भाग, पी.सी. नं. 13/18, ग्राम- जामुल, वार्ड नं. 04, आर.आई. सर्कल दुर्ग-1, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल- 2244 वर्गफीट में स्थित प्लॉट नं. 92,93. **चौहद्दीः उत्तर**- सड़क, **दक्षिण**- एसीसी की संपत्ति, **पूर्व**- प्लॉट नं. 94, **पश्चिम**- प्लॉट नं. 91. 2. **श्रीमति विनती उपाध्याय पत्नि- श्री लोकेश नाथ उपाध्याय** के नाम पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-2, वार्ड नं. 31, प.ह.नं. 110/40, आरआईसी रायपुर-1, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग) क्षेत्रफल- 1075 वर्गफीट में स्थित मकान नं. एलआईजी- 61. **चौहद्दीः उत्तर**- एलआईजी मेसोनेट, **दक्षिण**- रास्ता, **पूर्व**- एलआईजी-62, **पश्चिम**- एलआईजी-60.	02.04.2024 26.06.2024 ₹ 95,95,851.38 02.02.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	1: ₹ 20,15,000/- ₹ 2,01,500/- ₹ 10,000/- 2: ₹ 77,65,000/- ₹ 7,76,500/- ₹ 10,000/-	Property No. - 05 Raipur Main-II Branch (Mo. 9952442427)
मेसर्स प्रेक्षिका मल्टीट्रेड एण्ड इन्फ्रा प्रा.लि., दुकान नं. 30, भूतल, मेग्नेटो मॉल, एनएच 6, लाभाण्डी, रायपुर (छ.ग.) **निदेशक सह जमानतदार- 1. श्री सुरेश निहीचलानी पिता- श्री इदनदास निहीचलानी**, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर (छ.ग.) 2. **श्री विजय कुमार निहीचलानी पिता- श्री इदनदास निहीचलानी**, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर **(छ.ग.) बंधककर्ता सह जमानतदार- 1. श्रीमती कंचन निहीचलानी पति- श्री सुरेश निहीचलानी**, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर (छ.ग.) 2. **श्रीमती संध्या निहीचलानी पति- विजय कुमार निहीचलानी**, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर छ.ग.	1. **श्रीमती कंचन निहीचलानी** के नाम पर खसरा नं. 409/3, 409/11, 409/26, प.ह.नं. 114, टिकरापारा, रायपुर, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट द इम्प्रेसिया, प्रथम तल, फ्लैट नं 101 में स्थित आवासीय फ्लैट के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः दक्षिण की ओर**- फ्लैट नं. 102, **उत्तर की ओर**- गली, **पश्चिम की ओर**- फ्लैट नं. 104, **पूर्व की ओर**- फ्लैट नं. 103. 2. **श्रीमती संध्या निहीचलानी** के नाम पर खसरा नं. 409/3, 409/11, 409/26, प.ह.नं. 114, टिकरापारा, रायपुर, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट द इम्प्रेसिया, प्रथम तल, फ्लैट नं 103 में स्थित आवासीय फ्लैट के समस्त भाग व अंश ।. **चौहद्दीः दक्षिण की ओर** - गली, **उत्तर की ओर** - फ्लैट नं. 104, **पश्चिम की ओर**- फ्लैट नं. 102, **पूर्व की ओर**- फ्लैट नं. 102.	15.04.2023 11.07.2023 ₹ 63,44,209.77/- 13.04.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property- 1: ₹ 24,03,000/- ₹ 2,40,300/- ₹ 10,000/- Property- 2: ₹ 24,03,000/- ₹ 2,40,300/- ₹ 10,000/-	Property No. - 06 G.E. Road Raipur Branch (Mo. 9326911967)
ऋणी- श्रीमती नेहा देवांगन पत्नी- चंदन देवांगन एवं **श्री चंदन देवांगन पुत्र- भोलाराम देवांगन, दोनों का पता**- मठपारा दुर्गा चौक, किराना स्टोर के पीछे, रायपुर-छत्तीसगढ़ 492001.	मकान नं. आरपीआर567सी00738, खसरा नं. 178/46, प.ह. नं. 67, गणपति नगर, मौजा- चंगोराभाठा, खूबचंद बघेल वार्ड नं. 67, आरआईसी- रायपुर-1, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 935 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान । **चौहद्दी उत्तर**- संतराम साहू का मकान, **दक्षिण**-देवनारायण साहू का मकान, **पूर्व**- सड़क, **पश्चिम**- मीना बाई की भूमि ।	29.07.2024 09.10.2024 ₹ 26,71,901.72 29.07.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 29,58,000/- ₹ 2,95,800/- ₹ 10,000/-	Property No. - 07 Raipur Main Branch (Mo. 8349258891)
1. **श्रीमती तसनीम बेगम (ऋणी) पत्नी राशिद हुसैन तसनीम विला**, पहली मंजिल, अमानाका पं. रविशंकर शुक्ला नगर, रायपुर- 492001, 2. **श्री फजल अब्बास (सह-ऋणी) पुत्र जुल्फिकार हुसैन**, म.नं. 45/302, सदर बाजार, रायपुर- 492001, 3. **श्री राशिद हुसैन (सह-ऋणी)) पुत्र जुल्फिकार हुसैन तसनीम विला**, पहली मंजिल, अमानाका, पं. रविशंकर शुक्ला नगर, रायपुर- 492001.	खसरा नं. 382, 383/3, 384/2-क/18, (384/26/18), 383/5, प.ह.नं. 104/35, आरएनएम- रायपुर 1, प्लॉट नं. 20, शीट नं. 9, पंडित ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड नं. 14, मौजा- डुमरतालाब, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 2800 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः उत्तर**- प्लॉट नं. 205, **दक्षिण**- प्लॉट नं. 203, **पूर्व**- 10 फीट गली, **पश्चिम**- 30 फीट सड़क ।	06.11.2024 08.01.2025 ₹ 38,63,538.46 06.11.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 90,00,000/- ₹ 9,00,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 08 Sunder Nagar Raipur Branch (Mo. 8450900608)

EMD Deposit Details : EMD amount of 10% of the Reserve Price is to be deposited in E-Wallet of M/s PSB Alliance Private Limited (baanknet) portal directly or by generating the Challan therein to deposit the EMD through RTGS/NEFT in the account details as mentioned in the said challan on or before 21/04/2025.

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com** माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी । (1) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **21.04.2025**, सुबह **10.30** से सायं **4.30** बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है । (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का **25** प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष **75** प्रतिशत राशि का **15** दिन के अंदर भुगतान करेंगे । (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com** अथवा **Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें । (5) भविष्य में उत्पन्न होने वाले संपत्ति कर या सोसायटी रखरखाव से संबंधित सभी खर्च, जहां भी लागू हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 04.04.2025 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा ।

दिनांक : 03.04.2025 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

फार्म टू फोर्क पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

सस्टेनेबल सोया फूड्स से भारत में प्रोटीन की कमी हो सकती है पूरी

इंदौर। समाज में हो रहे आर्थिक बदलावों के साथ-साथ दुनिया की बढ़ती आबादी के चलते खेती के ज़रूरी संसाधनों, जैसे ज़मीन और पानी, पर दबाव बढ़ रहा है। अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की आबादी को 70त्न ज़्यादा प्रोटीन की ज़रूरत होगी, और विज्ञान कहता है कि सोयाबीन प्रोटीन का एक आदर्श स्त्रोत है। एक स्वस्थ समाज के लिए प्रोटीन एक आवश्यक तत्व है, लेकिन यदि यह ज़रूरत केवल जानवरों से मिलने वाले प्रोटीन से पूरी की गई, तो पर्यावरण को नुकसान होगा, ज़्यादा ग्रीनहाउस गैसें निकलेंगी और अधिक पानी व ज़मीन की आवश्यकता होगी। इसलिए, हमें प्रोटीन के मौजूदा स्त्रोतों को बेहतर बनाने और इंसानों के लिए नए, अच्छे और किफायती प्रोटीन विकल्प खोजने की ज़रूरत है, और यहाँ पर सोया एक आदर्श विकल्प बनकर सामने आया है। भारत में किए गए एक सर्वे के अनुसार, 85त्न भारतीयों में प्रोटीन की कमी है। यहाँ तक कि 80त्न मांसाहारी लोगों में भी प्रोटीन की कमी पाई गई है। प्रोटीन की कमी से शरीर के विकास और सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए, खाने में अच्छी गुणवत्ता वाले और किफायती प्रोटीन स्त्रोतों को शामिल करना आवश्यक है।

सोया फूड प्रमोशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन एक इंटरनेशनल सोया कांफ्रेंस कर रहा है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में सोया खाने की नई जानकारियाँ बाँटना और पोषण में सोया की भूमिका पर चर्चा करना है। इस कॉन्फ्रेंस में सोया खाने की नई और उभरती प्रवृत्तियाँ, सोया खाना बनाने में नई तकनीकी प्रगति, सोया के पोषण और सेहत के फायदे और सोया से जुड़े नए बिजनेस के मौकों पर विचार किया जाएगा। भारत की बड़ी सोया उत्पादक कंपनियाँ, जैसे यूएस सोयाबीन एक्सपोर्ट काउंसिल, सोनिक बायोकेम, विप्पी सोय पतंजलि फूड्स, मैरिको, सॉलिडारिडाड, सेवर, पीसीके, सीएसके फूडटेक, और बायोन्यूट्रिएंट्स इस कार्यक्रम में भाग ले रही हैं। इस कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के वक्ता और प्रतिभागी शामिल होंगे।

शेयर बाजार की गिरावट में नई लिस्टेड कंपनियों का निकला दम

50 प्रतिशत अपने इश्यू प्राइस से भी नीचे

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में पिछले साल सितंबर से शुरुआत हुई गिरावट में नई लिस्टेड आधी से अधिक कंपनियों के शेयर प्राइस अपने इश्यू प्राइस से नीचे फिसल गए हैं। पिछले वित्त वर्ष में करीब 78 कंपनियों के आईपीओ आए थे, जिन्होंने संयुक्त रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये का फंड जुटाया था। इनमें से करीब 34 कंपनियों के शेयर अपने इश्यू प्राइस से नीचे आ चुके हैं। वहीं, 10 शेयर जो कि डिस्काउंट पर लिस्ट हुए थे, अभी भी इश्यू प्राइस के नीचे कारोबार कर रहे हैं। इसके अलावा, बाकी के 24 शेयर जो उच्चतम स्तर पर खुले थे, अपनी बढ़त खो चुके हैं। गोदावरी बायोरिफाइनरीज, कैरारो इंडिया और वेस्टर्न कैरियर्स इंडिया के शेयर अपने इश्यू प्राइस से 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। सरस्वती साड़ी डिपो, टॉलिन्स टायर्स, श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग, एक्मे फिनट्रेड, इकोस इंडिया मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी, सुरक्षा डायग्नोस्टिक और बाजार स्टाइल रिटेल के शेयर अपने इश्यू प्राइस से 40 से 50 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहे हैं। इन आईपीओ में करीब 10 ऐसे शेयर हैं, जिनकी लिस्टिंग मजबूत हुई थी, लेकिन उन्होंने सभी लिस्टिंग गेन खो दी है, इसमें ममता मशीनरी, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस, यूनिमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग और डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स का नाम शामिल है। गिरावट के बाद भी कुछ आईपीओ ने निवेशकों को लिस्टिंग गेन के अतिरिक्त भी रिटर्न दिया है। इसमें केआरएन हीट एक्सचेंजर और रेफ्रिजरेशन, भारती हेक्साकॉम, क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक और ओरिएंट टेक्नोलॉजीज का नाम शामिल है। खास बात यह है कि इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) को लेकर लोगों में रुझान बढ़ा है। वित्त वर्ष 24 में हर आईपीओ को औसत 64 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था, जो कि वित्त वर्ष 22 में 16 गुना था।

संक्षिप्त खबरें

नगर पालिका अमलेश्वर में हुआ प्रेस क्लब का गठन

अम्लेश्वर/नवप्रदेश। अम्लेश्वर नगर पालिका क्षेत्र अमलेश्वर में अंचल के पत्रकार साथियों ने मिलकर प्रेस क्लब का गठन कर लिया। जिसका उद्देश्य क्षेत्र की सभी जन हित समस्याओं को प्रेस के माध्यम से शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करा कर त्वरित निराकरण कराया जाना है।साथ ही शासन द्वारा चलाये जाने वाली जन कल्याणकारी कार्यो को ज्यादा से ज्यादा आम जनों तक पहुंचाना हैं । प्रेस क्लब अम्लेश्वर के प्रथम अध्यक्ष करन साहू (पायोनियर न्यूज पेपर) चुने गए हैं, वहीं नारायण वर्मा उपाध्यक्ष (नव प्रदेश दैनिक अखबार न्यूज़), महासचिव डॉ अश्वनी साहू (डहरचला डाट काम न्यूज़ पोर्टल) बनाये गये है ,कोषाध्यक्ष के पद में होरीलाल साहू (War X News) ,संयुक्त सचिव गोविंदा सोनकर (Total News), संगठन सचिव आनंद राणा (War X News) ,सह सचिव महेंद्र निषाद (Tgb Media , TN wy) को बनाया गया है। वही हमारे अंचल के वरिष्ठ पत्रकार दिलीप साहू व ललित बिजौरा (शिक्षक) को वरिष्ठ सलाहकार एवं विशेष मार्गदर्शक सदस्य बनाए गए हैं।शेष कार्यकारिणी की गठन बहुत जल्दी ही किया जाएगा।

युवा पत्रकार करन साहू अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नारायण वर्मा बने

युवक की संदिग्ध मौत, हत्या का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम राटाकाट में एक युवक अपने घर में मृत अवस्था में मिला। मामले में आरंग पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक खोरबाहरा निशा 35 वर्ष राटाकाट का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक खोरबाहरा अपने घर के कमरे में मृत अवस्था में मिला। मामले में आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाया। जिससे पता चला कि खोरबाहरा की मौत दम घुटने से हुआ है। जिससे पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कपड़ा शोरूम से 29 लाख 60 हजार से अधिक की रकम पार

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरी स्थित श्री शिवम शोरूम से अज्ञात चोर ने काउंटर के दराज में रखे नकदी 29 लाख 60 हजार से अधिक रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय राठी 52 वर्ष महेश कालोनी श्रीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी का पंडरी में श्री शिवम शोरूम नाम से कपड़ा दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर दुकान के अंदर पहले से ही छीपा था। प्रार्थी ने रात में दुकान बंद कर चला गया। जिसके बाद आरोपी ने दुकान के काउंटर में रखे नकदी 29 लाख 60 हजार 774 रुपए निकाल लिया और छत के दरवाजे का कुंदा तोड़कर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

निर्माणाधीन अस्पताल से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा ओव्हर ब्रीज स्थित निर्माणाधीन अस्पताल से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लोकेश्वर प्रसाद वर्मा 41 वर्ष अविवा गार्डन दलदल सिवनी का रहने वाला है। प्रार्थी ने मोवा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके निर्माणाधीन अस्पताल में प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़कर 13 बंडल केबल वायर, हेमर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 88 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में श्याम नगर तारू सिंह चौक निवासी विवेक कुश्वाहा 23 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनडी 1501 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में आकाश नगर बीरगांव निवासी प्रार्थी राजकुमार नाइक 36 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचवाय 3949 को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जैन परिवहन के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में ग्राम कोतवापारा खरोरा निवासी मुकेश वर्मा 30 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 8098 को नगर निगम गार्डन के सामने खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मोतीपुर के अवैध कॉम्प्लेक्स पर चला प्रशासन का बुलडोजर

- मोतीपुर के ग्रामवासियों ने कलेक्टर जनदर्शन में की थी अवैध कब्जे की शिकायत
- ग्रामीणों ने कहा बिना किसी भेदभाव के सभी अवैध निर्माणों पर हो कार्यवाही

पाटन/नवप्रदेश। मोतीपुर के अवैध निर्माण पर गुरुवार को प्रशासन ने आखिरकार तोड़फोड़ की करवाई शुरू कर दी। मोतीपुर के ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में इसकी शिकायत की गई थी।

अमलेश्वर से पाटन जाने वाले मुख्य मार्ग के बीच में मोतीपुर के अवैध कब्जों पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। मुख्य मार्ग मोतीपुर में कब्जाधारियों के खिलाफ शिकायत लगातार प्रशासन को मिल रही थी। जिस पर निर्माण कार्य चल रहा है, उस पर प्रशासन ने तोड़फोड़ की करवाई की।

मोतीपुर के सरपंच मोहन लोधी ने बताया ग्रामीणों के साथ मिलकर कलेक्टर से जनदर्शन में खसरा क्रमांक 326 के तहत हो रहे कब्जों को लेकर शिकायत की गई थी। उस सिलसिले में निर्माणाधीन परिसर पर कार्रवाई की गई।

सरपंच मोहन लोधी ने कहा कि खसरा क्रमांक-326 के तहत जो भी अवैध निर्माण कार्य हुए हैं, उस पर कार्रवाई हो रही है और आगे भी अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासनिक करवाई जारी रहेगी।

मोतीपुर के ग्रामीणों ने कहा कि तोड़फोड़ की कार्रवाई सभी अवैध निर्माण कार्यों पर हो ना की पक्षपात पूर्ण तरीके हो गरीब और लाचार पर ही कार्रवाई न हो सामान रूप से सभी अवैध निर्माण कार्यों पर प्रशासन को करवाई करना चाहिए। अवैध कब्जों में तोड़फोड़ के समय ग्रामीणों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और अम्लेश्वर थाने का स्टॉफ मौजूद था।

तहसीलदार मीना साहू ने बताया कि लगातार मोतीपुर में रोड पर के आसपास अवैध कब्जा की शिकायत मिल रही थी। जिसके तहत प्रशासन ने गुरुवार को अवैध कब्जों पर जेसीबी चलाया है। उन्होंने आगे बताया कि जिस परिसर का निर्माण हो चुका है। उसे पर भी कार्यवाही आगे जारी रहेगी खसरा नंबर 326 के तहत इसकी शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।

धर्म नगरी 'डोंगरगढ़' में अधर्म का खेल

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ में लाखों रुपए की अवैध शराब की खेप मिलने का खुलासा पिछले दिनों पुलिस ने किया था। अब इस मामले में और चौंकाने वाले खुलासे हुए है और पुलिस ने अब इस पूरे खेल से जुड़े 8 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। शराब जब्त किए जाने के बाद इस मामले में राजनीति शुरू हो गई थी और आरोपियों को गिरफ्तार न किए जाने का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने कई गंभीर आरोप लगाये थे।

दरअसल डोंगरगढ़ में अवैध शराब तस्करी के बड़े रैकेट का आज भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने करवारी रोड स्थित एक फार्महाउस में छापा मारकर लगभग 27 लाख रुपये मूल्य की 3888 बल्क लीटर शराब जब्त की। यह शराब मध्यप्रदेश से लाकर छत्तीसगढ़ में बेचने के लिए तैयार की जा रही थी। इस कार्रवाई में फार्महाउस मालिक रोहित नेताम उर्फ सोनू सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

29 मार्च को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि करवारी रोड पर स्थित रोहित नेताम के फार्म हाउस में अवैध शराब का बड़ा स्टॉक डंप किया गया है। पुलिस तक सूचना पहुंचने के साथ साथ तस्करों को भी इसकी भनक लग गई और वे सब लाखों की शराब छोड़ फार्म हाउस से

फरार हो गए। पुलिस को फ़ार्म हाउस में जांच के दौरान शराब की बोतलों पर छत्तीसगढ़ का नकली लेबल मिला। जिसे स्थानीय बाजार में बेचा जाता था। साथ ही फार्महाउस में 432 पेटी शराब, हजारों की संख्या में खाली बोतलें, नकली स्टिकर, होलोग्राम और अन्य सामग्री भी बरामद हुई। लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस की जम कर किरकिरी हो रही थी।

इस रैकेट का सरगना रोहित नेताम उर्फ सोनू पुलिस के लिए कोई नया नाम नहीं था। पहले से ही अवैध शराब, मारपीट और जुए से जुड़े कई मामले उसके खिलाफ दर्ज हैं। वह तस्करी के इस धंधे को हाईटेक तरीके से संचालित कर रहा था। उसने अपने फार्महाउस में सीसीटीवी कैमरे और वाईफाई लगा रखा था, जिससे किसी भी संदिग्ध हलचल की जानकारी उसे मोबाइल पर तुरंत मिल जाते थे। छापे के दौरान भी वह कैमरे के जरिए पुलिस की रेड को लाइव देख रहा था और मौका पाकर फरार हो गया। हालांकि, बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी को पकड़ने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम बनाई गई, जिसमें डोंगरगढ़ थाना और साइबर सेल के अधिकारी शामिल थे। इस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, संदिग्धों की पहचान की और अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना रोहित नेताम के अलावा दलजीत सिंह उर्फ राजा, मोहित कुर्रे, रवि कंडरा, सिद्धार्थ पुल्ले, सोनू यादव, विशाल मिश्रा और भुवन कंडरा शामिल हैं. इन सभी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें अवैध शराब तस्करी, अपहरण, मारपीट और जुआ जैसे अपराध शामिल हैं।

पुलिस ने इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन अब सवाल यह है कि क्या यह पूरा नेटवर्क सिर्फ इन्हीं लोगों तक सीमित है? फार्महाउस से मिले नकली होलोग्राम, स्टिकर और सरकारी सीलिंग रोल यह इशारा कर रहे हैं कि शराब तस्करी का यह कारोबार किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है। फिलहाल, पुलिस सभी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस मामले में शामिल अन्य की तलाश जारी है।

कैसे चल रहा था अवैध शराब का नेटवर्क?

यह गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था. मोहारा निवासी छोटा कट्टी उर्फ नंदकुमार वर्मा और उसका साथी 'हड्डी' मध्यप्रदेश से शराब लाकर रोहित नेताम के फार्महाउस में डंप करते थे। इसके बाद यहां नकली स्टिकर और होलोग्राम लगाकर इसे छत्तीसगढ़ ब्रांड की शराब बना दिया जाता था। फिर देर रात स्कूटी से छोटे-छोटे पैक में भरकर यह शराब शहर के अलग-अलग इलाकों में बेची जाती थी। रोहित नेताम ने अपने घर पर एक किराना दुकान की आड़ में इस अवैध शराब की बिक्री का पूरा सेटअप बना रखा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इस गिरोह का नेटवर्क और भी बड़ा हो सकता है और इसमें कुछ रसूखदार लोग भी शामिल हो सकते हैं।

यातायात सिपाही पर हमला करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। यातायात पुलिस के जवान पर ड्यूटी करने के दौरान हमला करने वाले 03 आरोपियों को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर थाना जांजगीर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खोखरा स्थित मां मनका दाई मंदिर में यातायात सुरक्षा व्यवस्था हेतु यातायात पुलिस आरक्षक की ड्यूटी लगाई गई थी। इसी दौरान एक मार्च 2025 को यातायात पुलिस आरक्षक द्वारा मां मनका दाई मंदिर खोखरा मंदिर के मुख्य मार्ग में ड्यूटी कर रहा था जो रात्रि लगभग 07.00 बजे एक मोटर सायकल में दो व्यक्ति सवार होकर मां मनका दाई मंदिर के तरफ जाने लगे। इस दौरान गाड़ी को पार्किंग में लगाने की बात को लेकर चार लोगो ने पुलिस कर्मी पर हमला कर दिया। जिसकी शिकायत के बाद जांजगीर पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की। मामले में पुलिस ने आरोपी दीप कुमार सूर्यवंशी, बादल सूर्यवंशी और अजय कुमार सूर्यवंशी को पकड़ लिया है। वही घटना में प्रयुक्त मो.सा. बजाज सीटी-100 को जप्त किया गया। मामले में तीनो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

रायपुर में होगा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच डे-नाइट वन डे मैच

रायपुर/नवप्रदेश। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 3 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला डे-नाइट वन डे मैच, छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक घटना बन जाएगा। बीसीसीआई ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है।

यह मैच 2025 में भारत में होने वाले सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा 14 नवंबर से शुरू होगा। इस दौरे में दो टेस्ट मैच, तीन वनडे मैच और पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। 3 दिसंबर को आयोजित होने वाला यह वनडे मैच रायपुर में खेला जाएगा, जो छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा। इससे पहले, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने 21 जनवरी 2023 को भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैच और 1 दिसंबर 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 मैच की मेजबानी की थी। इसके अलावा, यह भी चर्चा है कि महिला वर्ल्ड कप क्रिकेट 2025 के दौरान, सितंबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के दो मैच रायपुर में खेले जाएंगे, जो इस क्षेत्र के लिए एक और बड़ी उपलब्धि होगी।

हाथी के हमले से युवक की मौत

बलरामपुर /नवप्रदेश। बलरामपुर जिले के सेमरसोत अभ्यारण अंतर्गत ग्राम पंचायत घाघरा में गुरुवार सुबह मक्के के खेत में पानी पटाने गए युवक को हाथी ने कुचलकर मार डाला। हाथी के हमले के दौरान भाग रहे दो अन्य युवक गिरकर घायल हो गए हैं। सूचना पर अभ्यारण के वनकर्मी मौके पर पहुंचे। बलरामपुर जिले में चार दिनों में हाथी के हमले में यह चौथी मौत है।

जानकारी के मुताबिक, सेमरसोत अभ्यारण अंतर्गत कोदौरा रेंज के ग्राम पंचायत घाघरा का निवासी दिनेश पोया (35) अपने दो साथियों रामकरण गोंड़ (40) एवं रोहित नागवंशी (24) के साथ मक्के की फसल में पानी देने के लिए सुबह करीब पांच बजे खेत में गए थे। मक्के के खेत में तड़के तीन बजे से एक हाथी घुसा हुआ था। हाथी की मौजूदगी की जानकारी मिलने पर तीनों युवक भागने लगे।

एक को कुचला, गिरकर दो घायल : दिनेश पोया को खेत में हलचल का एहसास हुआ तो वह मक्के के खेत में घुसा, जहां हाथी ने उसे पकड़कर पटक दिया। शोर सुनकर उसके साथी रामकरण और रोहित भाग निकले। हाथी ने दिनेश पोया को पटक-पटककर मार डाला। रामकरण एवं बिरजू ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक दिनेश पोया की मौत हो गई थी।

पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव : घटना की सूचना पर कोदौरा रेंजर एवं वनकर्मियों के साथ कोदौरा पुलिस मौके पर पहुंची। दिनेश पोया के शव को पंचनामा पश्चात् पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घर में मृतक की पत्नी राजमुनी एवं 2 बच्चे हैं।

बलरामपुर में चार दिनों में चौथी मौत

बलरामपुर जिले में हाथी के हमले में चार दिनों में यह चौथी मौत है। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के ग्राम फुलवार में सोमवार शाम हाथी ने दंपती पर हमला कर दिया था। हाथी ने महिला अस्मीना अंसारी के हाथ उखाड़ दिए थे, जिसकी अंबिकापुर में मौत हो गई। उसका पति उस्मान अंसारी घायल है।

वहीं फुलवार में हमले के बाद उक्त हाथी रामपुर पहुंच गया। तड़के करीब 3 बजे महुआ बीनने के लिए खेत में गए दुर्गा प्रसाद (48) को पटक-पटककर मार डाला। दुर्गा प्रसाद अंबिकापुर कमिश्नर आफिस का प्यून था।

वहीं बुधवार को एक जंगली हाथी ने महुआ बिनने गई पहाडी कोरवा महिला गिद्दी कोरवा (50) को मार डाला था। वह अपने पति सुखू लाल कोरवा और ग्रामीणों के साथ जंगल महुआ बिनने गई थी।

पुलिस ने पकड़ा बिना वैध दस्तावेज के 3 करोड़ रुपए का सोना

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा पुलिस ने अवैध रूप से बिना बिल और वैध दस्तावेजों के लाए जा रहे लगभग 3 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण सहित 8.40 लाख रुपये नगद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई थाना कवर्धा पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर की गई, जिसमें दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया और सोने के परिवहन के संबंध में पूछताछ की गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति बिना दस्तावेजों के भारी मात्रा में सोना लेकर जा रहे हैं। इस पर थाना कवर्धा पुलिस ने नाकाबंदी कर एक वाहन को रोका, जिसमें उमाशंकर साहू (निवासी भगत चौक, टिकरापारा, रायपुर) और जावेद जिवानी (निवासी फव्वारा चौक, बैरन बाजार, रायपुर) सवार थे। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो गाड़ी में 4 किलो सोना होना बताया जिस पर पुलिस ने दोनों को वाहन और माल मशरूका सहित थाना लाकर थाना सीसीटीवी और वीडियो कैमरा में समक्ष उनकी तलाशी ली, तलाशी लेने पर उनके कब्जे से सोने के अलग अलग आभूषण जिसका कुल वजन 4000.700 ग्राम था, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 3 करोड़ रुपये है जप्त किया गया।

गरज-चमक-बौछार | अगले 2 दिन के लिए बारिश का अलर्ट जारी

छत्तीसगढ़ में फिर बदला मौसम का मिजाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग में अगले दो दिनों तक बारिश और ओला गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अप्रैल का पहला सप्ताह ठंडक भरा रहेगा। जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिलेगी। हालांकि, सप्ताह के अंत तक मौसम साफहो जाएगा और दूसरे सप्ताह से फिर से गर्मी बढ़ने लगेगी। दक्षिणी छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र तक बने चक्रवातीय दबाव के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। इस प्रभाव से प्रदेश में अगले 3-4 दिनों तक मौसम ठंडा और सुहावना रहेगा। मौसम विभाग ने 2, 3 और 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

2 अप्रैल: सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, बिलासपुर, रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, सुकमा, बीजापुर सहित अन्य जिले हैं।

3 अप्रैल: कोरिया, मनेंद्रगढ़, बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर आदि जिले.

4 अप्रैल: बस्तर, कांकेर, नारायणपुर, सरगुजा, गरियाबंद, धमतरी सहित अन्य जिले.

रायपुर: 38.4°C (अधिकतम) 7 24.2एष्ट (न्यूनतम)

बिलासपुर: 37.4°C (अधिकतम) 7 23.3°C (न्यूनतम)

अंबिकापुर: 34.8°C(अधिकतम) 7 15एष्ट (न्यूनतम, प्रदेश में सबसे कम)

जगदलपुर: 37.7°C(अधिकतम) 7 24.7°C (न्यूनतम)

राजनांदगांव: 39.5°C(अधिकतम) 7 22°C (न्यूनतम)

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल के तीसरे और चौथे सप्ताह में लू (हीटवेव) की स्थिति बन सकती है, जिससे तापमान 4-5 डिग्री तक ऊपर जा सकता है। रात में भी गर्म हवाएं महसूस होंगी।

जाऊलकर अस्पताल के पार्किंग में कैफे, नोटिस जारी

रायपुर/नवप्रदेश। बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स में पार्किंग की व्यवस्था पर सख्ती बरतते हुए नगर निगम अब जुर्माने के साथ ही व्यवस्था बहाल करने के लिए काम्पलेक्स मालिक व संचालकों को अल्टीमेटम दे रहा है। इसी अभियान के चलते चौबे कॉलोनी एरिया में स्थित डॉक्टर जाऊलकर द्वारा अपनी बिल्डिंग की पार्किंग में स्प्राउट हॉउस कैफे खोल दिया है। इसे संज्ञान में लेते हुए जोन कमिश्नरी ने एक दिन का अल्टीमेटम देकर उन्हें पार्किंग सुनिश्चित करने कहा है। वहीं समता कालोनी मुख्य मार्ग में 5 दुकानों बीकानेर स्वीट्स, गोली फॉस्ट फूड़, अपना मार्ट, जूसी फैक्ट्री और पोहे वाला को पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सीलबंद कर दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com